राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

खबरों की बुलंद आवाज

# उज्ज्वल दुनिया

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 10 | पृष्ठ 12 | अंक 83 | रांची, सोमवार, 14 अक्टूबर 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com


**आज का दिन**

बहादुरी और अनुशासन के पर्यायवाची रहे सेकेंड लेफि्टनेंट अरुण खेत्रपाल का जन्म 14 अक्टूबर 1950 को पूना में एक फौजी परिवार में हुआ था। 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र का सम्मान दिया गया।



# भगवान श्री राम के आदर्शों को आत्मसात करें : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन विजयादशमी के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में हुए सम्मिलित

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं



दशहरा का त्यौहार असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म, अन्याय पर न्याय और बुराई पर अच्छाई का विजय पर्व है। हम आज इस त्यौहार को हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं । एक -दूसरे के साथ मिलजुल कर इस पर्व की खुशियों को बांट रहे हैं। इस अवसर पर सभी राज्य वासियों को दशहरा एवं विजयदशमी की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन विजयादशमी के पावन अवसर पर पंजाबी-हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी द्वारा मोरहाबादी मैदान में आयोजित ₹रावण दहन₹ कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

**भगवान श्री राम के आदर्शो को आत्मसात करें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सदियों से दशहरा का त्योहार इसलिए मनाते आ रहे हैं कि इस दिन भगवान श्री राम ने रावण का वध किया था। आज हर वर्ष की भांति इस बार भी रावण दहन कार्यक्रम में यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु जन मौजूद हैं। । हम सभी भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और सत्य एवं सदाचार के रास्ते पर आगे बढ़ें।

**मुख्यमंत्री ने रावण का फूंका पुतला, कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से मोहा दिल**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए रावण का पुतला फूंककर अन्याय पर न्याय की जीत का संदेश दिया।

इस अवसर पर लंका दहन तथा कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले फूंके गए। वहीं, लोक कलाकारों ने भव्य रामदरबार दर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सभी का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री ने भगवान राम, लक्ष्मण एवं सीता माता का रूप धारण किए कलाकारों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर आतिशबाजी का मनभावन नजारा भी दिखा। मोरहाबादी मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ, विधायक श्री सीपी सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर श्री संजीव विजयवर्गीय, पंजाबी- हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी के अध्यक्ष श्री सुधीर उग्गल एवं दशहरा कमेटी के अध्यक्ष श्री कुणाल अजमानी, पंजाबी- हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी के उपाध्यक्ष श्री रणदीप आनंद सहित अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।






## 'पीएम गति शक्ति' भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति और नए अवसरों का सृजन : पीएम

नई दिल्ली। रविवार को 'पीएम गति शक्ति' पहल के तीन साल पूरे हो चुके हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'पीएम गति शक्ति' के भारत की बुनियादी ढांचे और विकास पर पड़ने वाले प्रभाव का जिक्र किया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'माई गवर्नमेंट इंडिया' ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, ₹आज हम पीएम गति शक्ति के तीन साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, जिसे पीएम मोदी ने लॉन्च किया था। यह अभूतपूर्व पहल भारत के बुनियादी ढांचे को और अधिक स्मार्ट और एकीकृत बना रही है, आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रही है और विकास के भविष्य को आकार दे रही है।

इस पोस्ट पर पीएम मोदी ने लिखा, गति शक्ति की बदौलत देश विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने के लिए गति के साथ आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।

इसके अलावा, उन्होंने इस दूसरे पोस्ट में लिखा, पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे सभी क्षेत्रों में तेज और अधिक कुशल विकास हुआ है। इसने लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा दिया है, देरी कम हुई है और कई लोगों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं।

## रांची में मां दुर्गा सहित अन्य मूर्तियों को विसर्जित कर दी गयी अंतिम विदाई

**रांची।** नवरात्र के 10 दिनों तक चलने वाले दुर्गा उत्सव का समापन मां भवानी के विसर्जन विदाई शोभा यात्रा के साथ संपन्न हुआ। राजधानी रांची के विभिन्न पूजा पंडाल में विराजित मां की प्रतिमा का विदाई विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। रांची के बड़ा तालाब में भक्तों ने मां दुर्गा को नम आखों से अंतिम विदाई दी। मां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, भगवान गणेश, कार्तिकेय और असुर राज महिषासुर के मूर्ति को बड़े वाहनों पर विराजमान कर शहर के विभिन्न क्षेत्र से भ्रमण करते हुए शहर के विभिन्न जलाशयों में विसर्जित की गई।

## गढ़वा में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर तनाव, पुलिस ने किया लाठीचार्ज, पत्थरबाजी में एएसपी चोटिल

पलामू। पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिले के भंडरिया प्रखंड के मदगड़ी गांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर माहौल तनावपूर्ण हो गया है। यह स्थिति पिछले 24 घंटे से बनी हुई है। दुर्गा पूजा समिति के लोग लाइसेंस में निर्धारित रास्ते से ही दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए अड़े हुए हैं जबकि प्रशासन की ओर से इस रूट पर निषेधाज्ञा लगाया गया है।

रविवार को पुलिस प्रशासन की ओर से विवादित रास्ते पर लगाये गये बैरिकेटिंग को तोड़ने के प्रयास के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज की घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। वहीं आक्रोशित लोगों ने पत्थरबाजी करते हुए पुलिस को एक किमी तक खदेड़ दिया। इस पूरे घटना में एएसपी राहुल देव बड़ाइक गंभीर रूप से चोटिल हो गये। उनके सिर में गंभीर रूप से चोट लगी है। माहौल तनावपूर्ण होता देख पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े।




# रामगढ़ में सार्वजनिक दशहरा समिति एवं सूरज हॉल समिति ने किया भव्य रावण दहन समारोह का आयोजन, सांसद और विधायक हुए शामिल

रामगढ़

**धू ,धूकर जला 110 फीट का रावण 85 फीट का कुंभकरण और 80 फीट का मेघनाथ**

**सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा: रावण दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है**

**हमें मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिएः विधायक सुनीता चौधरी**





रामगढ़ में विजयादशमी की धूम देखने को मिली. रामगढ़ में इस मौके पर कई जगह रावण दहन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया. रामगढ़ जिला का सबसे बड़ा मुख्य व भव्य रावण दहन समारोह सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज और समिति के द्वारा रामगढ़ शहर के बाजार टांड स्थित सिद्धू कान्हु जिला मैदान में आयोजित किया गया। इसमें सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी विधायक श्रीमती सुनीता चौधरी शामिल हुए। सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति के पदाधिकारियो और सदस्यों के द्वारा मुख्य अतिथि सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और विशिष्ट तिथि विधायक सुनीता चौधरी को बैच लगाकर माला पहनाकर पगड़ी पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर, बुके देकर व मोमेंटो यानी स्मृति चिह्न देकर जोरदार स्वागत, सम्मानित किया गया। स्वागत और सम्मानित करने के बाद समिति के पदाधिकारियो मुख्य संरक्षक मनोज महतो, सचिव महावीर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गोयनका, उपाध्यक्ष गंगा भगत, रविंद्र सिंह बीटी सह सचिव दिनेश स्टील राकेश गुप्ता, दिनेश शर्मा, अनुज कुमार मित्तल अभिमन्यु कुशवाहा व सदस्यों के द्वारा मुख्य अतिथि सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को 51 किलो का विशाल माला भी पहनाया गया। शानदार आतिशबाजी के बीच रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतलों का दहन किया गया. मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और विशिष्ट अतिथि रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी ने जैसे ही तीनों पुतलों में आग लगाई, वहा जमा करीब 50 हजार की भीड़ ने ₹जय श्रीराम₹ के नारे लगाए। सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति के द्वारा

इस बार भी रावण 110 फीट कुंभकार 85 फीट और मेघनाथ का 80 फीट का विशाल पुतला बनवाया गया था। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और विधायक सुनीता चौधरी ने इस मौके पर राज्य की जनता को दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें असत्य पर सत्य की विजय की याद दिलाता है. उन्होंने कहा कि हमें मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। सांसद और विधायक ने भी ₹जय श्रीराम₹ के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि रावण दहन से राज्य और देश को रामगढ़ के ऐतिहासिक सिद्धू कान्हु मैदान से एक संदेश जाएगा. उन्होंने कहा कि रावण दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है. यह संदेश देता है कि असत्य पर हमेशा सत्य की विजय होती है. रावण दहन का यह कार्यक्रम सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति के द्वारा आयोजित किया गया था। यहां रावण का 110 फीट, कुंभकर्ण का 85 फीट और मेघनाद का 80 फीट का पुतला बनाया गया था. पुतलों के दहन के पहले

आतिशबाजी कलाकारों की शानदार आतिशबाजी से पूरा आसमान जगमगा उठा।

रावण दहन समारोह देखने के लिए मैदान में करीब 50 हजार लोगों महिला पुरुष बच्चों की भीड़ जमा हुई थी। धन्यवाद ज्ञापन और मंच का संचालन समिति के सचिव महावीर अग्रवाल ने किया।

## सार-संक्षेप

### गिद्दी ए दुर्गा मंडप में हुआ डांडिया नृत्य का आयोजन



**गिद्दी।** श्री श्री दुर्गा मंडप के प्रांगण में महाष्टमी के मौके पर सिटीजन फोरम स्कुल और किड्स वर्ल्ड स्कुल के बच्चों के द्वारा भव्य रंगारंग और डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। दुर्गतिनाशिनी माँ दुर्गा के समक्ष भक्तिभाव से बच्चों द्वारा नृत्यांजलि दी गई। श्री श्री दुगार्पूजा समिति गिद्दी के सहयोग एवं भारत स्काउट एंड गाईड्स के जिला उपाध्यक्ष उदय शंकर भट्टाचार्य के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलाकारों को केशरी मोबाईल जोन गिद्दी की ओर से 30 मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में गणेश थापा, नंदिनी,श्रेया, रौशनी, अमित एवं सुमित सागर सोनी द्वारा सहयोग किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूजा समिति के पूर्व प्रदीप प्रसाद उर्फ दीपू अखौरी एवं सचिव रणधीर सिंह द्वारा डांडिया प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

### ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का बढ़ता है संचार:मनीष जयसवाल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल ने नवरात्रा के पावन अवसर पर मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के दर्शन को लेकर पतरातू प्रखंड के विभिन्न पूजा-पंडाल पहुंचे। जहां सांसद मनीष जयसवाल ने मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के समक्ष पूजा-अर्चना की व मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। मौके पर मनीष जयसवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही क्षेत्र में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

उन्होंने कहा ऐसे आयोजनो से श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का भी अवसर मिलता है। इधर रिभर साईड बुध बाजार स्थित शास्त्री पार्क में दुर्गा पूजा समिति व पुरोहित द्वारा सांसद मनीष जयसवाल को चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर सत्येंद्र नारायण सिंह, पूजा समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र सिन्हा उर्फ नप्पु, सचिव विणु भगत, कोषाध्यक्ष आनंद शर्मा, संजय रवि, अनिल, राजन, विक्की, राजू मल्होत्रा, सरोज सिंह,, मिथिलेश राय सहित कई श्रद्धालु मौजूद थें।

# सच्चे मन से मन्नतें मांगने वालों की हर मनोकामना पूरा करती है मां दुर्गा

गिद्दी

**बुराई पर अच्छाई की,असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दुर्गा पूजा संपन्न**

**सुख समृद्धि की हुई कामना**

**मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं को नम आंखो से दी गई विदाई**

कोयलांचल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन और रावण दहन के साथ दशहरा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। इसके पूर्व दुर्गा पूजा के नौंवे दिन नवमी के अवसर पर शुक्रवार को मां सिद्धिदात्री की पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद कन्या पूजन व भोग प्रसाद आदि कार्यक्रम कराए गए। तत्पश्चात हवन, पुणार्हुति आदि धार्मिक अनुष्ठान के बीच शनिवार को पूजा संपन्न हो गया। इस दौरान मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिके सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति उदघोषों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। कोयलांचल के गिद्दी ए, रेलीगढा, गिद्दी सी,गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी, अरगड्डा, सिरका, जीएम कार्यालय सिरका, रिकवा,होसिर,चुंबा सहित अन्य क्षेत्रों में दुर्गा पूजा धूमधाम एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। विजयदशमी के दिन नम आंखों से मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं का विसर्जन किया गया। वहीं कई गिद्दी ए में सोमवार को नम आंखों से मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के प्रतिमाओं का विजर्सन किया जाएगा। जबकि रेलीगढा में भव्य आतिश बाजी के साथ रावण दहन किया गया और प्रतिमा का विसर्जन मरनगढ़ा नदी में पुरे बाजे गाजे के साथ किया गया।

## श्री श्री दुर्गा पूजा एवं मंडप निर्माण समिति गिद्दी ए ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**गिद्दी।**श्री श्री दुर्गा पूजा समिति श्री श्री मंडप निर्माण समिति गिद्दी ए के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूजा समिति के पूर्व सचिव प्रदीप प्रसाद अखोरी को सम्मानित किया गया जिसमें पूजा समिति के सचिव और मंडप निर्माण समिति के सह सचिव बसंत रवानी के तरफ से अंग वस्त्र देकर प्रदीप प्रसाद उर्फ दीपू अखौरी को सम्मानित किया गया। साथ ही सह सचिव विजय कुमार, मेला समिति के सचिव गिरजा सिंह के द्वारा माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में पूजा समिति और मंडप निर्माण समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। इस मौके पर बबलू सिंह, रविंद्र सिंह, प्रकाश सिंह, उपेंद्र शर्मा, धनंजय मिश्रा, शशि सिंह राजबल्लभ सिंह, दिलीप सिंह, सूरज चंद्र गोस्वामी, अवतार कुमार, जितेंद्र राणा, रमेश कुमार, जयदीप मुखर्जी, राजेंद्र महतो, सुरेश कुमार, जीवेश राणा आदि सदस्य मौजूद थे।

# सच्ची मन से मन्नतें मांगने वालों की हर मनोकामना पूरी करती है माँः अम्बा प्रसाद

भुरकुंडा (रामगढ़)

**असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दुर्गा पूजा संपन्न, हरियाली-खुशहाली की हुई कामना**

**मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं को नम आंखो से दी गई विदाई**



कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ दशहरा पूजा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इसके पूर्व दुर्गा पूजा के नौंवे दिन नवमी के अवसर पर शुक्रवार को मां सिद्धिदात्री की पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित राधे मोहन मिश्रा और रंजीत मोहन मिश्रा द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद कन्या पूजन व भोजन आदि अनुष्ठान हुए। तत्पश्चात हवन, पुणार्हुति आदि धार्मिक अनुष्ठान के बीच शनिवार को पूजा संपन्न हो गया। इस दौरान मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिक सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति उदघोषों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। कोयलांचल के भुरकुंडा थाना चौक, पटेलनगर, बिरसा चौक, हॉस्पीटल कॉलोनी, जवाहरनगर, सौंदा डी, रीवर साईड, सेंट्रल सौंदा, भदानीनगर क्षेत्र के आईएजी ग्लास फैक्ट्री, चोरधरा, कुरसे, बासल क्षेत्र के बलकुदरा, रसदा, लबगा, गेगदा सहित अन्य क्षेत्रों में दुर्गा पूजा धूमधाम एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। विजयदशमी के दिन शनिवार को अश्रु भरे नम आंखों से मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं को पतरातू डैम सहित अन्य जलाशयों में विसर्जित किया गया। वहीं कई क्षेत्रों में रविवार को नम आंखों से मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के प्रतिमाओं का विजर्सन किया गया। इधर बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा के समक्ष मत्था टेका। साथ ही क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर अंबा प्रसाद ने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। विधायक ने कहा कि मां दुर्गा सच्ची मन से मन्नतें मांगने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करती है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, अमित साहु व राजकिशोर पांडेय, जयंत तुरी, अंजन प्रसाद, विनोद साव, चंदन साव सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद थे।

पूजा को ले विधि-व्यवस्था बनाए रखने में भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल थाना थाना प्रभारी दल-बल के साथ मुस्तैदी से डटे रहें। इधर जवाहर नगर, रिक्रेशन क्लब थाना मैदान, सेंट्रल सौंदा, आईएजी ग्लास फैक्ट्री, सयाल सहित अन्य क्षेत्रों में विजयदशमी के दिन रावन दहन किया गया। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

# जरूरतमंदों की सेवा करते रहेगा लायंस क्लबः रेखा वर्णवाल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने पिछले सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित रामकुमार पाठक द्वारा शीतला माता की पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद मां को भोग लगाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत करीब 300 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। इस दौरान लायंस क्लब के लोगों ने सभी खीर रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया।

बताया गया कि लायंस क्लब द्वारा प्रत्येक शनिवार को भंडारा का आयोजन जारी रहेगा। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। मानव सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, एमजेएफ संजय जायसवाल, विजयंत कुमार, दीनबंधु सिंह, निर्मल अग्रवाल, डॉ एमके मंजुल, प्रमोद शर्मा, रेणु जायसवाल, रेखा मंजुल, सीमा यादव, सरिता देव का विशेष योगदान रहा।

## पोटमदगा में श्री श्री प्राचीन दुर्गा मंदिर पूजा समिति के तत्वावधान में हुआ भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन

**दुलमी।** प्रखंड क्षेत्र के पोटमदगा स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में बीते रात्रि को श्री श्री प्राचीन दुर्गा मंदिर पूजा समिति के तत्वावधान में जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें द ग्रेट म्यूजिकल ग्रुप रजरप्पा के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक धार्मिक गीत प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना गीत से किया गया। इसके बाद शिवम, विकास कुमार, रीना माही, सुनील भारती, प्रियंका शर्मा शंकर, महेश राज आदि भक्ति जागरण के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक कर्ण प्रिया भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। जिसे सुनकर उपस्थित दर्शक जमकर झूमे। भक्ति जागरण कार्यक्रम में कीबोर्ड पर सतीश कुमार पैड पर सुनील कुमार नाल पर मदन ढोल पर निरंजन ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। मौके पर अध्यक्ष बीरबल करमाली सचिव अमित कुमार कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार संरक्षक प्रकाश महली, दिलीप ठाकुर, चंदन महतो, आशेश्वर पाहन, किशोरी महतो, रविंद्र भगत, रोहित पहान, रूपलाल साहू, बजरंग साहू, सुधन महतो, राजू केवट, छोटन केवट, जयंत करमाली, वीरेंद्र कुमार, सुभाष ठाकुर, छत्रपति ओहदार, पवन प्रजापति, सत्येंद्र महली आदि उपस्थित थे।

## अपने अंदर के अहंकाररूपी रावण पर विजय पाना ही है दशहरे का प्रतीक : आशुतोष

विजयादशमी के मौके पर दुर्गा पूजा समिति सोसई द्वारा आयोजित सोसई आश्रम मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिप सदस्य चान्हो सह आजसू केन्द्रीय सचिव आशुतोष तिवारी और विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी राहुल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फिता काटने के बाद रावण दहन किया गया। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि दशहरा या विजय दशमी के दिन ही भगवान रामचंद्र ने रावण पर विजय पाई थी, इसलिए इस दिन रावण का पुतला जलाया जाता है जोकि बुराई, अहंकार, अत्याचार और अधर्म पर धर्म, सत्य और न्याय की विजय का प्रतीक माना जाता है।

## अपने अंदर के अहंकाररूपी रावण पर विजय पाना ही है दशहरे का प्रतीक है सन्नी टोप्पो



**मांडर/चान्हो।** मांडर और चान्हो प्रखण्ड में दशहरा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर दुर्गा पूजा समिति सोसई द्वारा आयोजित सोसई आश्रम मैदान में शनिवार को रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिप सदस्य चान्हो सह आजसू केन्द्रीय सचिव आशुतोष तिवारी और विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी राहुल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटने के बाद रावण दहन किया गया। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि दशहरा या विजय दशमी के दिन ही भगवान रामचंद्र ने रावण पर विजय पाई थी, इसलिए इस दिन रावण का पुतला जलाया जाता है जोकि बुराई, अहंकार, अत्याचार और अधर्म पर धर्म, सत्य और न्याय की विजय का प्रतीक माना जाता है। वहीं चान्हो के दुर्गा पूजा समिति बीजूपाड़ा, ईटकी के दरहा टाड़ और मांडर के बुढ़ा महादेव दुर्गा पूजा समिति बुढ़ाखुखरा के द्वारा हुए रावण दहन कार्यक्रम में भाजपा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। क्षेत्र में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आई।


## सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा
## (भू-अर्जन शाखा)

प्रपत्र VI
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय) या
उपायुक्त या समुचित सरकार
प्रारम्भिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)

अधिसूचना सं0 .................................. दिनांक..............................

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम – अघरमा, थाना नं0 – 132, थाना – कोलेबिरा, अंचल – कोलेबिरा में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – अघरमा मोड़ (**SH-03**) पर टकरमा–ससिया पथ का (13.09 कि0मी0) पुनर्निर्माण कार्य योजना हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम – अघरमा, थाना नं0 – 132, थाना – कोलेबिरा, अंचल – कोलेबिरा, जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए कमोवेश **4.61** एकड़ यानि **1.8656** हेक्टेयर मानक माप का रैयती/गैरमजरुआ भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या | | | | वृक्ष | | संरचनाएँ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प.0 | किस्म | संख्या | प्रकार | प्लिंथ एरिया Sft. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 144 | 2761 | रैयती | टांड़ | 0.02 | पितरुस महतो वगैरह | अंश | सड़क | 2760 | 2762 | | | | |
| 2 | 144 | 2760 | रैयती | टांड़ | 0.03 | पितरुस महतो वगैरह | अंश | सड़क | 2761 | 2759 | | | | |
| 3 | 07 | 2759 | रैयती | टांड़ | 0.34 | आसमान खड़िया वगै0 | सड़क | अंश | 2758 | 2762 | | | | |
| 4 | 101 | 2735 | गै0म0 | टांड़ | 0.08 | गैरमजरुआ खास | सड़क | अंश | 2734 | 2763 | | | | |
| 5 | 09 | 2758 | रैयती | आवासीय टांड़ | 0.19 | इसतानिसलास महतो वगै0 | सड़क | अंश | 2757 | 2763 | | | | |
| 6 | 144 | 2757 | रैयती | आवासीय टांड़ | 0.03 | जोन होरो वगै0 | सड़क | अंश | 2765 | 2757 | | | | |
| 7 | 144 | 2765 | रैयती | टांड़ | 0.33 | विश्वास होरो वगै0 | अंश | सड़क | 2757 | 2765 | | | पक्का मकान | |
| 8 | 66 | 2795 | रैयती | टांड़ | 0.30 | सामुएल खाड़िया वगै0 | सड़क | अंश | 2794 | 2796 | | | | |
| 9 | 88 | 2796 | रैयती | टांड़ | 0.15 | मिखाएल पहान वगै0 | अंश | सड़क | 2795 | 2796 | | | 01 मकान, पत्थर घेरा | |
| 10 | 88 | 2816 | रैयती | टांड़ | 0.05 | मिखाएल पहान वगैरह | सड़क | अंश | 2815 | 2817 | 01 आम, 01 नीम | 2 | | |
| 11 | 88 | 2819 | रैयती | टांड़ | 0.20 | मिखाएल पहान वगैरह | अंश | सड़क | 2816 | 2818 | 03 नीम, 01 आम | 4 | | |
| 12 | 88 | 2820 | रैयती | टांड़ | 0.18 | मिखाएल पहान वगैरह | सड़क | अंश | 2821 | 2820 | 01 जामुन | 1 | | |
| 13 | 23 | 2837 | रैयती | टांड़ | 0.01 | बुधवा पहान वगै0 | सड़क | अंश | 2836 | 2838 | | | | |
| 14 | 23 | 2836 | रैयती | टांड़ | 0.06 | कानहु पहान वगै0 | अंश | सड़क | 2838 | 2837 | | | | |
| 15 | 134 | 2832 | रैयती | टांड़ | 0.14 | पतरस खड़िया | अंश | सड़क | 2830 | 2833 | | | | |
| 16 | 42 | 2833 | रैयती | टांड़ | 0.26 | लैगा खड़िया वगै0 | अंश | सड़क | 2832 | 2996 | | | पत्थर घेरा | |
| 17 | 42 | 2926 | रैयती | टांड़ | 0.13 | लेंगा खड़िया वगै0 | अंश | सड़क | 2926 | 2935 | | | | |
| 18 | 23 | 2878 | रैयती | टांड़ | 0.15 | कानहु पहान वगै0 | अंश | सड़क | 2877 | 2879 | आम 1 करंज 1 | 2 | | |
| 19 | 42 | 2922 | रैयती | टांड़ | 0.015 | लैगा खड़िया वगै0 | अंश | सड़क | 2921 | 2923 | | | | |
| 20 | 42 | 2923 | रैयती | टांड़ | 0.03 | लेंगा खड़िया वगै0 | अंश | सड़क | 2921 | 2923 | डहु 1 | 1 | | |
| 21 | 42 | 2881 | रैयती | टांड़ | 0.12 | लेंगा खड़िया वगै0 | अंश | सड़क | 2880 | 2882 | | | | |
| 22 | 42 | 2921 | रैयती | टांड़ | 0.36 | लेंगा खड़िया वगै0 | सड़क | अंश | 2920 | 2922 | | | | |
| 23 | 12 | 2920 | रैयती | टांड़ | 0.09 | भिन्सेंट खड़िया वगै0 | सड़क | अंश | 2921 | 22922 | | | | |
| 24 | 19 | 2955 | गै0म0 | टांड़ | 0.42 | गैरमजरुआ | सड़क | अंश | 2954 | 2956 | | | | |
| 25 | 46 | 1906 | रैयती | टांड़ | 0.10 | ढिठुराम कवर वगैरह | सड़क | अंश | 1905 | SH रांची – सिमडेगा | | | | |
| 26 | 144 | 2075 | रैयती | टांड़ | 0.07 | पितरुस महतो वगै0 जोन डुंगडुंग मार्टिन होरो, मगदली केरकेट्टा, इलिजाबेथ केरकेट्टा | सड़क | अंश | 2074 | 2073 | | | | |
| 27 | 195 | 2074 | रैयती | टांड़ | 0.31 | याकुब किड़ो वो जेरोम किड़ो | सड़क | अंश | 2075 | 2076 | | | | |
| 28 | 197 | 1905 | रैयती | टांड़ | 0.01 | बकाशत | सड़क | अंश | 1904 | 1906 | | | | |
| 29 | 195 | 2818 | गै0म0 | टांड़ | 0.01 | गैरमजरुआ | 2819 | 2820 | सड़क | अंश | | | | |
| 30 | 195 | 2815 | गै0म0 | टांड़ | 0.005 | गैरमजरुआ | 2821 | अंश | सड़क | अंश | | | | |
| 31 | 101 | 2755 | रैयती | टांड़ | 0.15 | पौलुस खड़िया | 2756 | 2753 | सड़क | अंश | | | | |
| 32 | 144 | 2957 | रैयती | टांड़ | 0.27 | पितरुस महतो वगै0 | 2755 | 2755 | सड़क | अंश | | | | |
| कुल | | | | | **4.61** | | | | | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 अधिनियम संख्या – 30/2013 की धारा – 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय में किसी प्रकार कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निश्पादन हेतु अनेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति उपायुक्त सिमडेगा के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा – 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार का आपतियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**PR 338675**
**Simdega(24-25).D**

कानूनगो, जिला भू–अर्जन सिमडेगा — जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा — अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा — उपायुक्त, सिमडेगा।

# पुलिस अधीक्षक ने सिकरी थाना का फीता काटकर किया उद्घाटन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकरी गांव के नाम से नए पुलिस स्टेशन (थाना) का आधिकारिक उद्घाटन राजाबागी स्थित हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह और पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट के परिजनों प्रमुख फैज तैयब द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर नारियल फोड़ कर किया गया। उक्त दोनों अधिकारियों के अलावा बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार एवं सिकरी थाना के प्रभारी सुनील कुमार सिंह द्वारा भी नारियल फोड़ा गया। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा कि जिस पंचायत एवं गांव के लिए यह थाना का सृजन किया गया है। वहां की आम जनता को सुविधा मिलेगी। पुलिस स्टेशन की स्थापना सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए निर्धारित की गई है। परियोजना प्रमुख श्री तैयब ने कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। विशेष रूप से एनएमएल एनटीपीसी पकरी बरवाडीह और क्षेत्र के अन्य कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स के लिए यह पहल स्थानीय अधिकारियों की समुदाय और आसपास के संचालन की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।उद्घाटन के बाद थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक, परियोजना प्रमुख, एवं उपस्थित अधिकारियों ने वृक्षारोपण भी किया। मौके पर हजारीबाग सदर अनुमंडल अधिकारी मनोज कुमार, पकरी बरवाडीह परियोजना के एजीएम अमित अस्थान, प्रशांत सिंह, डीजीएम मोहित कोतवाल, नवीन कुमार, डिप्टी मैनेजर अलखदेव सिंह, त्रिवेणी सैनिक के मुख्य सुरक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार नीरज, बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी परियोजना के अधिकारी एवं गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। उक्त थाना में बड़कागांव प्रखंड के सिकरी पंचायत अंतर्गत राजस्व गांव सिकरी एवं केरी तथा केरेडारी प्रखंड अंतर्गत गर्रीकला पंचायत के गर्रीकला पतरा कला एवं हेसला राजस्व गांव को शामिल करते हुए कार्यक्षेत्र निर्धारित किया गया है।

## मेला घूमने के दौरान मारपीट में घायल युवक की मौत, लोगों ने सड़क पर लगाया जाम



**रांची।** दुर्गा पूजा में मेला घूमने के दौरान हुई मारपीट में घायल युवक की शनिवार देर रात मौत हो गयी। मृतक की शिनाख्त रोहित तिर्की के रूप में हुई है। वह मूल रूप से लालपुर थाना क्षेत्र के लोहराकोचा का रहने वाला था। रोहित की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने रविवार को लालपुर चौक पर जाम लगा दिया। लोग आरोपितों की गिरफतारी की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। इस दौरान लगभग आधे घंटे तक सड़क पर जाम लगा रहा। लालपुर चौक पर जाम लगने की वजह से वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी। लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हुई। बताया जा रहा है कि रोहित अपने साथियों के साथ दो दिन पहले मेला घूमने के लिए निकला था।

इसी दौरान रातू रोड चौक के आसपास कुछ युवकों से उसकी मारपीट हुई थी। इस घटना में रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार की देर रात उसकी मौत हो गयी। थाना प्रभारी रुपेश कुमार ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र में मारपीट में घायल हुए युवक की अस्पताल में मौत होने के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम किया था। उन्हें समझा बुझाकर हटा दिया गया है।

## दुर्गा पूजा संपन्न भक्तों ने मां को नम आंखों से की विदाई



**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा का त्योहार शांति पूर्ण रूप संपन्न हो गया! इस अवसर पर क्षेत् के केरेडारी गरी कलां चट्टी बरियातू पचड़ा बेलतू पहरा समेत कई जगहों पर मेला आरकेष्ट्र व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया! जिसमें क्षेत्र के विधायक अंबा प्रसाद पूर्व मंत्री योगेंद्र साव आजसू पार्टी के बड़कागांव विधान सभा प्रभारी रौशन लाल चौधरी जे एल के एम नेता बालेश्वर कुमार समेत लोगों ने बढ़ चढ़ कर का भाग लिया! वहीं मां दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर क्षेत्र के केरेडारी गरी कलां समेत कई जगहों पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई! जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए अधिसूचना के अनुपालन करते हुए बगैर डीजे साउंड के शोभा यात्रा निकाली गई! जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए! वहीं रविवार को गरी कलां में भी भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें आजसू पार्टी के बड़कागांव विधान सभा प्रभारी रौशन लाल चौधरी जेएल केएम रौशन लाल चौधरी समेत अन्य जन प्रतिनिधि शामिल होकर आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए भक्तों का उत्साह वर्धन किया!

## विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास




**चंदवारा।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत चन्दवारा प्रखंड के आरागारो भेलवाटांड भाया जोंगी साव टोला तक 3.5 कि0मी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। हर गांव मुख्य सड़क से जुड़े इसके लिये वे हमेशा फिक्रमंद हैं। क्षेत्र के विकास के लिये जनता कहे या फिर नहीं कहे यह उनकी जबावदेही में शामिल है। झारखंड के हेमंत सोरेन की सरकार जनहित को लेकर कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल में लाने का कार्य किया है। गांव-गांव में सड़क निर्माण कार्य कर रही है। गरीबों को अबूआ आवास योजना के तहत आवास दिया गया।

## विधायक अम्बा ने हरली गांव में डिग्री कॉलेज भवन निर्माण का किया शिलान्यास

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव प्रखंड के हरली गांव स्थित बुध बाजार के निकट प्लस टू उच्च विद्यालय के पास डिग्री कॉलेज भवन निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया।शिलान्यास कार्यक्रम के पूर्व ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद को हरली मंदिर मुख्य चौक से ढोल नगाड़े एवं फूल माला पहनाकर भव्य रूप से स्वागत किया गया। मुख्य चौक से शिलान्यास स्थल तक जुलूस निकाला गया। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि इस क्षेत्र में स्वास्थ्य के साथ-साथ मेरा लक्ष्य शिक्षा को दुरुस्त करना है। इसी के उद्देश्य से आज यहां डिग्री कॉलेज भवन निर्माण के लिए शिलान्यास हुआ।ग्रामीणों का कर्तव्य है कि सही तरीके से अपनी देखरेख में भवन का निर्माण कराएं। उन्होंने आगे कहा कि कई माह से जमीन की तलाश में बड़कागांव प्रखंड के कई पंचायत में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए इधर से उधर भटक रहे थे। हरली बधाई के पात्र हैं कि इस जमीन को ध्यान आकर्षित कराते हुए डिग्री कॉलेज निर्माण में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर ताला का चाबी शिक्षा है। शिक्षा में कोई समझौता नहीं होनी चाहिए। जो संघर्ष किया है उसका भविष्य उज्जवल हुआ है। पतरातू प्रखंड में पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण हो रही है। बड़कागांव में भी पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्रक्रिया जारी है। उक्त दोनों कॉलेज का निर्माण मेरे लिए बड़ी उपलब्धि है। क्योंकि मेरा दुनिया ही बड़कागांव विधानसभा है। इस अवसर पर मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य कौशल्या देवी, विशेश्वर नाथ चौबे, पूर्व डीएसपी मुकूटधारी महतो, बालेश्वर कुमार, चंद्रिका साव, सुरेश महतो, मनोज ठाकुर, जगतनंदन प्रसाद, पंकज व्यास, शिवदयाल महतो, दिनेश कुमार, भुवनेश्वर साव, श्याम भार्गव, संतोष कुमार, संतोष राणा, गीता देवी, रामेश्वर साव, सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# चुनावी यात्रा : भवनाथपुर और सारठ

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/पंकज प्रसून

**लेकिन आंकड़ों पर गौर करें**

**2019 में**
**भानु प्रताप शाही को मिले 96,818 वोट**
**सोगरा बीवी को मिले कुल 56,914 वोट**
**अनंत प्रताप देव को मिले 53,050 वोट**

**भवनाथपुर ।** इस बार झारखंड की जिन दो सीटों पर मेरी नज़र रहेगी वो हैं पलामू प्रमंडल का भावनाथपुर सीट और संथाल परगना का सारठ।

भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही और सारठ विधायक रणधीर सिंह विधानसभा के अंदर हेमन्त सरकार के खिलाफ़ सबसे अधिक मुखर थे।

इन दोनों के विरोध से तंग आकर हेमंत सोरेन ने विधानसभा के अंदर एक बार बोल भी दिया था कि दोनों को इस बार विधानसभा के अंदर दोबारा चुनकर नहीं आने दूंगा (हालांकि हेमंत सोरेन ने नाम नहीं लिया था) ।

सबसे पहले बात सारठ विधायक रणधीर सिंह की। सारठ से जो ख़बर आ रही है, उसके अनुसार पूर्व विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना बाबू छ्वरूरू के टिकट से चुनाव लड़ सकते हैं। सांसद विजय हांसदा की पत्नी के अंतिम संस्कार के दौरान उनकी हेमंत और कल्पना सोरेन से मुलाकात भी हुई थी। बात कहां तक पहुंची, ये जानकारी फ़िलिहाल मेरे पास नहीं है।

अगर उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना बाबू छ्वरूरू के टिकट पर लड़ते हैं तो रणधीर सिंह के लिए मुश्किल होगी। चुन्ना बाबू का अपना 12-15 हज़ार भूमिहार वोट है। छ्वरूरू के टिकट पर लड़े तो आदिवासी और मुस्लिम वोटर इनके पक्ष में गोलबंद होंगे। इधर गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को बदला लेने का मौका मिलेगा। लोकसभा चुनावों के दौरान रणधीर सिंह, राज पालीवाल, देवघर विधायक नारायण दास आदि ने निशिकांत दुबे के खिलाफ़ खुलकर काम किया था।

निशिकांत दुबे और चुन्ना बाबू के बीच दोस्ती बहुत गहरी है। कहने का मतलब है कि हेमन्त की कसम, निशिकांत दुबे का बदला और चुन्ना बाबू की साख के खिलाफ़ रणधीर सिंह को जूझना पड़ेगा। ऊपर से 10 साल की एंटी इनकंबेंसी

अब आते हैं पलामू प्रमंडल के भवनाथपुर विधानसभा पर। पिछली बार त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा के भानु प्रताप शाही ने क्स्क उम्मीदवार सोगरा बीबी को हराया था। अनंत प्रताप देव तीसरे नंबर पर रहे।

अगर सोगरा बीवी और अनंत प्रताप देव के वोटों को मिला दें तो होते हैं 1,09,964 वोट। यानि भानु प्रताप शाही से 13, 146 वोट ज़्यादा

सोगरा बीवी और उनके पति ने घोषणा की है कि इस बार वो अनंत प्रताप देव का समर्थन करेंगे और चुनाव नहीं लड़ेंगे। मुस्लिम वोट तो जानते ही हैं, एक वोट इधर उधर नहीं जाएगा, सब के सब भाजपा यानि भानु प्रताप शाही के खिलाफ पड़ेंगे।

भानु प्रताप शाही के साथ 10 साल की एंटी इनकंबेंसी भी है। वे लगातार 10 साल से विधायक हैं। इसकी वजह से 5-7 हज़ार वोट भी पिछली बार से बिदके, तो मामला गंभीर हो सकता है।

तो क्या विधानसभा के अंदर और बाहर हेमंत सोरेन सरकार को सबसे ज्यादा घेरने वाले, उसके खिलाफ सबसे ज्यादा आक्रामक दोनो विधायक विधानसभा नहीं पहुंच सकेंगे?

## एक-नजर

### नवरात्रि के अवसर पर कोडरमा ब्लड बैंक में डॉ. अभिषेक और डॉ. प्रशांत ने किया रक्तदान



**झुमरी तिलैया।** नवरात्रि के पवन अवसर पर कोडरमा ब्लड बैंक में जिले के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. अभिषेक कुमार और डॉ. प्रशांत उपाध्याय ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का उदाहरण पेश किया। दोनों डॉक्टरों ने इस विशेष अवसर को चुनते हुए रक्तदान किया और कहा कि नवरात्रि के शुभ दिनों में रक्तदान कर दूसरों की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। वे हर तीन महीने में नियमित रूप से रक्तदान करते हैं ताकि जरूरतमंदों को जीवनदान मिल सके।रक्तदान के बाद डॉ. अभिषेक ने कहा नवरात्रि देवी की उपासना और सेवा का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर रक्तदान कर दूसरों की मदद करना सच्ची सेवा है।डॉ. प्रशांत ने भी नवरात्रि पर रक्तदान के महत्व पर जोर देते हुए कहा नवरात्रि सेवा और परोपकार का पर्व है। इन नौ दिनों में रक्तदान करना एक विशेष अनुभूति है, क्योंकि यह दूसरों के जीवन को बचाने का अवसर प्रदान करता है।

### काराकाट सांसद राजाराम सिंह और आरा सांसद सुदामा प्रसाद आज आएंगे गोंदलपुरा

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा गांव में पिछले 500 से अधिक दिनों से कोल कंपनियों के खिलाफ आंदोलन कर रहे ग्रामीणों से मिलने के लिए सोमवार को बिहार राज्य के काराकाट के भाकपा माले नेता सांसद राजाराम सिंह एवं आरा के सांसद सुदामा प्रसाद आएंगे। ग्रामीणों ने बताया कि बादम बस स्टैंड से कर्णपुरा बचाव संघर्ष समिति के बैनर तले दोनों नेता का स्वागत करते हुए पकरिया टोला फुटबॉल मैदान गोंदलपुरा मैदान लाया जाएगा। जहां लगभग 11:00 सुबह सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गोंदलपुरा, बादम, गाली, बलोदर, रूदी के अलावा कई गांवों के सैकड़ों लोग उपस्थित रहेंगे। इस दौरान सांसद राजाराम सिंह एवं सुदामा प्रसाद के द्वारा ग्रामीणों को संबोधन करेंगे।

### चतरा सांसद कालीचरण सिंह की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती



**चतरा।** सांसद कालीचरण सिंह की रविवार को तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, कालीचरण सिंह कान्हाचट्टी प्रखंड के चिरीदीरी पंचायत में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। कार्यक्रम के बाद विभिन्न गतिविधियों में व्यस्त रहने के दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई।

तत्काल उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया कि उन्हें अत्यधिक थकान और पर्याप्त आराम न मिलने के कारण स्वास्थ्य में गिरावट का सामना करना पड़ा है। चिकित्सकों का कहना है कि सांसद की स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है लेकिन उन्हें आराम की सख्त आवश्यकता है। उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। इधर देर शाम उन्हें बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल से रिम्स रांची रेफर कर दिया गया है। सभी समर्थक उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

### जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा को लेकर बापू वाटिका में 14 को लगेगा छात्र अदालत




**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में 14 अक्टूबर को छात्र अदालत लगेगा।छात्र नेता इमाम सफी ने कहा कि 14 अक्टूबर को झारखंड के सभी 24 जिला से लगभग एक लाख छात्र मोरहाबादी पहुंचेंगे। वहां छात्र अदालत लगेगा। वहां जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा को रद्द करवाने की रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने जेएसएससी सीजीएल और अन्य परीक्षार्थी से अपील की है की सोमवार को चट्टानी एकता का परिचय दें 26 और 30 सितंबर की तरह एकजूटता दिखाये। पहले जैसी गलती नहीं दौहराएंगे। इस बार निर्णायक लड़ाई है । सरकार को वार्ता के लिए बाध्य करेंगे।

वहीं दूसरी ओर छात्र नेता चंदन कुमार ने कहा 14 अक्टूबर को ज्यादा से ज्यादा जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी मोरहाबादी पहुंचे वहीं पर सर्व सहमति से विवादित परीक्षा रद्द कराने की अंतिम निर्णय लिया जाएगा। डां कहकशां कमाल ने कहा जेएसएससी कार्यालय में दो बार आन्दोलन हो चुका है ।

कोई परिणाम नहीं आया। इसलिए इस बार मोरहाबादी में छात्र महाजुटान होना है। और अंततः परीक्षा रद्द कराएंगे।

### राज्यपाल से मिले लोजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी आर के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के बाद बिरेन्द्र प्रधान ने कहा कि यह औपचारिक भेंट थी, जिसमें राज्य के विकास और रोजगार के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने राज्यपाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि संतोष गंगवार एक अनुभवी नेता हैं, जिन्होंने आठ बार लोकसभा चुनाव जीता है और कई बार केंद्रीय मंत्री के रूप में सेवाएं दी हैं।

# बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति ने भव्य विसर्जन जुलूस के साथ मां दुर्गा को नम आंखों से दी विदाई









उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

### कुण्डेश्वर डमरू दल उज्जैन की विशेष प्रस्तुति के साथ भव्य निकाली गई शोभायात्रा

### विसर्जन जुलूस में प्रसिद्ध भजन गायक ने मनमोहक भजनों से लोगों को झूमाया

### यह जुलूस हमारी संस्कृति,आस्था और एकजुटता का है प्रतीक :अध्यक्ष प्रमोद यादव

**हजारीबाग।** शहर के सबसे चर्चित बड़ा बाजार दुर्गा पुजा महासमिति के द्वारा शनिवार को सुबह दशमी की पूजा अर्चना के पश्चात माता रानी पर चढ़े श्रृंगार को श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। वही संध्या करीब 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा पूजा पंडाल से ग्वाल टोली चौक,सरदार चौक,बड़ा बाजार चौक,बंशीलाल चौक,भगत सिंह चौक,झंडा चौक,पैगोडा चौक, छठ तलाब,आनंदा चौक होते हुए बुढ़वा महादेव तालाब पहुंच कर मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित किया गया। शोभा यात्रा के दौरान महासमिति के अध्यक्ष, सचिव सहित तमाम पदाधिकारियों को माता रानी की चुनरी ओढ़कर शोभा यात्रा में सम्मिलित किया। शोभायात्रा में भाजपा नेता हर्ष अजमेरा शामिल हुए, बाहर से आए कलाकारों की प्रशंसा की महासमिति के लोगों ने माता रानी की चुनरी भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने समिति के सदस्यों को उनके समर्पण और कठिन परिश्रम के लिए बधाई दी और इस भव्य जुलूस में जनता की भारी भागीदारी को भी सराहा।भव्य शोभायात्रा के दौरान महिलाएं लाल पीली साड़ी,पुरुष कुर्ते पजामा में शामिल हुए। बच्चे गुलाल से खेलते हुए माता रानी को अंतिम विदाई दिए।शोभा यात्रा मे विशेष आकर्षण रहा कुण्डेश्वर डमरू दल, उज्जैन की प्रस्तुति। उनके दमदार और ऊजार्वान ढोल-नगाड़ों की धुनों पर उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। यह दल अपनी अनूठी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए प्रसिद्ध है और उन्होंने इस यात्रा को एक सांस्कृतिक उत्सव में बदल दिया। वही बंगाल से आए ढाक की प्रस्तुति लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। शोभायात्रा में पीछे पीछे हजारों महिलाओं के बीच प्रसिद्ध भजन गायक की मंडलियों ने भी भाग लिया। प्रसिद्ध भजन गायक की उपस्थिति ने माहौल को और भी धार्मिक और उत्साहपूर्ण बना दिया। उनके मनमोहक भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को न केवल भक्ति के सागर में डुबोया, बल्कि यात्रा के मार्ग में हजारों श्रद्धालु झूमते और नाचते नजर आए। उनके द्वारा गाए गए भजनों ने शहरवासियों के दिलों को छू लिया। जुलूस में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वे मां दुर्गा की जयकार और आस्था के नारों के साथ पूरे उत्साह से शोभायात्रा में शामिल रहें सभी मार्गों पर श्रद्धालुओं ने मां की आरती और पूजा-अर्चना की। विसर्जन यात्रा के दौरान सुरक्षा और अनुशासन को बनाए रखने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम थे।

नवयुवकों की टोली ने जमकर नृत्य किया। वहीं महिलाओं ने गायक के गीत पर जमकर नृत्य करते हुए बुढ़वा महादेव तालाब की ओर बढ़ रही थी, साथ ही साथ तमाम श्रद्धालुओं ने माता रानी से सुख शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना किया। श्रद्धालुओं ने अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते हुए बुढ़वा महादेव तालाब पहुंचकर माता रानी की प्रतिमा को विसर्जित किया गया,यह क्षण भावुक और आस्था से परिपूर्ण था, जब श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को अगले वर्ष फिर से आने का न्योता दिया। तत्पश्चात तमाम श्रद्धालुगण पुनः पूजा पंडाल पहुंचकर माता रानी के शांति जल प्राप्त किया।मौके पर अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि भव्य विसर्जन शोभा यात्रा में जिस तरह युवाओं एवं महिलाओं ने नृत्य करते हुए शोभा यात्रा को सफल एवं ऐतिहासिक बना है वो एक अतुलनीय है। यह जुलूस हमारी संस्कृति, आस्था और एकजुटता का प्रतीक है। हम सभी का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। यह वर्ष हमें एकजुटता और भाईचारे का संदेश देता है,और हम भविष्य में भी इसी तरह के आयोजनों को और भव्य तरीके से करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सचिव दीप नारायण निषाद ने कहा की

हम सभी के लिए यह गर्व का अवसर है कि मां दुर्गा की विदाई के इस भव्य आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति और उत्साह ने इसे अभूतपूर्व बना दिया। महासमिति की ओर से मैं सभी श्रद्धालुओं, कलाकारों, और प्रशासनिक अधिकारियों का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस यात्रा को सफल और सुरक्षित बनाने में अपना सहयोग दिया।इस आयोजन को और भव्यता के साथ आयोजित कर, इस सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाएं, युवाओं एवं महिलाओं का उत्साह चरम सीमा पर था। साथ ही कहा कि जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा को भी लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मौके पर संरक्षक गणेश यादव, दिलीप जायसवाल,ओम प्रकाश गुप्ता,शिवदीप सिंह,शिव शंकर गुप्ता,नरेश निषाद,प्रदीप जैन,बाल गोविंद निषाद,राजेश गुप्ता,गुड्डन सोनकर,प्रकाश सिंह,पवन रावत खण्डेलवाल,दिलीप सोनी,प्रमोद खण्डेलवाल,किशोर सोनी,सुशील मिश्रा,पिकु यादव,पवन गुप्ता,रितेश खण्डेलवाल,लखन निषाद,उपेंद्र सिन्हा,अनिल मद्धेशिया,पंकज कसेरा,आशुतोष चौधरी, संजय यादव,अभय निषाद, राजकुमार सोनकर,यशराज,मोहित कुमार,सचिन केशरी,बादल कुमार,राजेश सोनी,अनिल प्रसाद,विकास कुमार सहित कई सदस्यगण उपस्थित थे।

# पदमा मे पेड़ से टकरायी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो, वाहन मे सवार छः लोग गंभीर रुप से घायल

उज्जवल दुनिया संवाददाता

### स्कॉर्पियो से सरैया मेला देखने निकले थे छः लोग, शशि मेडिकल हॉल के समीप घट गई घटना



**पदमा।** जिले के पदमा प्रखंड मे एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। घटना पदमा इटखोरी मार्ग स्थित शशि मेडिकल हॉल के समीप की हैं जहाँ शनिवार देर रात को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। संतुलन खोने के बाद एक स्कॉर्पियो गाड़ी नंबर खल्ड2 इफ 0411 सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कार्पियो में आग लग गई। गनीमत रहा की वहां कुछ ग्रामीण उपस्थित थे, ग्रामीणों ने तुरंत स्कॉर्पियो मे सवार लोगो को बाहर निकाला और घायलो को बेहतर इलाज हेतु हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया। आसपास के लोगों का कहना है कि चालक तेज रफतार से सरैया मेला देखने जा रहे थे इसी क्रम मे गाड़ी का संतुलन खोया और पेड़ से टकरा गई, इधर घायलों की पहचान रणवीर यादव पिता निवास यादव, सनी यादव पिता विजय यादव, जीतन ओझा पिता रामविलास ओझा, कुलदीप रविदास पिता बनारसी रविदास, शोमित सिंह पिता संजय सिंह, देव कुमार पिता भैरव साव सहित सभी घायलों की पहचान पदमा निवासी के रूप मे हुई हैं। लोग ने बताया की यदि पेड़ नहीं होता तो गाड़ी सीधे घरों या होटल में टक्कर मारती, जिससे और भी बड़ा हादसा हो सकता था।

# बरही विधायक उमाशंकर अकेला विभिन्न स्थानों में दुर्गा पूजा में हुए शामिल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

### विजयादशमी के अवसर पर बरही विधायक ने दी शुभकामनाएं, पूजा स्थलों का किया दौरा

**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम करियातपुर, श्रीनगर और विजैया सहित अन्य क्षेत्रों में आयोजित दुर्गा पूजा में बरही विधायक उमाशंकर अकेला शामिल हुए। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित इस पूजा में श्री अकेला ने श्रद्धालुओं को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और दुर्गा पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर करियातपुर के प्रमुख स्थानीय नेता और गणमान्य व्यक्ति जैसे उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, डोमन पांडेय, वीरेंद्र रजक, टिंकू केसरी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

मौके पर प्रमोद केसरी, संजय केसरी, राजेंद्र ठाकुर, अर्जुन पंडित, गोविंद प्रसाद, टिंकू भगत सहित अन्य कई स्थानीय नेताओं ने भी पूजा के दौरान विधायक के साथ मेला का निरीक्षण किया। विधायक उमाशंकर अकेला करियातपुर के बाद श्रीनगर और विजैया में आयोजित दुर्गा पूजा में भी शामिल हुए। इन सभी स्थलों पर उन्होंने पूजा-अर्चना की और क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। पूजा के इस अवसर पर विधायक ने कहा कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, और यह हमें सत्य और नैतिकता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। सभी को मिलकर समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखना चाहिए। पूरे आयोजन में स्थानीय नेताओं के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिनमें रवि सिंह, मंटू रजक, सरपंच उपेंद्र पांडे, राजेश पांडेय समेत अन्य लोग भी शामिल थे।

# बिना पंसस के हस्ताक्षर के बीडीओ ने किया लाभुक समिति का गठन

भास्कर दुबे
उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

### बीडीओ अखिलेश कुमार एवं प्रमुख ने चेडरा पंसस की उपेक्षा कर की मनमानी



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड कार्यालय की कार्यशैली को लेकर लगातार लग रहे हैं कई आरोप। इसी क्रम में जुड़ता हुआ एक और मामला सामने आया है जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सचिव पंचायत समिति अखिलेश कुमार के द्वारा चेडरा पंचायत समिति सदस्य की अवहेलना करते हुए एक निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति देते हुए लाभुक समिति का गठन कर इकरारनामा भी कर दिया गया। बता दें कि पंचायत समिति के तहत दिनांक 16 अगस्त 2024 को पत्रांक जारी कर प्रखंड के चेडरा पंचायत अंतर्गत 15वें वित्त आयोग स्वीकृत योजना के तहत ब्लॉक परिसर में एमओ ऑफिस से रोड तक पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य हेतु लाभुक समिति का गठन किया गया। उक्त पत्रांक बिना चेडरा पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी के हस्ताक्षर के ही पारित कर दिया गया। पत्रांक में केवल बीडीओ अखिलेश कुमार एवं प्रमुख जैबुन निशा के हस्ताक्षर से दी गई स्वीकृति। इसके साथ ही 2,49,700 रुपए की लागत से होने वाले उक्त निर्माण कार्य की अब तक नींव भी नहीं रखी गई, लेकिन विभाग के कनीय अभियंता द्वारा 75,936 रुपए का एमवी जारी कर लाभुक को पहली किस्त की राशि भुगतान भी कर दी गई। इस संबंध में पंसस मुन्नी देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना की स्वीकृति में उन्हें पूर्ण रूप से उपेक्षित किया गया, बिना पंसस के हस्ताक्षर के लाभुक समिति का गठन पूर्ण रूप से अमान्य है और उन्हें अपने पंचायत को भी देखना है, सारा कार्य ब्लॉक को देने से पंचायत की जनता के लिए क्या विकास के नाम पर क्या बचेगा। एमवी जारी करने की बात पर उनके द्वारा विभाग के कनीय अभियंता बीरेंद्र कुमार से सवाल किया गया तो उनके द्वारा जवाब देने के बजाय अड़ियल रवैए दिखाया गया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इस मामले के संबंध में वह जिला उपायुक्त से मुलाकात कर अवगत कराएंगी तथा विधिवत कार्रवाई करने हेतु आग्रह करेंगी। हालांकि इस मामले के संबंध में बीडीओ से संपर्क किया गया लेकिन संपर्क हो नहीं पाया।

## प्रवासी मजदूर हेमलाल महतो का शव पहुंचा पैतृक गांव, माहौल हुआ गमगीन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के जोबर पंचायत निवासी प्रवासी मजदूर हेमलाल महतो का शव रविवार को पैतृक गांव पहुंचते ही मातम छा गया। बताते दे कि विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत जोबर गांव के पारटांड़ निवासी 35 वर्षीय हेमलाल महतो की मौत 26 सितंबर को कैमरून में हो गयी थी। वहां वह ट्रांसरेस लाइटिंग लिमिटेड की कंपनी में काम करते थे। इस मजदूर को पांच सितंबर को भारत से ट्रांसमिशन में काम करने के लिए कैमरून ले जाया गया था। प्रवासी मजदूर की मौत के बाद ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से 5 लाख रुपये मुआवजा देने की बात कही गई थी। लेकिन परिवार की सहमति नहीं होने पर हजारीबाग सदर अस्पताल के मोर्चरी शव को रखा गया था। लगातार जोबर मुखिया चेतलाल महतो, मुखिया संघ के अध्यक्ष सह सारुकुदर मुखिया उत्तम महतो, झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र उर्फ माही पटेल, विजय प्रसाद, सिकंदर अली और कुमार धर्मेन्द्र महतो के प्रयास से कंपनी के द्वारा परिवार को मुआवजा के तौर पर 12 लख रुपए का चेक दिया गया। उसके बाद परिवार के लोगों ने मृतक के शव को स्वीकार किया और शनिवार को पैतृक गांव में विधिपूर्वक दाह संस्कार किया गया।

# दशहरा के बाद सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

### पूर्व विधायक एवं बरही डीएसपी ने पूजा समिति के वोलेंटियर्स को किया सम्मानित



**बरही।** दशहरा की समाप्ति के बाद सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, बरही एसडीपीओ अजित कुमार विमल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस समारोह का उद्देश्य नवरात्रि के दौरान सेवा देने वाले वोलेंटियर्स को सम्मानित करना था, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, आजसू प्रभारी राजसिंह चौहान, प्रमुख मनोज रजक, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, चौपारण भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

समारोह में मुख्य अतिथि मनोज कुमार यादव एवं डीएसपी अजित कुमार विमल ने वोलेंटियर्स की मेहनत और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे समर्पित प्रयासों के बिना इस प्रकार के बड़े आयोजन संभव नहीं हो पाते और सभी को शांति और सद्भाव के साथ मिलकर काम करने की प्रेरणा दी। मौके पर पूजा कमिटी अध्यक्ष उदय केशरी, उपाध्यक्ष शिवा निषाद, मुकेश मधेशिया, महासचिव बलराम केशरी, सचिव पप्पू केशरी, कोषाध्यक्ष विनोद केशरी, मुकेश मधेसिया, सुजीत कुमार, अभिषेक निषाद, कोषाध्यक्ष विनोद केशरी, महासचिव बलराम केशरी, शैलेन्द्र कुमार, अभिषेक कुमार, रामनन्दन सिंह, संयोजक वीरेंद्र विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार, विजय जायसवाल, मनोज साव, महेंद्र निषाद, राजू निषाद, अजित निषाद, संदीप केशरी, सोनू केशरी, सुंदरी निषाद, राजकुमार केशरी मौजूद रहें।

## संक्षिप्त खबरें

## महंत अखाड़ा चौक में मां दुर्गा को नम आंखों से भक्तजनों ने दी विदाई



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के महंत अखाड़ा चौक के बंशीधर परिसर में स्थित दुर्गा मंडप में दशहरा का त्यौहार विजयादशमी के दिन मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के साथ हुआ संपन्न। 12 अक्टूबर दिन शनिवार को महंत घराने द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा में प्रातः विजयादशमी पूजन कर भव्य आरती की गई एवं प्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात पुरानी परंपरा के अनुसार अपराजिता पूजन कर जयंती ग्रहण किया गया, परंपरागत अखंड ज्योति स्थापित की गई एवं इस खास दिन नीलकंठ दर्शन बेहद शुभ माना जाता है इसलिए नीलकंठ दर्शन किया गया। इसी के साथ नवपत्रिका विसर्जन कर पूजन संपन्न किया गया। संध्या तकरीबन सात बजे महिलाओं द्वारा सिंदूर की होली खेली गई एवं जयकारा लगाते हुए विसर्जन हेतु नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान किया गया और विष्णुगढ़ के प्रसिद्ध बड़कीबांध में नम आंखों से मां को विदाई देते हुए मूर्ति विसर्जित की गई।

## बरही में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने जनसम्पर्क अभियान के तहत रानीचुंवा के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखण्ड अंतर्गत रानीचुवां पंचायत के सूदूरवर्ती इलाकों में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने जनसम्पर्क अभियान चलाया। सुबह कुटमा, कुटमा बसरिया टोला, नौकी बसिया, चेतनगोड्डा और जीतपुर जैसे आदिवासी बहुल गांवों का दौरा करते हुए उन्होंने ग्रामीणों की जनसमस्याएं सुनी और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पूर्व विधायक मनोज यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया रामचन्द्र टुडु, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी सहित कई प्रमुख नेता और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे। इनमें सुजीत कुमार, रामप्रसाद यादव, ब्रह्मदेव यादव, लखराज यादव, महेश यादव, संतोष यादव, विजय यादव, सोहन किस्कू, सूरज हेमरोम, महाबीर हांसदा, बिनोद हांसदा और सिकराम हांसदा, तालों हांसदा, श्यामसुंदर हांसदा, किसुन किस्कू, शीतल हेमरोम, रमना किस्कू, मुन्ना सोरेन, सहदेव टुडु, बासो मुर्मू, अशोक हांसदा, सोना राम, सुरेश मुर्मू, मोतीलाल हांसदा, जगलाल हांसदा, सोहन किस्कू, महेश हांसदा, छोटेलाल मुर्मू, प्रकाश हांसदा शामिल थे।इस मौके पर गांव के लोगों ने अपनी समस्याएं पूर्व विधायक के सामने रखीं, जिनमें बुनियादी सुविधाओं की कमी, सड़क, बिजली और पानी की समस्याएं प्रमुख रहीं। पूर्व विधायक श्री यादव ने भरोसा दिलाया कि वे इन मुद्दों को सरकार के समक्ष उठाएंगे और जल्द से जल्द समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

## चंदौल में काली पूजा मनाने को लेकर कमिटी का गठन



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड क्षेत्र के चंदौल पंचायत अंतर्गत ग्राम चंदौल में काली पूजा मनाने हेतु एक बैठक काली मंदिर के प्रांगण में रखी गई। बैठक की अध्यक्षता असेश्वर राम के द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से पिछले वर्ष का आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया एवम नई कमिटी का निर्माण सर्वसम्मति से किया गया जिसमे अध्यक्ष पद के लिए शिबू महतो, सचिव पद के लिए अवधेश सिंह एवम् कोषाध्यक्ष पद के लिए सूरज दास चुने गए। बैठक में नव निर्माण काली मंदिर बनाने के लिए अहम फैसला सर्वसम्मति से लिया गया जिसमे काली पूजा की सुबह अष्टमी को कलश यात्रा के साथ भूमि पूजन सह रात्रि में माँ काली पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। कार्यक्रम में सारे पंचायत वासीं सादर आमंत्रित रहेंगे। बैठक में मौजूद लोगों ने कहा कि काली पूजा को धूमधाम से मनाया जायेगा और मेले के दिन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में संरक्षक कमिटी और कार्यकारिणी सदस्य का कार्यभार समिति बनाया गया जिसमें मुख्य रूप मुख्य प्रतिनिधि सनित महतो, असेश्वर राम, विनोद यादव , दिनेश्वर पासवान, सुरेश चौधरी, अंगनु महतो, होरिल महतो, खीरोधर महतो, रघुवीर राम, काशी रजवार, विकास पांडेय, राहुल पासवान, जैनेंद्र प्रसाद, कुलेश्वर यादव, सागर यादव, रोहित ठाकुर, ललन भुइयाँ, पंचेश्वर साव, अवध राम, रितु राज, गोपाल राम, किशोर राम, रामविलास राम, मोहन मेहता, विशाल पांडेय, गणेश महतो, आयुष पांडेय, करण यादव, सतीश पासवान, गणपत ठाकुर, दिनेश रजवार सहित कई लोग शामिल हुए।

## विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बरही में मनाया शताब्दी महोत्सव

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के 99 वर्ष पूर्ण कर इस विजयादशमी पर शताब्दी वर्ष का महोत्सव भव्य रूप से मनाया। बरही प्रखंड में यह कार्यक्रम बरही ब्लॉक शाखा मैदान में आयोजित हुआ, जिसमें प्रातः 8 बजे से शस्त्रपूजन, बौद्धिक मार्गदर्शन, शस्त्र संचालन और पथ संचलन जैसे विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस महोत्सव में 140 गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया, जिसमें 15 घोष (संघ का बैंड) वादक भी शामिल थे। पथ संचलन कार्यक्रम बरही के चारों प्रमुख मार्गों पर निकाला गया, जहां आठ स्थानों पर मातृशक्ति ने आह्लादित होकर पुष्पवर्षा की और शंखनाद किया। कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में हजारीबाग जिले के महाविद्यालयीन प्रमुख प्रो. अरुण कुमार ने संघ के शताब्दी वर्ष और हिन्दुओं की शौर्यगाथा पर विशेष प्रकाश डाला।

# विजयदशमी के अवसर पर बरही में रावण, कुम्भकर्ण एवं मेघनाथ का हुआ पुतला दहन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। बरही प्रखण्ड मैदान में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति धनबाद रोड द्वारा भव्य आयोजन हुआ। प्रखण्ड मैदान बरही में इस बार रावण का पुतला 50 फीट, कुंभकरण 45 व मेघनाद 45 फीट का दहन हुआ। पुतला दहन का कार्यक्रम 07 बजकर 40 मिनट से रात साढ़े आठ बजे तक चला। यहां आकर्षण, रंगीन लाइट के साथ रावण, मेघनाद कुंभकर्ण के पुतले तैयार किए गए थे। जिन्हें मखमली ड्रेस के साथ ही रंगीन कागज से तैयार किया था। बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता सह टीएसएस नेता अरुण साहू शामिल हुए। इसके अलावा जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ जयपाल महतो, पूजा समिति के अध्यक्ष छोटन ठाकुर, संरक्षक विनय साव, अनुज साव, उपाध्यक्ष अमित सोनी, महासचिव नागेश्वर ठाकुर मौजूद रहे। टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू ने रावण का पुतला दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। इस अवसर पर अरुण साहू ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रावण दहन बुराई के अंत और सत्य की जीत का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पर्व हमें सिखाता है कि चाहे कितनी भी शक्तिशाली बुराई हो, अंत में जीत हमेशा सत्य, नैतिकता और सद्गुणों की होती है। अरुण साहू ने समाज में सकारात्मकता और एकता का आह्वान करते हुए इस प्रकार के आयोजनों को सामाजिक सौहार्द बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। मौके पर सचिव कपिल केशरी, कोषाध्यक्ष पंकज केशरी, छोटन स्वर्णकार, अवधेश सिंह, महेश केशरी, चन्दन सिंह, मनोज उपाध्याय, विकास कुमार समेत पूजा कमेटी के पदाधिकारी व सैकड़ो लोग मौजूद थे।

**बरही के पंचायतों और मोहल्लों में बच्चों ने रावण पुतला दहन कर दिया बुराई पर अच्छाई का संदेश :**

इस वर्ष दशहरा के अवसर पर बरही के सभी पंचायतों और गांवों के मोहल्लों में बच्चों ने रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। बच्चों ने अपने-अपने मोहल्लों में रावण के पुतले बनाकर उन्हें आग के हवाले किया। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने जय श्री राम के नारे लगाए और बुराई के प्रतीक रावण को जलाते हुए सकारात्मकता और नैतिकता का संदेश फैलाया। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन की सराहना की और बच्चों के इस प्रयास को समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देने वाला बताया। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए एक आनंददायक अनुभव था, बल्कि उन्होंने इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अपने समुदाय में एक महत्वपूर्ण संदेश भी पहुँचाया।



# तीन दिवसीय युवा जागृत शिविर का समापन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**हजारीबाग।** परम पूज्य चर्या शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज एवं छुल्लक श्री 105 श्रेय सागर जी महाराज का चातुर्मास बड़े ही धूमधाम से हजारीबाग में चल रहा है। युवा शक्ति को और अधिक जागृत करने हेतु मुनि श्री के सानिध्य में युवा जागृत शिविर दिनांक 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक प्रातः 7.30 बजे से 9.30 बजे तक बड़ा बाजार जैन भवन के एसी हाल में चला। शिविर के पहले दिन मुनि श्री ने भगवान कौन है और कौन भगवान बन सकते हैं इस विषय पर प्रकाश डाला ।मुनि श्री ने कहा की हर आत्मा का असली स्वभाव भगवान बनने जैसा है और हर आत्मा में अनंत दर्शन, अनंत शक्ति, अनंत ज्ञान और अनंत सुख है। और जिसने भी इसे पूर्ण रूप से उद्घाटित कर लिया वह भगवान बन सकता है ।सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चरित्र के माध्यम से आत्मा के इस रूप को प्राप्त किया जा सकता है। इन रत्नत्रय के धारक को ही भगवान कहा जाता है। दुसरे दिन मोबाईल के उपयोग संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी युवा वर्ग को दी मुनि श्री सुयश सागर महाराज ने कहा कि बच्चे आपका अनुसरण नहीं अनुकरण करते है, बच्चे कभी भी देखा हुआ जीवन पर्यंत भूलते नही है। जो माता पिता अपने बच्चो को समय से पहले मोबाइल दे रहे है वे उन्हें मोबाइल नही बीमारी दे रहे है। माता पिता को अपने बच्चों के लिए नकारात्मक शब्दो का प्रयोग बंद करना चाहिए। मुनि श्री ने कहा कि झूठ बोलने की नींव कहा से शुरू होती है चिंतन करें। मोबाईल के कम से कम इस्तमाल पर जोर दिया। साथ ही बच्चों को मोबाइल लॉक ना करने की भी सलाह दी। सोशल मीडिया पर भी बच्चों के साथ गहन चर्चा की गई ।तीसरे और अंतिम दिन मुनि श्री ने बाहर जाकर जैन धर्म के साथ पढ़ाई कैसे कर सकें इस संबंध में सभी को बताया। देव दर्शन किस प्रकार से करें इसके बारे में भी सभी युवाओं को जानकारी दी साथ ही मित्रता किससे करें और किससे ना करें इस संबंध में सभी को बताया । मुनि श्री ने कहा ऐसे लोगों के साथ मित्रता करें जो तुम्हारे बहक जाने पर डांट लगाकर तुम्हें सही रास्ते पर लाए। मुनि श्री ने कहा कि जो मित्र संकट के समय धोखा दे उनकी मित्रता की स्मृति मरते दम तक नहीं मिटती संकट के समय ही सच्चे और अच्छे मित्रों का पता चलता है। साथ ही मुनि श्री ने कहा कि जो मित्र धर्म के रास्ते पर तुम्हें साथ लेकर चलें और अधर्म से बचाए जो मित्र तुम्हारी उन्नति को देखकर के खुश हो वही सच्चा मित्र है। तीन दिनों तक चले इस शिविर में 13 वर्ष से 30 वर्ष के युवा वर्ग ने काफी संख्या में भाग लिया ।

कार्यक्रम की शुरूआत में आचार्य श्री का चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन युवा वर्ग द्वारा किया गया । तत्पश्चात मंगलाचरण सृष्टि अजमेरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन संकेत चौधरी और सृष्टि अजमेरा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।कार्यक्रम के पश्चात युवा वर्ग तथा बाहर से आए अतिथियों के द्वारा मुनि श्री का पाद प्रक्षालन किया गया ।

दीप प्रज्वलन तथा पाद प्रक्षालन मंगल गीत विपिन छाबड़ा द्वारा गाया गया।

## चरही कोयलांचल क्षेत्र और चुरचू प्रखंड में धूम धाम से शांति पूर्ण माहौल में मनाई गई दुर्गा पूजा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रावण दहन कार्यक्रम में उमड़ा भीड़ चरही ग्राउंड पड़ गया छोटा**



**चरही।** चरही कोयलांचल क्षेत्र और चुरचू प्रखंड में धूम धाम से दुर्गा पूजा शांति पूर्ण माहौल में मनाई गई। नवरात्रि उत्सव को खास बनाने के लिए लोग बहुत ही उमंग में दिखे। श्रद्धालू पूजा पंडालों में माता के दर्शन किए। पूजा को यादगार बनाने के लिए कोई कसर नही छोड़ी। कई जगहों पर नाटक का मंचन जागरण का आयोजन किया गया। अष्टमी को मां देवी की गोद भराई तथा नवमीं और दशवीं को मां दुर्गा का दर्शन करने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। मां का दर्शन पूजन कर भक्तों ने मन्नतें मांगी। बीते दस दिनों से कोयलांचल क्षेत्र का पूरा माहौल भक्तिमय रहा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चरही ,चुरचू पुलिस प्रशासन काफी तत्पर दिखी। कहीं से कोई मारपीट की घटना नहीं हुई। चरही बिरसा मैदान में रावण दहन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसे देखने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे। रावण दहन कार्यक्रम में भीड़ उमड़ने से एनएच 33 पर जाम की स्थित रही। जिसे चरही पुलिस को जाम हटाने में काफी मस्कत करना पड़ा। आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो क्षेत्र के पंडालो का भ्रमण किया। चरही कॉलोनी में स्थापित माता दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन शनिवार को देर रात में किया गया। इस दौरान महिलाओं ने सिंदुर होली खेल माता को नम आंखों से बिदा किया।

# रॉयल मल्टी जिम का पूर्व विधायक मनोज यादव और डीएसपी अजीत कुमार विमल ने किया उद्घाटन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**11 वर्षों से बेहतरीन सुविधा देने के बाद अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ अपग्रेड हुआ बरही का प्रथम जिम रॉयल मल्टी जिम**

**बरही।** पिछले 11 वर्षों से बरही पटना रोड में संचालित रॉयल मल्टी जिम जिसे अपग्रेड करते हुए जिम का भव्य तरीके से पुनः उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। रॉयल मल्टी जिम का उद्घाटन बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने सामूहिक रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर जिम के संचालक इमरान खान और कार्तिक भगत ने मुख्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। जिम के उद्घाटन के अवसर पर आजसू प्रभारी राजसिंह चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, अम्बिका सिंह, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अमीत साहू सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी शामिल हुए। सभी ने जिम की सुविधाओं और इस पहल की सराहना की, जिससे क्षेत्र के युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का एक और विकल्प मिलेगा। इस जिम के



उद्घाटन के साथ बरही में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जिम में अत्याधुनिक उपकरणों के साथ-साथ फिटनेस ट्रेनर्स की सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। उद्घाटन के दौरान पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के जिम की आवश्यकता है। वहीं एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने भी युवाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक करने की अपील की। संचालक इमरान खान और कार्तिक भगत ने कहा कि हमलोग बरही में 2013 से लगातार अपनी सुविधाएं दे रहे हैं। अब इस जिम में पुरुष एवं महिलाओं के लिए भी सुविधाएं जोड़ी गयी है। इसके साथ ही अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया गया है। हमारा उद्देश्य बरही और इसके आस-पास के क्षेत्रों में युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि लोग 1000 रुपये देकर अपना नामांकन करवा सकते हैं और 500 रुपये की प्रति माह की फीस के साथ हमारी सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। हम चाहते हैं कि लोग फिट रहें और अपनी शारीरिक क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल करें। जिम के खुलने से इसके माध्यम से युवाओं को न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे, बल्कि उन्हें एक सशक्त और स्वस्थ समाज का हिस्सा बनने का अवसर भी मिलेगा। मौके पर कार्तिक, अनूज, जमशेद, विक्की, बिट्टू, बबलू, फिरोज खान, संतोष निषाद, राज आर्यन, सलीम खान, अर्श खान, कौशल निषाद, सिक्की यादव, चार्ली सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज बड़कागांव में 220/33 केबी ग्रिड सब स्टेशन का करेंगे ऑनलाइन शिलान्यास, विधायक अंबा प्रसाद रहेगी मौजूद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**220/33 केबी ग्रिड सब स्टेशन बनने से बड़कागांव, केरेडारी एवं आस पास के क्षेत्रों को अबाधित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी-अंबा प्रसाद**



**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर बड़कागांव में 220/33 केबी ग्रिड सब स्टेशन बनेगा। इसके लिए सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची से इसका आनलाइन शिलान्यास करेंगे। वहीं विधायक अंबा प्रसाद बड़कागांव में शिलान्यास स्थल में मौजूद रहेंगी व भूमि पूजन करेगीं। विधायक ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए कहा कि ग्रिड सब-स्टेशन बनने से बड़कागांव, केरेडारी एवं आस पास के क्षेत्रों को अबाधित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के द्वारा 220/33 केबी ग्रिड सब स्टेशन का निर्माण कार्य पकरी बरवाडीह के एनटीपीसी ग्रिड सब-स्टेशन परिसर में ही किए जाने का फैसला लिया गया है। उक्त सब-स्टेशन झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड का ग्रिड वर्तमान में बड़कागांव, केरेडारी एवं आस पास के क्षेत्रों को अबाधित विद्युत उपलब्ध कराने हेतु एनटीपीसी के सिस्टम से जोड़ा जाएगा, जिस से कई गांव के लोग लाभान्वित होंगे। ज्ञात हो कि पूर्व में उपायुक्त हजारीबाग के द्वारा सबस्टेशन निर्माण हेतु पकरी बरवाडीह में भूमि उपलब्ध कराया गया था। परंतु वन भूमि में आने के कारण स्वीकृति आदेश रद्द कर दिया गया और अंततः एनटीपीसी के ग्रिड में ही 220/33 केबी ग्रिड सब स्टेशन का निर्माण होगा। 220/33 केबी ग्रिड सिस्टम से कई पावर सब स्टेशन जैसे बड़कागांव पीएसएस, ललकी माटी पीएसएस, केरेडारी पीएसएस, टंडवा पीएसएस व डेमोटांड़ पीएसएस इत्यादि जुड़ेंगे, जिससे लगभग सभी गांव के ग्रामीण लाभान्वित होंगे।

# बड़कागांव में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न,नम आंखों से दी गई मां दुर्गा की विदाई

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**श्रद्धालुओं ने लगाई माता के जयकारे डीजे साउंड के धुन में थिरके लोग**



**बड़कागांव।** प्रखंड में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के साथ ही रविवार को देर शाम दुर्गा पूजा का उत्सव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। वहीं अश्विनी दुर्गा पूजा बड़कागांव, पकरी बरवाडीह, सांढ़, नापोखुर्द, गोंदलपूरा, बादम, अम्बाजीत, महुगाई कला, सुकुल खपिया, उरुब, गुरुचट्टी में देर शाम मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन मां को नम नेत्रों से पूरे भावभीनी के साथ विदाई दी गई। दस दिनों से लगातार मां दुर्गे की पूजा-अर्चना के बाद मां भवानी की विसर्जन में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी पड़ीं। कहीं ताशा पार्टी तो कहीं डीजे के धुन पर श्रद्धालु थिरक रहे थे। मां दुर्गा के जयकार से पूरा गाँव गुंजायमान हो रहा था। शोभायात्रा में युवा वर्ग व महिलाओं ने भक्ति गानों में थिरक रही थी। वहीं अबीर-गुलाल लगा कर एक-दूसरे को दशहरे की बधाई दी। मुर्ति विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा समापन हुआ।

वहीं बड़कागांव एसडीओ अशोक कुमार, एसडीपीओ पवन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, इंस्पेक्टर अनिल कुमार एवं थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने दसवीं की रात सभी पूजा पंडालों व मेला का निरीक्षण करते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के जबरदस्त इंतजाम किया गया। साथ ही साथ कई समिति के सक्रिय अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष समेत कार्यकारिणी कार्यकता व बुद्धिजीवीगण शांति व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। जिससे पूरे प्रखंड में शांति पूर्वक बड़े धूमधाम से दशहरा त्यौहार सम्पन्न हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड के दुर्गा पुजा समिति ने रावण दहन व भण्डारें का किया आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड के पंकरी बरवाडीह, बड़कागांव दैनिक बाजार, बाजार टांड गुरुचट्टी व अन्य स्थानों पर रावण पुतला दहन व नवमी को भण्डरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पंकरी बरवाडीह के प्रसिद्ध मेगालिथ स्थल के समीप टंगरवा टांड में अश्विनी दुर्गा पूजा समिति पंकरी बरवाडीह के द्वारा रावण दहन कार्यक्रम बड़े धुमधाम से राम, लक्ष्मण, हनुमान व वानर सेना का जीवंत झांकी भोक्ता स्थान दुर्गा मंडप से गाजे - बाजे के साथ जय श्रीराम के जयकारे के साथ निकाला गया और रावण के पुतला के पास पहुंचकर विधिवत धनुष में बाण चढ़ाकर रावण के पुतले में आग लगाया और खूब आतिशबाजी की गई जिसमें रंग-बिरंगी गगनचुंबी पटाखें, बम व फुलझड़ी देख कर हजारों लोग रोमांचित हो उठे और आतिशबाजी का आंनद लिया। वहीं बुधन लाइन होटल के प्रोपराइटर तिलेश्वर कुमार के द्वारा बरवाडीह में नवमी को भण्डारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से पुजा समिति के अध्यक्ष बिनोद कुमार साव, सचिव डॉ मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष राजू कुमार राणा, संरक्षक पुर्व मुखिया कैलाश कुमार राणा, दिनेश कुमार साव उर्फ दिपू साव, प्रभु राम, अशोक राम, मनोरंजन मंत्री रामचंद्र कुमार राणा, शिवनारायण साहु, गोपाल राम, सुबोध कुमार, अमित कुमार राणा, कृष्णा तुरी, अजीत कुमार, सुनील कुमार, प्रेम कुमार, आशीष, सचिन कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### हजारीबाग सांसद का प्रयास लाया रंग, विजयादशमी के शुभ अवसर पर हजारीबाग वासियों को मिला बड़ा तोहफा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के अथक प्रयास के उपरांत हजारीबाग शहर व बरकाकाना होते हुए मुंबई के लिए एक एक्सप्रेस ट्रेन की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए रेल मंत्रालय ने गया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ट्रेन (22358/59) को मंजूरी दे दी है गया और लोकमान्य तिलक टर्मिनस, मुंबई के बीच शुरू होने वाली यह नई ट्रेन गया से शाम 7 बजे खुलेगी और 34 घंटे 50 मिनट में यात्रा पूरी करेगी, जो रांची-जमशेदपुर-नागपुर के रास्ते जायेगी। जबकि लोकमान्य तिलक टर्मिनस से ट्रेन रात 10:50 बजे खुलेगी और 38 घंटे 25 मिनट में गया पहुंचेगी ।इस ट्रेन का सड़क पर 21 स्टॉपेज होगा जिसमें कोडरमा, हजारीबाग शहर, बरकाकाना, मेश्रा, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बांदेरा, अकोला, भुसावल, जलगांव, नासिक और कल्याण रेलवे स्टेशन शामिल है। यह ट्रेन गया और लोकमान्य तिलक टर्मिनस से क्रमशः बुधवार और शुक्रवार को छोड़कर सभी दिन चलेगी। यह ट्रेन 22 एलएचडी कोचों से बनी है और इसका प्राथमिक रख- रखाव गया में किया जाएगा ।मौके पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने खुशी का इजहार करते हुए कहा की दहशरा के विजयादशमी के शुभ अवसर पर रेलवे का यह विशेष सौगात हजारीबाग वासियों के लिए अनुपम है। उन्होंने इस नई ट्रेन के सौगात के और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों की मांग को पूरा करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार भी जताया। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा की हजारीबाग वासियों की वर्षों की लंबित मांग पूरी हुई इससे मुझे बेहद खुशी है। उन्होंने कहा की हम बस कहते ही नहीं करके दिखाते हैं और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से अन्य महानगरों के लिए भी हमारा यह प्रयास जारी रहेगा । ज्ञात हो की पिछले लोकसभा के सत्र में सदन पटल पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने पुरजोर तरीके से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से विभिन्न महानगरों के लिए लम्बी दूरी की ट्रेनों के परिचालन हेतु आग्रह किया था।

## हजारीबाग रेल जोड़ो जन आंदोलन का प्रयास लाया रंग, 13 अक्टूबर को हजारीबाग वासियों को मिला बड़ा तोहफा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग से मुंबई जाने वालों के लिए खुशखबरी, गया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच हजारीबाग होकर चलेगी नई ट्रेन**

**हजारीबाग की वर्षों की मांग हुई पूरी, रेल जोड़ो जन आंदोलन अध्यक्ष शशि भुषण केशरी**



**हजारीबाग।** रेल जोड़ो जन आंदोलन के अध्यक्ष एवं हिंदू राष्ट्र संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शशि भुषण केशरी के अथक प्रयास के उपरांत हजारीबाग शहर व बरकाकाना होते हुए मुंबई के लिए एक एक्सप्रेस ट्रेन की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए रेल मंत्रालय ने गया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ट्रेन (22358/59) को मंजूरी दे दी है ।

गया और लोकमान्य तिलक टर्मिनस, मुंबई के बीच शुरू होने वाली यह नई ट्रेन गया से शाम 7 बजे खुलेगी और 34 घंटे 50 मिनट में यात्रा पूरी करेगी, जो रांची-जमशेदपुर-नागपुर के रास्ते जायेगी। जबकि लोकमान्य तिलक टर्मिनस से ट्रेन रात 10:50 बजे खुलेगी और 38 घंटे 25 मिनट में गया पहुंचेगी । इस ट्रेन का प्रमुख स्टेशनों पर 21 स्टॉपेज होगा। जिसमें कोडरमा, हजारीबाग शहर, बरकाकाना, मेशरा, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बांदेरा, अकोला, भुसावल, जलगांव, नासिक और कल्याण रेलवे स्टेशन शामिल है। यह ट्रेन गया और लोकमान्य तिलक टर्मिनस से क्रमशः बुधवार और शुक्रवार को छोड़कर सभी दिन चलेगी। यह ट्रेन 22 एलएचडी कोचों से बनी है और इसका प्राथमिक रख- रखाव गया में किया जाएगा। मौके पर हजारीबाग रेल जोड़ो जन आंदोलन के अध्यक्ष अध्यक्ष शशि भुषण केशरी ने खुशी का इजहार करते हुए कहा की रेलवे का यह विशेष सौगात हजारीबाग वासियों के लिए अनुपम है। उन्होंने इस नई ट्रेन के सौगात के और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों की मांग को पूरा करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार भी जताया। रेल जोड़ो जन आंदोलन के अध्यक्ष एवं हिंदू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि भुषण केशरी ने यह भी कहा की हजारीबाग वासियों की वर्षों की लंबित मांग पूरी हुई इससे मुझे बेहद खुशी है। उन्होंने कहा की अभी सिर्फ एक महानगर से ट्रेन जुड़ा है आने वाले समय में सभी महानगर से ट्रेन नहीं जुड़ तो आंदोलन फिर से किया जाएगा और हजारीबाग क्षेत्र से अन्य महानगरों के लिए भी हमारा यह प्रयास जारी रहेगा ।ज्ञात हो की पिछले 2 वर्षों से रेल जोड़ो जन आंदोलन के द्वारा पुरजोर तरीका से आवाज उठाते आ रहे हैं। जब तक सभी महानगर से ट्रेन नहीं जुड़ेगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# केंद्रीय मंत्री और विधायक ने लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

उज्ज्वल दुनिया सं

**कोडरमा :** गया से खुलकर कोडरमा के रास्ते मुंबई जाने वाली गया लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का रविवार से शुभारंभ हो गया है। कोडरमा स्टेशन पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव व विधायक अमित यादव ने उक्त ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताते चलें कि यह ट्रेन 36 घंटे में गया से मुंबई तक का सफर तय करेगी। उत्तरी छोटानागपुर के लोगों को खास तौर पर इस ट्रेन की सौगात मिली है, जहां के बड़ी संख्या में लोग मुंबई में रहते है। इस ट्रेन में स्लीपर कोच के जगह 14 जनरल बोगी है, जबकि एसी 3 और एसी 2 कोच भी इस ट्रेन में लगाए गए हैं। उद्घाटन परिचालन के मौके पर




कोडरमा स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अन्नपूर्णा देवी के अलावे विधायक और धनबाद रेल मंडल के डीआरएम समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। यह ट्रेन हर रविवार को गया से खुलेगी जो कोडरमा होते हुए हजारीबाग टाउन, बरकाकाना, रांची, राउरकेला होते हुए मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस तक जाएगी। कई राज्यों से होकर गुजरने वाली इस ट्रेन के परिचालन शुरू होने से कोडरमा समेत आसपास के लोग उत्साहित है। पहले दिन सफर करने वाले रेल यात्रियों को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुलाब फूल देकर उनका स्वागत किया। इस ट्रेन की शुरूआत होने से पहले कोडरमा से होकर मुंबई तक जाने के लिए महज दो ट्रेनों का परिचालन किया जाता था, जिसमें लंबी वेटिंग लिस्ट होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कोडरमा समेत आसपास के हजारों लोग मुंबई में रोजगार की तलाश में जाते हैं और त्योहार के सीजन में मुंबई जाने वाली ट्रेनों में उम्मीद से ज्यादा भीड़ होती है। ऐसे में लोगों का ध्यान रखते हुए त्योहारी सीजन में इस ट्रेन की शुरूआत की गई है। इस मौके पर मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस त्योहारी सीजन में रेल मंत्रालय ने यहाँ के लोगों को इस ट्रेन के रूप में खास सौगात दी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान हमेशा लोग मुंबई के लिए ट्रेन डिमांड करते थे।

वहीं लोगों ने भी इस ट्रेन को कोडरमा समेत आसपास के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण लाइफ लाइन बताया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, भाजपा नेता रमेश सिंह,भाजपा नगर अध्यक्ष सुधीर सेठ,महामंत्री संजय शर्मा,नवीन चौधरी, चंद्रशेखर जोशी, द्वारिका राणा, जगदीश सलूजा, जुहीदास गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### गया और मुंबई के मध्य एक नई ट्रेन का परिचालन



**कोडरमा :**

**अन्नपूर्णा देवी केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री,भारत सरकार द्वारा गया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल उद्घाटन स्पेशल काकोडरमा स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर किया गया शुभारंभ**

महिला एवं बाल विकास मंत्री,भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी,विधायक डॉ. नीरा यादव,अमित कुमार यादव द्वारा ट्रेन संख्या 02358 गया-लोकमान्य तिलक उद्घाटन स्पेशल को कोडरमा स्टेशन से हरी झंडी दिखाया गया और लोकमान्य तिलक टर्मिनल, मुंबई के मध्य एक नई ट्रेन सेवा का आज शुभारंभ किया गया ।

नई ट्रेन का नियमित परिचालन गाड़ी सं. 22358/22357 गया-लोकमान्य तिलक-गया एक्सप्रेस द्वारा किया जायेगा । यह नई ट्रेन झारखंड और बिहार को मुंबई से संपर्क बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस ट्रेन के शुरू होने से झारखंड एवं बिहार के विभिन्न धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक पहुंचना आसान हो जाएगा। त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों के लिए यह कदम एक अतिरिक्त लाभ होगा। यह सेवा मार्ग पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में भी मदद करेगी, जिससे स्थानीय व्यवसायों, पर्यटन और आस-पास के क्षेत्रों में व्यापार को लाभ होगा।

गया से यह ट्रेन सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनल से सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित किया जाएगा । इस ट्रेन में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03 कोच, तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 03 कोच, शयनयान श्रेणी के 06 कोच तथा साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे ।

गाड़ी सं. 22358 गया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस गया से प्रत्येक बुधवार को 19.00 बजे खुलकर शुक्रवार को 05.50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 22357 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-गया एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक टर्मिनल से प्रत्येक शुक्रवार को 13.15 बजे खुलकर शनिवार को 22.50 बजे गया पहुंचेगी ।

अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन गया और लोकमान्य तिलक टर्मिनल के मध्य कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बरकाकाना, मेसरा, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगडा, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, वर्द्धा, बडनेरा, अकोला, भुसावल, जलगांव, नासिक रोड एवं कल्याण स्टेशनों पर रूकेगी ।

# सेवा भारती ने मुंडा परिवारों के बीच कन्या पूजन का किया आयोजन

कोडरमा, उज्ज्वल दुनिया सं

**गरीब,असहाय,बंचितो के बीच कन्या पूजन से मन को मिलती है शांति :आलोक सिन्हा**

नवरात्र के नवमी को कन्या पूजन का विशेष महत्व है लोग अपने घरों में नौ कन्या का माता दुर्गा का स्वरूप मानकर पूजा करते हैं। महानगरों के बाद अब कोडरमा के शहरी क्षेत्र में भी कई स्थानों पर कन्या पूजन का आयोजन किए जाने लगा है।

सेवा भारती संगठन के द्वारा वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी मुंडा परिवार के बीच दुर्गा पूजा पर्व पर उनके सम्मान में मुंडा परिवार की



31 कन्याओं का पूजन किया गया। सेवा भारती के सचिव आलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि शहरी क्षेत्र में तो कई स्थानों पर कन्या पूजन का आयोजन किया जाता है लेकिन वन क्षेत्र में रहने वाले अभावग्रस्त लोग त्यौहार में इन सब से वंचित रह जाते हैं।इसी को ध्यान में रखते हुए सेवा भारती के द्वारा पिछले 4 वर्षों से मुंडा परिवार के बीच पहुंचकर कन्या पूजन का आयोजन किया जा रहा है। सेवा भारती के द्वारा झरना कुंड धाम में कन्याओं को एकत्रित कर सर्वप्रथम उनका पैर धोया गया। इसके बाद पैर रंगने के उपरांत तिलक लगाकर उन्हें अंग वस्त्र फल और राशि देकर उनका पूजन किया गया।उन्होंने कहा कि गरीब,असहाय,बंचितो के बीच कन्या पूजन से मन को शांति मिलती है।

मौके पर रिलायंस स्मार्ट बाजार के मैनेजर शशि भूषण,अमित कुमार व अन्य कर्मियों के द्वारा सभी कन्याओं को उपहार स्वरूप स्कॉलर किट और चॉकलेट दिया गया।वहीं गझण्डी रोड स्थित आदिवासी बच्चों के बीच भी स्कॉलर किट और चॉकलेट का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सेवा भारती के संयोजक गौरव कुमार,प्रकल्प प्रभारी संजय वर्मा,राजेश गुप्ता, सत्येंद्र सिन्हा, राम कुमार, जाबाज, महेश कुमार, प्रदीप सुमन, कुमारी मीता, सुषमा सुमन आदि उपस्थित थे।

## रेलवे माल गोदाम में काम करने वाले हमारे सभी श्रमिक बंधुओं को जल्द मिलने वाली है खुशियों की सौगात




**कोडरमा :** 9 अक्टूबर 2024 को 'श्रम शक्ति भवन' में श्रमिकों को उनका हक और अधिकार दिलाने के उद्देश्य से ₹भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ₹ के अरुण कुमार पासवान, संगठन के मार्गदर्शक जगदंबिका पाल एवं मनोरंजन पासवान ने ₹रेलवे एवं श्रम विभाग₹ के उच्च अधिकारियों के साथ त्रिपक्षीय बैठक कर श्रमिकों के अधिकारों के लिए मानक तय किए। बतौर संगठन मंत्री संदीप कुमार इस बैठक मेंशामिल होकर रेलवे माल गोदाम में कार्यरत श्रमिक बंधुओं के लिए वेतनमान, पेंशन, पहचान पत्र कार्ड, सामाजिक सुरक्षा गारंटी का लाभ, मेडिकल की सुविधा इत्यादि सुविधाओं पर सर्वसम्मति से सहमति बनी जिसे अब जल्द से जल्द धरातल पर लाने की बात कही। संघ के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा इस प्रकार के सफलतम प्रयास के लिए संगठन मंत्री संदीप कुमार ने हृदय से आभार व्यक्त किया है। संघ से जुड़े राजू सिंह, रजनीकांत पाण्डेय ,नोखलाल दास, किशोर राणा, आशुतोष कुमार सरगम, अदनान खान, बीरेंद्र चौधरी, मोनिशंकर विश्वास, सोनी कुमारी, साधु मंडल, मुकेश कुमार, राम सिंह, रमेश अवध्या, सुरेंद्र दास, देवाशीष पांडा, रोहित साहू आदि मौजूद थे।

## आपकी विकास पार्टी ने विधानसभा चुनाव को ले जारी की प्रत्याशियों की पहली सूची

**रांची/कोडरमा :** झारखंड में विधानसभा चुनावों की तैयारी जोरों पर है और सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी रणनीति के साथ मैदान में उतर रही हैं। इसी कड़ी में नई राजनीतिक ताकत ₹आपकी विकास पार्टी₹ ने भी अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है।

रांची प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने इस सूची को जारी किया। और साथ ही साथ पार्टी का चुनाव चिन्ह ₹कलम की निब सात किरणों के साथ₹ का भी लॉन्च किया। इस मौके पर उन्होंने झारखंड के विकास और जनता के हितों पर जोर देते हुए कहा कि झारखंड के अलग राज्य बने 24 साल हो गए हैं, लेकिन यहां के लोग अब तक विकास से वंचित हैं। विभिन्न पार्टियों ने राज्य पर शासन किया,लेकिन जनता के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। प्रत्याशियों की पहली सूची में नाला विधानसभा से जयंती बनर्जी, डुमरी विधानसभा से रकीब आलम, कोडरमा विधानसभा से डॉ. कहकसा कमाल, धनवार विधानसभा से मो. सगीर एवं बड़कागांव विधानसभा से मो. खिताब अनवर के नाम शामिल है।

वहीं श्री मुस्तफा ने कहा कि हमें विश्वास है कि हमारी पार्टी के प्रत्याशी चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचेंगे और झारखंड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी का एजेंडा राज्य के पिछड़े इलाकों में विकास, रोजगार, स्वाथ और शिक्षा के सुधार पर केंद्रित रहेगा। बताते चले कि आपकी विकास पार्टी का जब से लॉन्चिग हुआ है तब से जन समुदाय के हित के लिए निरंतर आंदोलनरत रहा है।

# अग्रवाल समाज एवं आईएमए ने झंडा चौक पर लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

झुमरीतिलैया, उज्ज्वल दुनिया सं

**जनसेवा से बड़ा कोई धर्म नही : कर्नल विजय कुमार**

दुर्गा पूजा को ले दो दिवसीय निःशुल्क पेयजल एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन झंडा चौक के समीप किया गया ।इसमें दो दिनों में 28 सौ लीटर पानी का वितरण लगभग 15 हजार श्रद्धालु भक्तों के बीच अग्रवाल समाज पेयजल की व्यवस्था की और आईएमए के द्वारा स्वास्थ्य जांच भी की गई।दो दिवसीय कार्यक्रम में एनसीसी के कैडेटों ने भी अपनी सहभागिता निभाई।कैम्प में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक भी शामिल हुए।दो दिवसीय शिविर का उद्घाटन 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार(सेना मेडल)एसडीपीओ अनिल कुमार



सिंह,आईएमए के अध्यक्ष डॉ.सुजीत राज,अग्रवाल समाज के अध्यक्ष कैलाश चौधरी, उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल,सचिव संजीव खेतान,कोषाध्यक्ष प्रदीप बंसल कार्यक्रम के परियोजना निदेशक अरविंद चौधरी ने संयुक्त रूप से किया ।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कर्नल विजय कुमार ने कहा कि जन सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है।अग्रवाल समाज ने जो पेयजल की व्यवस्था श्रद्धालु भक्तों के लिये की है वो अद्वितीय है।पूजा पंडालों के दर्शन के उपरांत मेले में सामग्री खाने के बाद लोगों को प्यास लगती हैओ ऐसे में ये शिविर मिल का पत्थर साबित होगा।एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि अग्रवाल समाज समाजसेवा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है।उन्होंने कहा कि ये जहाँ भी बसते है वहां अलग पहचान बनाते है।समाज सेवा इनका आधार स्तंभ भी हैओ।आईएमए केअध्यक्ष डॉ. सुजीत राज ने कहा कि दुर्गा पूजा में इस प्रकार के कार्यक्रम के लिए साधुवाद दिया और कहा कि ऐसे कार्यों में आईएमए आगे भी सेवा कार्यों से जुड़ेगी।अध्यक्ष श्री चौधरी एवं सचिव श्री खेतान ने कहा कि समाज का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान तक के लोगों को सेवा उपलब्ध कराना प्राथमिकताओं में है।मौके पर अतिथियों को अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया गया।मंच का संचालन अजय अग्रवाल ने किया।जबकि धन्यवाद ज्ञापन अरविंद चौधरी ने किया।कार्यक्रम के दूसरे दिन कोडरमा एसडीओ रिया सिंह भी शिविर में पहुंच कर कहा कि पानी पिलाने से बड़ा कोई धर्म नही होता और राहगीरों के लिए यह कार्यक्रम लाभदायक है। मौके पर एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, सीओ हलधर प्रसाद सेठी, डॉ.आरके दीपक,डॉ. सोमेश, विजय केडिया, महेश दारूका, संतोष लड्ढ़ा, विपुल चौधरी, संजय नरेडी,किशन संघई, सुजीत परसुरामपुरिया, पप्पू खेतान, मनोज केडिया, आयुष पोद्दार, संजय खेमानी, संजीव अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सुनील लोहिया, संदीप हिसारिया, नीलेश लड्ढ़ा, नवीन संघई, रजत बड़गवे, मुरारी बड़गवे, चंद्रशेखर जोशी, दीपक सिन्हा, शैलेश दारुका, आशीष खेतान, प्रिंस राणा, दिलीप सिंह, पवन चौधरी, रामवतार बासका, अर्जुन संघई, एनसीसी के संतोष कुमार एवं कैडेट आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### शारदीय नवरात्र के महानवमी को निमार्णाधीन माँ वैष्णों देवी मंदिर में किया गया भंडारे का आयोजन



**झुमरीतिलैया :** असनाबाद स्थित निमार्णाधीन माँ वैष्णों देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र के महानवमी पर भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में साकार टीएमटी के निदेशक उदय सोनी मुख्य रूप से उपस्थित थे।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शहर में माँ वैष्णों देवी मंदिर का निर्माण होना एक बहुत बड़ी पहल है।उन्होंने मंदिर कमेटी को इस निर्माण में यथा संभव मदद करने की बात कही।वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष पंकज सिंह ने उनका आभार व्यक्त करते हुए बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।वही नवरात्र के दौरान ध्वजाधारी धाम के महंत श्री श्री 1008 सुखदेव जी महाराज,डर. बिरेंद्र कुमार,मोनू सिंह एवं अन्य सदस्य गण ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।कार्यजर्म का संचालन समिति के विजय वर्णवाल ने किया।मौके पर समिति के रोहित शर्मा, नवीन सिन्हा, शिव कुमार यादव, सिद्धि प्रसाद, टिंकु वर्मा, कुलदीप यादव, बिजय पंडित, संजय साव, दिलीप दांगी, संजय सिन्हा, रंजित सिन्हा, रौनक सिंह, अजित कुमार गुप्ता, राहुल सिंह, पृथ्वी सिंह, रौनक सिन्हा, अरविंद, वर्णवाल, शुभम राज, सोभित कुमार, प्रमानंद मुन्ना, राणा प्रताप सिंह,संजय शर्मा, अरविंद विश्वकर्मा, महेश यादव, जितेंद्र साव, प्रिंस कुमार, यश कुमार, नितिन कुमार पंडित, विशाल सिंह यादव, प्रीत कुमार, राजा कुमार, वीर कुमार आदि उपस्थित थे।

### कोडरमा डीएवी में नवरात्रि के पावन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**झुमरीतिलैया :** पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल में नवरात्रि के अवसर पर एक भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में छात्रों ने अपने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कला का प्रदर्शन किया । सर्वप्रथम अंतरा मुखर्जी ने 'अहि गिरी नंदिनी ' दुर्गास्रोत नृत्य से कार्यक्रम का आरंभ किया फिर नव्या और अनुष्का गुप्ता ने दांडिया नृत्य से सभी को मुग्ध किया। अमृता मंडल और समाधृता मंडल में बंगाली नृत्य प्रस्तुत किया तथा सान्वी ने की एकल नृत्य के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया । अभया श्री ने एक वक्तव्य के माध्यम से नवरात्र के धार्मिक और वैज्ञानिक महत्त्व को समझाया ताकि हम सभीअपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए माँ दुर्गा से प्रार्थना करें। रूही और चाहत ने भी एक भक्ति नृत्य प्रस्तुत कर विद्यालय के वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

विद्यालय के प्राचार्य श्री कृष्ण कुमार सिंह ने सभी को नवरात्र एवं दशहरे की हार्दिक शुभ कामनाएँ देते हुए कहा कि

नवरात्रि का उत्सव हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है,यह हमें हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जड़ों को समझने और उनका सम्मान करने का अवसर देता है। नवरात्रि उत्सव का आयोजन छात्रों के उत्साह और भक्ति का प्रदर्शन करता है। नवरात्र के दौरान माँ की स्तुति से ही हमें साकारात्मक ऊर्जा मिलती है ताकि हम इसे प्राप्त कर आगे बढ़ सकें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका संगीता जेठवा नीतिका सिंह एवं शिल्पी गुप्ता ने अहम भूमिका निभायी ।

### गुमों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**विजेताओं को मिला ट्रॉफी के साथ नगद पुरस्कार**




**झुमरी तिलैया :** दुगार्पूजा में नवमी के दिन लोगों के मनोरंजन के लिए आजाद क्लब गुमो के द्वारा बच्चों और डांस क्लबों के प्रतिभागियों के बीच डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुल 22 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता जुनियर और सीनियर दो वर्ग में विभाजित था। जुनियर ग्रुप में डेंजरस डांस एकेडमी को प्रथम, रानी कमारी को द्वितीय और शलगम एंड ग्रुप को तृतीय पुरस्कार मिला।

जबकि सीनियर वर्ग में एमजे ग्रुप को प्रथम, रौनक पांडेय को द्वितीय और रोहित कुमार को तृतीय पुरस्कार मिला। पुरस्कार में ट्रॉफी के साथ क्रमशः 2100 रुपये,1100 रुपये और 500 रुपये का नकद पुरस्कार मिला। वहीं बेस्ट परफार्मर का अवार्ड नेहा कुमारी को दिया गया। बता दें कि नेहा कुमारी डीआइडी में रेमो डिशुजा और राघव जुआल के सामने प्रदश्रन कर चुकी हैं। निर्णायक के रुप में गोपाल सिंह थे। कार्यक्रम का संचालन भोलानाथ पांडेय और विपीन पांडेय ने किया। विजेताओं को कमेश्वर पांडेय, मुरली मनोहर पांडेय, सतीश पांडेय, भरत लाल पांडेय, सत्यदेव राय और मनोज पांडेय ने पुरस्कृत किया। आयोजन को सफल बनाने में विवेक पांडेय, संजय राम, राजन कुमार पांडेय, अनुराग पांडेय, रवि पांडेय सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

# रूदवा गांव में ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंदा, दादी पोते की हुई मौत



**छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)**

मेदनीनगर से औरंगाबाद जाने वाली एनएच 98 सड़क पर छतरपुर थाना के क्षेत्र के रूदवा गांव के समीप एक ट्रक ने बाइक से जा रहे हैं तीन लोगों को कुचल दिया जिससे दादी और पोते की मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया.मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात्रि 8 से 9 बजे के बीच रूदवा निवासी सुनील सिंह अपने पांच वर्षीय भतीजा गौतम कुमार का छतरपुर से इलाज कराकर मां एतवरिया कुंवर के साथ अपनी बाइक से देर रात घर लौट रहा था की रूदवा पंचायत भवन के सामने मेदनीनगर की ओर से औरंगाबाद की ओर जारही ट्रक जो किसी वाहन से वोभर टेक करने के दौरान सामने से आ रहे सुनील की बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए इधर ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से भाग गया पर इसके सूचना छतरपुर की पुलिस को मिली तो उनके द्वारा हरिहरगंज पुलिस की मदद से ट्रक और चालक को हरिहरगंज थाना के समीप पकड़ लिया गया.इधर तीनों घायलों को ग्रामीणों ने अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर लाया गया जहां सभी की प्राथमिक इलाज के बाद एमएचसीएच मेदनीनगर रेफर कर दिया गया तो परिजन एंबुलेंस से तीनों को मेदनीनगर ले जा रहें थे की रास्ते में एतवरिया कुंवर और गौतम की मौत हो गई जबकि सुनील की हालत गंभीर देखते हुए एमएमसीएच के डॉक्टरों ने रिम्स रांची रेफर कर दिया जहां उसकी इलाज की जा रही है पर उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है.इधर रूदवा के एक ग्रामीण सत्येंद्र भुइयां ने कहा की अनुमंडलीय अस्पताल के डॉक्टर और कर्मियों की लापरवाही के कारण गौतम और उसकी दादी एतवरिया कुंवर की मौत हुई है,उन्होंने बताया की डेढ़ घंटा तक तीनों घायल अनुमंडलीय अस्पताल में तड़पते रहे पर उनका इलाज करने कोई नहीं आया तो रूदवा के एक ग्रामीण चिकित्सक जो घायलों के साथ गए थे उनके द्वारा तीनों घायलों का इलाज किया गया इतना ही नहीं बैंडेज पट्टी भी बाहर से खरीद कर लाना पड़ा,सत्येंद्र ने कहा की अगर समय रहते इलाज किया जाता तो शायद गौतम और एतवरिया की जान नहीं जाती.सड़क दुर्घटना की खबर सुन ग्रामीणों ने शुक्रवार की अहले सुबह घटना स्थल पर नेशनल हाइवे 98 सड़क को जाम कर दिया जिससे लगभग पांच घंटा तक उक्त सड़क पर यातायात पूरी तरह से प्रभावित रही और वाहनों की लम्बी कतार लग गई, जाम की सूचना पाकर बीडीओ आशीष कुमार साहू,अंचलाधिकारी उपेंद्र कुमार,थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, एसआई राहुल कुमार,राजीव कुमार ने जाम स्थल जाकर जाम कर रहें लोगों को मुआवजा और मदद करने के आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### रावण का पुतला दहन के साथ निकली आकर्षक झांकी



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)**

मोहम्मदगंज प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों में रखे शनिवार को मूर्ति विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा का त्योहार संपन्न हो गया. इस मौके पर करीब 16 सालों से बीरध्वर गाव में रावण का पुतला दहन किया जाता है. इस वर्ष भी करीब 30 फीट ऊंची रावण का पुतला दहन किया गया.इसके राम, हनुमान, लक्ष्मण व सीता की गाव से आकर्षक झांकी निकाली गयी.पूजा कमेटी के गुड्डू ने राम,वीरशन कुमार ने लखन,पक्का जी ने सीता व शिवम ने हनुमान जी की जीवंत भूमिका निभायी.कमेटी गणमान्य लोगों को पुरस्कृत किया .इसके पाश्चत शनिवार की शाम करीब सात बजे हजारों ग्रामीणों के बीच रावण का पुतला दहन किया गया.कमेटी के वीरेंद्र कुमार सिंह, श्रवण मेहता,कामता मेहता समेत अन्य ग्रामीणों ने कार्यक्रम संपन्न कराने में अहम भूमिका निभायी।

### मुख्यमंत्री के नाम रामदेव का खुला पत्र

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)**

पलामू जिला के मनातू प्रखंड अंतर्गत चक को प्रखंड बनाने की मांग की गई।

चक उग्रवाद बहुल इलाका है और जो पूर्णतरू प्रखंड बनाने का आहर्ता रखती है। जिसमें मनातू और प्रतापपुर प्रखंड कई के पंचायत जुड़ा हुआ है। प्रखंड के कई पंचायत चक से जुड़ा हुआ है और चक से मनातू की दूरी 18 किलोमीटर है तथा चक से प्रतापपुर की दूरी 25 किलोमीटर है,जो सुदूर गांव के ग्रामीणों को मनातू और प्रतापपुर प्रखंड जाने में बहुत दूरी तय करनी पड़ती हैं, अतः जनता की सुविधा को देखते हुए है चक को प्रखंड बनाना अनिवार्य हो जाती हैं। विदित है कि मनातू प्रखंड के ग्राम पंचायत चक, रंगिया, डुमरी तथा प्रतापपुर प्रखंड के पंचायत डुमरवार, बरूरा,एघरा,घोरीघाट सात पंचायत मिलाकर चक को प्रखंड बनाने से जनता को सुविधा हो होगी और जनता को कम दूरी तय कर प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर अपने कार्य को पूरा कर पाएंगे। इसके लिए इस प्रखंड में पड़ने वाले 07 पंचायत के ग्रामीणों से अपील है कि अपने अधिकार के लिए संघर्ष को तेज करने के लिए संकल्प लें। चक प्रखंड बनाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में संघर्ष करने की निर्णय ली गई। इस बैठक में मुख्य रूप से राजद नेता रामदेव प्रसाद यादव, केदार प्रसाद यादव, समाजसेवी गणेश रवि, राजद नेता प्रोफेसर धर्मेंद्र कुशवाहा, चंदन राज यादव, कमलकांत, रंजीत कुमार, छोटू यादव, उदेश यादव, आनंद यादव आदि इस बैठक में उपस्थित थे।

### देशी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)**

नावाजयपुर पुलिस की सक्रियता से रविवार को बड़ी घटना टल गयी.नावजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने गुप्त सूचना पर एक व्यक्ति को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.थाना क्षेत्र के कोल्हुआ टोला भीतियाही के संतु कुमार महतो को गिरफ्तार किया गया.बताया गया कि प्रतिमा विसर्जन जुलूस में संतु कुमार महतो कोई बड़ी घटना का अंजाम देने के फिराक में है.वह पिस्टल लेकर घूम रहा है.उसने दो राउंड फायरिंग भी किया है. सूचना पाकर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय सक्रियता दिखाई. संतु को गिरफ्तार कर उसके पास से लोडेड एक देशी कट्टा,दो खोखा बरामद किया.

### लातेहार में पतकी जंगल के पास कार और बस की टक्कर, एक की मौत, 8 घायल

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र अन्तर्गत एनएच 39 पर दोमुहान के पास आज जेपीएस बस ने ओवरटेक करने के दोरान कार और टेम्पू को अपनी चपेट में ले लिया. जानकारी के अनुसार हादसे में एक की मौत हो गई है और आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए. घटना करीब एक बजे की है. घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने मनिका थाना को दी, जिसके बाद मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सदर अस्पताल भिजवाया, इधर लातेहार सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने घटना में घायल सफदर इमाम को मृत घोषित कर दिया.

## संक्षिप्त खबरें

### हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया विजया दशमी का पर्व



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)**

अधर्म पर धर्म ,बुराई पर अच्छाई अन्याय पर न्याय ,दुराचारी पर सदाचारी ,असत्य पर सत्य अंधकार पर उजाले के विजय का प्रतीक विजया दशमी का पर्व शनिवार को पोलपोल मे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। पोलपोल बेसिक स्कूल के प्रांगण में 20 फीट ऊंचे रावण का पुतला दहन किया गया। जय श्री राम के जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इसके पूर्व राम रावण के भयंकर युद्ध का रामलीला के माध्यम से लोगों ने आनंद उठाया। इस मौके पर कमेटी के लोगों ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बेसिक स्कूल के प्रांगण में रावण दहन के पुतला कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिसमें दर्जनों गांव के सैकड़ो लोग उपस्थित हुए। इसी के साथ क्षेत्र में दशहरा का त्यौहार मनाया गया। पुतला दहन के पश्चात माँ दुर्गा व राम दरबार के प्रतिमाओं का विसर्जन तालाब में किया गया। गाजे बाजे के साथ निकले जुलूस में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष ने माँ दुर्गे को नम आंखों से विदाई दी। इस मौके पर कमेटी के लोगों ने कहा कि पूजा में सभी जाति धर्म के लोगो का भरपूर सहयोग मिला। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष आनंद सिंह ,शशि सिंह, उमेश प्रसाद ,लीलेश्वर सिंह,शिव कुमार सिंह ,संतोष कुमार पांडेय,मलिक कुमार सिंह ,जयप्रकाश सिंह ,सूर्य प्रकाश सिंह, विनोद ठाकुर, सुरेश राम ,अखिलेश सिंह ,उपेंद्र सिंह ,समेत सैकड़ोलोग उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा धूमधाम से सम्पन्न, गाजे - बाजे के साथ किया गया प्रतिमा का विसर्जन



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)**

दुर्गा पूजा धूमधाम सम्पन्न हो गया, रविवार को मां दुर्गे की प्रतिमा का विषर्जन किया गया, विषर्जन के जुलूस में शामिल लोग जय माता दी का जयघोष लगाते हुए एवं गाजे-बाजे के साथ प्रतिमा का विषर्जन किया गया, इस दौरान पांडू दुर्गा पूजा समिति, मुरुमातु, कजरु कला, पूजा समिति महुगांवा, पूजा समिति मुसीखाप, सिबन्दीह, लोटरा-चनौखर, डाला कला, सहित कई पूजा समिति के द्वारा रविवार को प्रतिमा का विषर्जन किया गया, दुर्गा पूजा के असवार पर कई गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक एवं कथा-प्रवचन किया गया।

# अंतर संसदीय संघ में भाग लेने के लिए सांसद पहुंचे जेनेवा

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।**



सांसद विष्णु दयाल राम स्विट्जरलैंड के जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के 149वें अधिवेशन में भाग लेने के लिए रविवार को जेनेवा पहुंच गये. 18वीं लोकसभा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा बीड़ी राम का नाम नामित किया गया है. श्री राम ने बताया कि लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की ओर से अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के 149वें अधिवेशन में भाग लेने के लिए जेनेवा स्वीटजरलैंड पहुंच चुके हैं. भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल मंडल में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, लोकसभा सांसद भर्तहरी महताब, अनुराग सिंह ठाकुर, अपराजिता सारंगी, राज्यसभा सांसद सस्मित पात्रा, राजीव शुक्ला, ममता मोहंता एवं लोकसभा सचिवालय के पदाधिकारियों के साथ पहुंचे चुके हैं. अधिवेशन 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित है.अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) संप्रभु देशों के सांसदों का अंतरराष्ट्रीय संगठन है.आईपीयू की स्थापना वर्ष 1889 में की गयी थी. जिसका उद्देश्य विश्वव्यापी संसदीय परिचर्चा के लिए तथा लोगों के बीच शांति सहयोग और प्रतिनिधिक लोकतंत्र की ठोस स्थापना के लिए कार्य करना है. आईपीयू के लगभग 180 देशों के संसद सदस्य हैं. जो भिन्न-भिन्न विचारधाराओं, आर्थिक और सामाजिक पद्धतियों का प्रतिनिधित्व करते है. आईपीयू उन क्षेत्रीय अंतर संसदीय संगठनों तथा अंतरराष्ट्रीय अंतर सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से भी कार्य करता है. आईपीयू की मीटिंग वर्ष में दो बार मार्च-अप्रैल एवं अक्टूबर-नवंबर माह में आयोजित की जाती है.जिनमें वर्तमान अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की जाती है. इसके पूर्व भी सांसद ने 142वें, 143वें 144वें, 145वें 146वें एवं 147वें अधिवेशन के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्हें नामित किया गया था. श्री राम ने बताया कि 2021 अप्रैल में कोविड-19 के कारण 142वें अधिवेशन में वर्चुअल मीटिंग हुई थी. जिसमें वर्चुअली रूप से भाग लिया था.नवंबर 2021 में स्पेन में 143वें अधिवेशन, इंडोनेशिया में 144वें अधिवेशन, रवांडा अफ्रीका में 145वें अधिवेशन, मनामा बहरीन में 146वें अधिवेशन एवं लुआंडा में 147वें अधिवेशन के लिए भी नामित किया गया था.जिसमें वे भाग ले चुके हैं।

## झारखंड आंदोलनकारी मुरलीधर प्रसाद सदर अस्पताल डाल्टनगंज में वेंटिलेटर के लिए तरस रहे हैं

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)**



जिला लातेहार ग्राम बरवाडी का निवासी मुरलीधर प्रसाद आज अपनी बदहाली और गरीबी का दर्द छुपाए हुए है और सख्त बीमार होकर सदर अस्पताल में अपने को कोस रहा है। जो व्यक्ति कल झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में लातेहार पलामू का एक शेर कहा जाता था आंदोलन को धारदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहा है अपना सारा जीवन आंदोलन में समर्पित कर रखा था लेकिन आज उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है आंदोलनकारी साथियों ने बताया कि मुरलीधर प्रसाद को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है परंतु इनको वेंटिलेटर इस सख्त जरूरत है ऐसे में मुरलीधर प्रसाद झारखंड के मुख्यमंत्री की ओर ध्यान लगाए हुए बीमारी में भी बड़बड़ा रहा है कि कोई तो मेरा संदेश हमारे श्री हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री तक पहुंचा दे ताकि मेरा इलाज अच्छे से हो सके बरवाडीह का ही एक आंदोलनकारी साथी शंकर प्रसाद चैधरी ने बताया कि मुरलीधर प्रसाद बहुत ही गरीब व्यक्ति है उनके घर कोई कमाने वाला नहीं है है डॉक्टर से बातचीत करने पर बताया है कि इन्हें वेंटीलेटर की सख्त जरूरत है ताकि इनका आगे का इलाज चल सके उनकी स्थिति देखकर आंदोलनकारी साथियों का हौसला भी टूटता जा रहा है कई लोग दुनिया छोड़ चुके हैं इस आशा पर कि आज ना कल हम सभी आंदोलनकारी को जो जेल गए हैं और जो जेल नहीं गए हैं सभी को सम्मान रूप से पेंशन और आदि सुविधा मुहैया कराई जाएगी बस आखरी उम्मीद हेमंत सोरेन से लगाए हुए हैं आंदोलनकारी ने मुरलीधर प्रसाद की दीघार्यु की मंगल कामना किया है। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने हेमंत सोरेन सरकार से मांग की है कि अलग झारखण्ड राज्य में अपनी सब कुछ न्योछावर किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम से आपसी सद्भाव व भाईचारा को बढ़ावा मिलता है : डॉ शशि भूषण मेहता



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)**

सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के चपरना गांव में दुर्गा-पूजा के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन डॉ शशी भूषण मेहता ने फीता काट कर किया. डा मेहता ने कहा कि करोना काल के बाद पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य को गति देने का कार्य किया है मगर विपक्षी दल के नेताओं को पेट में दर्द हो रहा है. वैसे लोग दलित, आदिवासी, पिछड़ी जाति के विकास कार्यों से वंचित रखना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि मैंने सभी वर्ग समुदाय के लोगों को विकास में हिस्सेदारी तथा भागीदारी दिया. विधायक मद की राशि को घर-घर तक पहुंचने का कार्य किया. उन्होंने कहा कि डॉक्टर मेहता ने कहा कि 185 करोड़ रुपए की लागत से पूरे विधानसभा में पुल पलिया तथा सड़क का निर्माण के साथ-साथ संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी का प्रतिमा लगाई जा रही है. उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत सरकार बनेगी.उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से आपसी सद्भाव व भाईचारा को बढ़ावा मिलता है समय-समय पर इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए उन्होंने कहा कि अगर आपका आशीर्वाद और माता रानी का कृपा रहेगी तो बाकि विधानसभा क्षेत्र में पुनः दूसरी बार भी कमल फूल खिलेगा. उन्होंने कई लोग बरसाती मेंढक बनकर क्षेत्र में घूम रहे हैं ऐसे लोगों से हम सबों को सावधान रहने की जरूरत है .मौके पर जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, प्रखंड प्रमुख युगल किशोर राम, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह, राणा प्रताप कुशवाहा समेत कई लोग मौजूद थे।

# सिंगरा में कलश यात्रा के साथ श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ शुरू

### श्रीमन् नारायण श्रीमन् नारायण के जयघोष से गुंजायमान हुआ इलाका

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)**



सिंगरा में त्रिदंडी प्रपन्नाचार्य जीयर स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ को ले शनिवार को कलशयात्रा के साथ शुरू हो गया.कलशयात्रा सिंगरा महायज्ञ स्थल से शुरू होकर शहर का विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः सिंगरा अमानत नदी तट पर पहुंचा. मुख्य यजमान के रूप में ददन सिंह सपत्नीक शामिल हुए. बिहार बक्सर से पधारे यज्ञाचार्य पंडित विजय राघव पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा.श्रद्धालु कलश में जल भर कर यज्ञमंडप में पहुंचे जहां यज्ञाचार्य द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराया जिसके बाद यज्ञमंडप में कलश स्थापित किया गया. कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा श्रीमन् नारायण, श्रीमन् नारायण के जयघोष से पूरा इलाका गुंजायमान हो रहा था।. कलशयात्रा में विभिन्न रथों पर बाहर से आए संत विराजमान थे. कलशयात्रा में घोड़ा और पारंपरिक ढोल, चोंगा धुतुंगा आकर्षण का केंद्र रहा. कलशयात्रा में महिला पुरुष पीला व भगवा वस्त्र पहने थे. विधायक आलोक चैरसिया ने कहा कि पलामू प्रमंडल के लिए बहुत गर्व की बात है कि इतने बड़े संत के नेतृत्व में महायज्ञ आयोजित किया गया.पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि इस तरह के महायज्ञ से इलाके में सुख-शांति एवं समृद्धि आएगी. यह महायज्ञ पलामू के लिए ऐतिहासिक व अविस्मरणीय रहेगा. इस मौके पर विधायक आलोक चैरसिया, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, भाजपा के प्रदेश मंत्री मनोज सिंह,विभाकर पांडेय, राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के संरक्षक कमलेश शुक्ला, पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह,महायज्ञ समिति के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, उमाशंकर सिंह, संतोष शुक्ला, रामाधार सिंह, हरेन्द्र सिंह, आनंद सिंह सहित हजारों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लिया.सिंगरा में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के लिए निकली कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का महाराजा पैलेस के पास राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के जिलाध्यक्ष मधुकर शुक्ला के नेतृत्व में सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

# पलामू एथेलेटिक्स टीम रजरप्पा रवाना

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)**



रामगढ़ जिला के रजरप्पा में दो दिवसीय राज्य स्तरीय 18 वीं जूनियर एथेलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है. झारखंड स्टेट एथेलेटिक्स एसोसिएशन एवं रामगढ़ जिला एथेलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं.14 एवं 15 अक्तूबर को रामगढ़ के रजरप्पा खेल स्टेडियम में यह प्रतियोगिता होगी.यह जानकारी पलामू जिला एथेलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने दी.उन्होंने बताया इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पलामू से मोनू कुमार एवं प्रीति कुमारी के नेतृत्व में 35 सदस्यीय बालक बालिका टीम रजरप्पा के लिए रवाना हुई.पलामू जिला एथेलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजात शत्रु प्रसाद सिन्हा,सचिव संजय कुमार त्रिपाठी,कोषाध्यक्ष कमलानंद दुबे ने पलामू एक्सप्रेस ट्रेन से खिलाडियों को रवाना किया.टीम में जिला स्तरीय जुनियर बालक बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी शामिल हैं.बालक वर्ग में आदित्य भारद्वाज,आर्यन,आशुतोष ठाकुर , प्रतीक ,आयुष,प्रत्यय पांडेय,हेमंत,देवव्रत पाठक,हिमेश राम, एमडी इरफान अली, वसंत यादव,रमेश पाल,प्रिंस टोप्पो, गोल्डन, आशीष प्रजापति, अनमोल तिवारी, इमाम अंसारी, उत्कर्ष झा, कुंदन, विनय, मोहित, सन्नी मेहता, राधेश्याम ठाकुर, रौनक आर्यन और बालिका वर्ग में आकांक्षा, आर्या सिंह, सुहानी सिंह, शिवानी, ज्योति, साधना, सन्ध्या, मानसी, मनोरमा,तनु, आराध्या, रौनक शामिल हैं. एसोसिएशन के सचिव श्री त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भुवनेश्वर में आयोजित जूनियर नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

संपादकीय

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा

रविन्द्र ओझा

भारत का विकसित भारत बनने का सपना तभी साकार हो सकता है जब देश की ग्रामीण आबादी के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाए। भारत की लगभग 65% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, और इन्हीं इलाकों में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की सबसे बड़ी चुनौती सामने आती है। ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य सेवाओं के बीच का अंतर अब भी एक गंभीर मुद्दा है, जिसके लिए स्वास्थ्य सेवा वितरण, बुनियादी ढांचे और नीति निर्माण में व्यापक और डेटा-समर्थित दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

2023-24 के केंद्रीय बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए ?89,155 करोड़ आवंटित किए गए, जो पिछले साल की तुलना में 3.4% की वृद्धि दशार्ता है। स्वास्थ्य पर खर्च को सकल घरेलू उत्पाद का 1.4% से बढ़ाकर 1.9% करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के 1.5% के लक्ष्य से अधिक है। हालांकि, भारत का कुल स्वास्थ्य व्यय अभी भी वैश्विक औसत 6% से काफी कम है और 2025 तक के 2.5% के लक्ष्य से भी दूर है। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 2024-25 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को ?36,000 करोड़ का आवंटन सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, लेकिन यह अब भी पर्याप्त नहीं है ताकि ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचे, कर्मियों और सेवाओं तक पहुंच में लगातार बनी हुई खाई को पाटा जा सके। हालांकि भारत ने ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचे में सुधार की दिशा में कदम उठाए हैं, लेकिन महत्वपूर्ण अंतर अभी भी बाकी हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के 2022 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में 1,61,829 उप-केंद्र , 31,053 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र , और 5,480 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। ये आंकड़े जनसंख्या मानकों के अनुसार क्रमशः 24%, 18%, और 37% की कमी को दशार्ते हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत 2024 तक 1.64 लाख स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, लेकिन अभी भी 40,000 से अधिक नए केंद्रों की आवश्यकता है।

## आज का राशिफल

**मेष** : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

**वृष** : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कर्क** : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-9

**सिंह** : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-4-7-8

**कन्या** : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। ड्ढषचतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**तुला** : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-7

**धनु** : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5

**मकर** : परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण

## दैनिक पंचांग

**14 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.14 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | वृश्चिक | 08.28 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 10.44 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 12.49 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 14.36 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मीन | 16.09 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 17.39 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 19.19 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 21.17 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 23.31 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | सिंह | 01.47 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 03.59 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 288 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** एकादशी 06.42 बजे तदनन्तर द्वादशी 03.43 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 00.43 बजे रात्र को समाप्त। **योग** गण्ड 18.01 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 06.42 बजे, बव 17.16 बजे तदनन्तर बालव 03.43 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 11.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 08° 15' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872132 **जूलियन दिन** 2460597.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 10 **विशेष** वैष्णव पापांकुशा एकादशी, पद्मनाभ द्वादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# 'मैं' का अहंकार ही रावण है



नीरज कृष्ण

'एको अहं द्वितीयो नास्ति, न भूतो न भविष्यति' (अद्वैत वेदान्त) अर्थात एक मैं ही हूँ, दूसरा सब मिथ्या है, ना मेरे जैसा कोई आया था और ना ही मेरे जैसा कोई आएगा। ह्यमैंह्व व्यक्तिगत स्वयं का प्रतिनिधित्व करता है, व्यक्तिगत अहंकार जो व्यक्ति को दूसरों और व्यापक ब्रह्मांड से अलग करता है। यह ह्यमैंह्व का भाव अक्सर श्रेष्ठता, घमंड और स्वार्थ का भाव बन जाता है, जिससे लगाव और इच्छा की भावनाएँ उत्पन्न होती हैं। आध्यात्मिक परंपराओं में, ऐसे अहंकार को मानवीय दुख का मूल कारण माना जाता है, क्योंकि यह व्यक्तियों को भौतिक दुनिया के भ्रमों में फंसा देता है।

> इतिहास का यह विचित्र सत्य है कि इस 'मैं' ने ही दुनिया को तबाह किया है। दुनिया पर राज करने के अहंकार ने दो विश्वयुद्ध दिए, तीसरे की भूमिका तैयार है। अपने अनुसार दूसरों को चलाने के भाव ने विश्व को युद्ध के मुहाने पर ढकेल दिया है।स्कूल पर बम गिराये जा रहे हैं। जिन बच्चों की दुनिया अभी शुरू ही नहीं हुई थी, उनकी हंसी छीनी जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ बिजूका खड़ा मौन देख रहा है। मानका की दलील देने वाले प्रगतिशील विचारकों की लेखनी खामोश है क्योंकि हमलावरों से उनकी बैचारिक संधि है। एक व्यक्ति के 'मैं' के आगे अनेक मिमियां रहे हैं। 'मैं' एक अहंकार भरे भाव की अभिव्यक्ति है। इतिहास का यह विचित्र सत्य है कि इस 'मैं' ने ही दुनिया को तबाह किया है।

अहंकार का लक्षण व्यक्तिगत स्वामित्व, अधिकार और सत्ता की इच्छा होता है, जो सभी रामायण में रावण के चरित्र में दिखाई देते हैं। रावण एक शक्तिशाली राजा था, विभिन्न शास्त्रों में उच्च शिक्षित था और भगवान शिव का महान भक्त था, लेकिन उनके अहंकार और अहंकार ने उन्हें सीता, भगवान राम की पत्नी का अपहरण करने के लिए प्रेरित किया, जिससे अंततः उनका विनाश हो गया।पूरे परिवार के मरने पर भीउसको अपने 'मैं' पर विश्वास था, यह जानते हुए भी कि राम सामान्य नर नहींहै।

रावण जैसा महाज्ञानी न कभी पहले हुआ और न कभी भविष्य में होगा। एक विद्या का ज्ञाता होने में पूरा जन्म लग जाता है और रावण ने दस विद्याओं को सिद्ध कर लिया था। पूरे त्रिलोक में वह अकेले ऐसाव्यक्ति था जिसने यह किया था। इसके साथ ही उसने अपनी इंद्रियों को भी जीत लिया था।

रावण का सबसे बड़ा दोष उसकी बुद्धि या ताकत नहीं था, बल्कि अहंकार को नियंत्रित करने में उसकी असमर्थता थी। उसके अहंकार ने उसे अपने कार्यों के परिणामों को अनदेखा करने के लिए प्रेरित किया, जिससे आत्मविनाश का मार्ग बन गया। अपने परिवार और सलाहकारों की चेतावनी के बावजूद, रावण के अहंकार ने उसे सीता को भगवान राम को वापस करने से रोक दिया, जो उसे और उसके राज्य को बचा सकता था।

रामायण के राम का ह्लमैं'सामान्यतः शांत भाव सेअपने कर्म में लगा रहता है। कोईअहंकार नहीं पालता, दो-चारप्रसंगों को छेड़कर - युद्ध कांड मेंउनकी एक गर्वोक्ति कुछ इसी तरहकी है - ₹दैव सम्पादितो दोषोंभानुषुण मया जितः₹ (रावणसीता को हर ले गया, यह दोषदैवसम्पादित था। मैंने मनुष्यहोकर उसे मिटा दिया)।

महाभारतके कृष्ण अनेक स्थानों पर अपनेईश्वरत्व के अहंकार की घोषणा करते हैं। गीता में अपने को सृष्टि कानियामक कहते हैं। चारों वर्णोंकी रचना उनकी है। सृष्टि में 'मैं' का अहंकार तो है ही ? हस्तिनापुर की सभा में दूत बनकर गए कृष्ण कोजब दुर्योधन बांधने का आदेश देता है, तब कृष्ण उन्हें अपना विराट स्वरूप दिखाते हैं और दुर्योधन से कहते हैं - ₹देख! अम्बर मेंकुंतल-जाल देख। पद के नीचे पाताल देख।मुट्ठी में तीनों काल देख। मेरा स्वरूपविकराल देख। सब जन्म मुझी से पाते हैं। और लौट मुझी में आते हैं।₹ अपनीही रची हुई सृष्टि के एक जरा नामक बहेलिये के द्वारा मारे जाते हैं। कृष्ण द्वाराकितने ही अहंकारियों का मान-मर्दन करते हुए व्यास ने महाभारत में दिखायागया है। सबके अपने-अपने अहंकार हैं।

'मैं' अहंकार के अनियंत्रित खतरों का स्मरण दिलाता है। हिंदू शिक्षाओं में, आध्यात्मिक मुक्ति (मोक्ष) के लिए अहंकार का विनाश आवश्यक है। ऐसा माना जाता है कि केवल तभी जब कोई व्यक्ति सीमित स्व (अहंकार) से परे जाकर उच्च स्व (दिव्य या सार्वभौमिक चेतना) के साथ संरेखित होता है, तब ही वह सच्ची शांति और स्वतंत्रता का अनुभव कर सकता है।

रावण की कहानी अक्सर आध्यात्मिक प्रवचनों में एक चेतावनी के रूप में प्रयोग की जाती है। यह सिखाती है कि यदि कोई व्यक्ति अपने अहंकार से नियंत्रित होता है तो शक्ति, ज्ञान और भौतिक सफलता निरर्थक हैं। जैसे रावण अपने ही अहंकार से नष्ट हो गया था, वैसे ही व्यक्ति भी अपने अहंकार से ग्रसित हो सकते हैं यदि वे विनम्रता, आत्म-जागरूकता और करुणा का अभ्यास नहीं करते हैं।

हिंदू पौराणिक कथाओं में, रावण के दस सिर दस नकारात्मक गुणों का प्रतीक हैं जो अत्यधिक अहंकार से उत्पन्न होते हैं, जिनमें क्रोध, लालच, वासना, घमंड, ईर्ष्या और मोह शामिल हैं। ये गुण किसी व्यक्ति को सत्य से अंधा कर देते हैं और उन्हें ऐसे कार्यों की ओर ले जाते हैं जो स्वयं और दूसरों दोनों के लिए हानिकारक होते हैं।

आज भी रावण हमारेभीतर बाहर जीवित है, पर यह भी सच हैकि मन के किसी कोने में राम भीविराजमान है। राम है यानी उम्मीद है,आशा है, विश्वास है। इस कारण तमामबुराईयों के बाद भी एक भीतर-बाहर कीलड़ाई जारी है। हमें अपने अंदर की बुराइयोंऔर बाहर की बुराहयों से लड़ने के लिएदोहरा मोर्चा खोलना चाहिए। क्योंकिअक्सर दूसरों की कमियां नजर आती हैं।अपनी कमी-कभी दिखाई नहीं देती।अपनी कमियों को परास्त करना ही बुराईको खदेड़ना है।दशहरा एक मौका हैभीतर के राम को पहचानने का। एकअवसर है उन तमाम रावणों को बेनकाबकर परास्त करने का जो हमारी जिंदगीको कहीं न कहीं प्रभावित कर रहे है।

रावणने अपनी ताकत को ही अपनीकमजोरी बना लिया था। कितनी कठिनतपस्या करके उसने दैविय शक्तियों कोपाया था, लेकिन लोकहितकारी कामकरने के बजाय पाप की लंका बनाने मेंइसका गलत उपयोग कर डाला था। आजहम भी कहीं न कहीं ऐसा ही कर रहे है।पद, पैसे, शोहरत और बदी का दुरुपयोगकर रावण की राह पर ही तो बढ़ रहे है।

दशहरा या रावण वध तामसिक शक्तियों पर सात्विक शक्तियों की विजय का ही पर्व है। वह हमें आश्वस्त करता है कि प्रकृति के विधान के अतर्गत इस सृष्टि में कभी तामसिक शक्तियों की विजय नहीं हो सकती। जब कभी तामसिक शक्तियां प्रबल होगी और वह सृष्टि के संहार के लिए युद्ध आरंभ करेंगी तब सात्विक शक्तियां अपना प्रबल प्रकट कर सृष्टि की रक्षा करेगे। दशहरे की विशेषता यह है कि रावण जैसी महाशक्ति के अत्याचारों का सामना राम ने अयोध्या या जनकपुर की राजशक्ति के माध्यम से नहीं किया। राम का बल जनसाधारण के आत्म बल को जगाने में है।मतलब साफ हैवे आमजन ही थे और राक्षसों के साम्राज्यको चुनौती दी। राम ने रावण को मारने केलिए युद्ध में जनबल का ही सहारा लिया।

नवरात्रि के बाद दसवां और अंतिम दिनविजयादशमी या दशहरा का होता है-इसका मतलब है कि हमने अपने अवगुणों परविजय पा ली है। हमने इनमें से किसीभीअवगुणों के आगे घुटने नहीं टेके, आपने हरगुण के आर-पार देखा। आपने हर गुण मेंभागीदारी निभायी, पर हमने अपनाजीवन किसी अवगुण को समर्पित नहीं किया।हमने सभी गुणों को जीत लिया। ये ही हैविजयदशमी का संदेश बुराई चाहे जितनीशक्तिशाली हो, अपनी ताकत का कितनाभी प्रदर्शन करती हो, लेकिन एक दिनऐसा जरूर आता है कि जब वह पराजित होतीहै।

श्रीरामहमारे समाज के सबसे बड़े नायक मानेजाते हैं और रावण अहंकार का प्रतीक।अगर ईमानदारी से सोचे तो हमें अपनेभीतर अच्छाईयों के साथ कुछ खामियांभी नजर आएंगी। विजयादशमी कात्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत कासंदेश देता है, तो क्यों न इस बार हमअपने दिमाग में छिपे 'एको अहं द्वितीयो नास्तिह्वकी नकारात्मकता को दूर करने कासंकल्प लें।अर्थात सबसे पहले अपने मन से इस ह्यमैंह्व पर विजय पाने की कोशिश करें, क्यूंकि इस ह्यमैंह्व ने बहुतों के संबंधों को बिगाड़ा है, परिवारों को उजाड़ा है।

आखिर क्या वजह है कि दशहरे के आनेतक बुराई इतनी बढ़ जाती है कि उसे हरसाल जलाना पड़ता है। हर साल हमें बुराई पर अच्छाई की विजय दिखानी पड़ती है।जबकि अच्छे को ही जीतता हर कोईदेखना चाहता हैं। बिल्कुल श्रीरामकी विजय की तरह।बुरे की विजय तोशायद ही कोई चाहता हो।सबके सब बुराईखत्म कर अच्छाई की राह पर चलने केसीख देने लग जाते हैं। लेकिन बड़ासवाल तो यही है कि आखिर हर सालहम बुराई पर अच्छाई की बात करतेहै, सबक व प्रण भी लेते हैं। लेकिनबुराई है, जो थमने का नाम नहीं ले रहा।ह्यमैंह्व का अहंकार कभी भी इतिहास से सबक नहीं लेताहै। वर्तमान को इतिहास से आगे ले जाना चाहताहै। नया इतिहास पुराने के बरक्स लिखना चाहता है। यही उसका मैं है।

आज की दुनिया में, जहां प्रतिस्पर्धा, महत्वाकांक्षा और व्यक्तिवाद अत्यधिक मूल्यवान हैं, 'मैं का अहंकार ही रावण है' का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। यह हमें सिखाता है कि अहंकार, जब अनियंत्रित होता है, तो व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में संघर्ष, गलतफहमी और दुख पैदा कर सकता है। चाहे रिश्तों में, करियर में या सामाजिक संपर्क में, स्वयं का एक बढ़ा हुआ भाव व्यक्तियों को दूसरों से और अपने आंतरिक शांति से अलग कर सकता है।

अहंकार को पहचानकर और प्रबंधित करके, कोई व्यक्ति दुनिया के साथ एक गहरा संबंध विकसित कर सकता है, बेहतर संबंधों को बढ़ावा दे सकता है और आंतरिक पूर्ति की भावना पैदा कर सकता है। जैसे भगवान राम के विनम्रता और कर्तव्य भाव ने रावण के अहंकार पर विजय प्राप्त की, वैसे ही जीवन के प्रति संतुलित और निस्वार्थ दृष्टिकोण से वास्तविक सफलता और खुशी प्राप्त हो सकती है।

इतिहास का यह विचित्र सत्य है कि इस 'मैं' ने ही दुनिया को तबाह किया है। दुनिया पर राज करने के अहंकार ने दो विश्वयुद्ध दिए, तीसरे की भूमिका तैयार है। अपने अनुसार दूसरों को चलाने के भाव ने विश्व को युद्ध के मुहाने पर ढकेल दिया है।स्कूल पर बम गिराये जा रहे हैं। जिन बच्चों की दुनिया अभी शुरू ही नहीं हुई थी, उनकी हंसी छीनी जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ बिजूका खड़ा मौन देख रहा है। मानका की दलील देने वाले प्रगतिशील विचारकों की लेखनी खामोश है क्योंकि हमलावरों से उनकी बैचारिक संधि है। एक व्यक्ति के 'मैं' के आगे अनेक मिमियां रहे हैं। 'मैं' एक अहंकार भरे भाव की अभिव्यक्ति है। आम तौर पर किसी की आहट सुनकर जब प्रश्न पूछा जाता है कि कौन? तो जवाब होता है 'मैं'।

पुराण-इतिहास में ऐसा शायद ही कोई महान हो जिसका ह्लमैं' सिरचढ़कर न बोला हो। अश्वमेघों में अश्व छोड़ने की परम्परा ह्लमैं' की स्थापना हीथी। अपने को कालजयी बनाने के लिए 'मैं' ने कौन-कौन से गुल नहीं खिलाए?अपने 'मैं' की तुष्टि में दिनकर कहते हैं - 'कौन रोता है वहां। इतिहास के अध्यायपर। जिसमें लिखा है, नौजवानों के लहू का मोल है। प्रत्यय किसी बूढ़े, कुटिल,नीतिज्ञ के व्याहार का। जो आप तो लड़ता नहीं। कटवा किशोरों को मगर।आश्वस्त होकर सोचता। शोषित बहा, लेकिन, गई बच लाज सारे देश की।' देशऔर समाज के नाम पर अपने 'मैं' की तृप्ति कोरा भ्रम है।इतिहास उनको नहींक्षमा करता

# बिहार में जनसुराज और शराबबंदी

(कुमार कृष्णन -विनायक फीचर्स)

'जो पार्टी खुले आम ऐलान कर रही है कि मुख्यमंत्री बनने के दो घंटे के अंदर गांव -गांव शराब बिकवाएंगें, उसका सामाजिक बहिष्कार करें।' यह कहना है अनिल प्रकाश का। अनिल प्रकाश, संपूर्ण क्रांति के आंदोलनकारी रह चुके हैं, बाद के दिनों में गंगा मुक्ति आंदोलन समेत कई आंदोलनों में सक्रिय रहे हैं। ₹एमएलसी हो या विधानसभा, जो पार्टी संपूर्ण शराबबंदी की गारंटी करेगा, वोट वहीं पड़ेगा।₹ यह आनंद पटेल ग्राम सभा का कहना है। ऐसी मुहिम तेज होती जा रही है। यह ऐसे समय हो रहा है जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रशांत किशोर ने जन सुराज नाम की राजनीतिक पार्टी बनायी और सत्ता की कुर्सी में बैठने के एक घंटे के अंदर शराबबंदी खत्म करने का ऐलान कर अपने राजनीतिक चरित्र का खुलासा कर दिया है। दिलचस्प यह भी है कि इन्हीं प्रशांत किशोर ने महात्मा गांधी को आदर्श बना कर उनकी कर्मस्थली चंपारण से अपनी पदयात्रा शुरू अपने राजनीतिक अभियान का आगाज किया था। उनका यह ऐलान महात्मा गांधी के सिद्धांतों के खिलाफ भी है, जिसके लिए लोगों को जेल जाना पड़ा था। महात्मा गांधी ने 1921 में शराब के खिलाफ आंदोलन किया था। बड़े पैमाने पर लोगों को इसके लिए जेल भी जाना पड़ा। प्रशांत किशोर की माने तो ₹शराबबंदी से हर साल बिहार को 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।₹शराबबंदी हटेगी तो वह पैसा बजट में नहीं जाएगा और न ही नेताओं की सुरक्षा के लिए इस्?तेमाल किया जाएगा और न ही इसका उपयोग सड़क, पानी और बिजली के लिए किया जाएगा। इसका उपयोग केवल बिहार में नई शिक्षा व्यवस्था बनाने के लिए किया जाएगा। उनके इस ऐलान का विरोध हो रहा है। बिहार सरकार की परिवहन मंत्री शीला मंडल का

प्रशांत किशोर को इस बात की जानकारी नहीं है कि शराबबंदी से कितने घरों में खुशियां लौटी है। समाज में अमन-चैन का माहौल कायम हुआ है। भाजपा के शहनबाज हुसैन का कहना है कि प्रशांत गांधी जी का अपमान करते हैं। कहते हैं शराब ही खोल देंगे, शराब का दरिया बहा देंगे। ये जरूर है कि शराबबंदी में जो लोग गड़बड़ कर रहे हैं,उनको ठीक किया जाएगा। सब पार्टियों ने मिलकर शराबबंदी लागू की थी। वो ऐसा सिर्फ इसलिए बोल रहे हैं ताकि उन्हें कुछ शराबियों का समर्थन मिल जाए। अनेक गांधीवादी संगठनों का कहना है कि ज्यादातर दल शराब और पैसे के बल पर चुनाव को प्रभावित करते हैं इसलिए वे शराबबंदी का विरोध कर रहे हैं।

आजादी के आंदोलन के दौरान प्रमुख मुद्दों में से एक मुद्दा शराबबंदी भी था। शराबबंदी की असफलता के पीछे पुलिस माफिया गठजोड़ एक मुख्य कारण है। कानून के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी जरूरी है।

आजादी के बाद भारत की केंद्र सरकार ने अप्रैल, 1958 तक पूरे देश में शराबबंदी का लक्ष्य रखा था, जो कभी पूरा नहीं हो पाया। हालांकि आजादी के दो दशक बाद तक मौजूदा महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश, ओडिशा, कर्नाटक और केरल का बड़ा हिस्सा शराबमुक्त था, लेकिन 1967 में इनमें से ज्यादातर राज्य सरकारों ने अतिरिक्त राजस्व के लोभ में शराब की बिक्री की अनुमति दी।1977 में कपूरी ठाकुर मुख्यमंत्री बने तो बिहार में शराबबन्दी जैसा साहसिक फैसला लिया और बिहार में शराबबंदी लागू की गई।कपूरी ठाकुर ने जब शराबबन्दी का फैसला लिया तो शराब के व्यापार में शामिल लोगों के होश उड़ गए। शराब के व्यापार में शामिल दबंगो और माफियाओं को अप्रत्यक्ष रूप से राजनीतिक संरक्षण की भी बात कही जाती रही है। बाद में कांग्रेस सरकार ने 1981 में उसे हटा लिया। बाद के वर्षों में देश के कई राज्यों में शराब पर प्रतिबंध लगाया गया और फिर हटा लिया गया। बिहार में अप्रैल, 1916 में नीतीश कुमार की सरकार ने शराब की बिक्री और पीने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि नशा सभी बुराइयों की जड़ है। नशे से मनुष्य के विवेक के साथ सोचने समझने की शक्ति नष्ट हो जाती है। वह अपने हित-अहित और भले-बुरे का अंतर नहीं समझ पाता। बावजूद इसके शराब जैसी कुरीति का समर्थन जनहित में नहीं है।

गांधीजी ने कहा था कि शराब के सेवन से मनुष्य के शरीर और बुद्धि के साथ-साथ आत्मा का भी नाश हो जाता है। शराबी अनेक बीमारियों से ग्रसित हो जाता है।

यह एक तल्ख हकीकत है कि नशे के चलते मरने वालों की संख्या 10 लाख से अधिक है। जिसमें विगत वर्ष अत्यधिक नशे का सेवन करने के कारण लीवर और किडनी खराब होने तथा दुर्घटना से एक लाख से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है । अधिकतर घरेलू हिंसा का मुख्य कारण भी नशा ही है।

शराब का सीधा प्रभाव हमारे समुदायों की सामाजिक और पारिवारिक गतिशीलता पर पड़ता है। शराब के कारण घरेलू हिंसा और बढ़ती गरीबी का सबसे ज्यादा मुकाबला महिलाओं और बच्चों को ही करना पड़ता है। सभी धर्म, सभी समाज सुधारकों, सभी धर्म गुरुओं, राजनीतिक लोगों, सामाजिक संगठनों एवं सरकारों के द्वारा नशा मुक्ति की बात कही जाती है लेकिन यह सर्व विदित है कि समाज में नशे का चलन लगातार बढ़ता जा रहा है। भारत में नशा करने वालों की संख्या 37 करोड़ के पार चली गई है। यह संख्या दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आबादी वाले देश अमेरिका से अधिक है। इनके साथ ही, नशा करने वालों में शराब पीने वालों की संख्या 16 करोड़ तक पहुंच गई है, जो रूस की आबादी के बराबर है। लगभग 3 करोड़ लोग शराब के बिना नहीं रह पाते। सर्वे के मुताबिक, शराब पीने वालों में 19 प्रतिशत (लगभग 3 करोड़) ऐसे हैं जो शराब के बिना रह नहीं पाते। 2.26 करोड़ लोग यानी कुल आबादी का 2.1 प्रतिशत अफीम, उसके डोडे, हेरोइन, स्मैक और ब्राउन शुगर जैसी ड्रग्स के शिकंजे में हैं। क्राइम ब्यूरो के अनुसार सबसे ज्यादा ड्रग्स के ओवरडोज से मरने वालों की संख्या पंजाब में 144, राजस्थान में 117, मध्य प्रदेश में 74 है। 2022 के आंकड़ों के अनुसार 681 व्यक्तियों की ड्रग के ओवरडोज से मृत्यु हुई, जिसमें 116 महिलाएं थी। पूरे देश में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट 1985 के तहत देश में एक लाख 15 हजार केस दर्ज किए गए । जिसमें केरल में 26,619, महाराष्ट्र में 13,830 तथा पंजाब में 12,442 केस थे। इसी तरह पंजाब में ड्रग एब्यूज और अधिक शराब पीकर मरने वालों की संख्या देश में सर्वाधिक है। नशा क्रोनिक से पीड़ित भारतीयों की संख्या का कोई आंकड़ा तो नहीं है परंतु देश के सीमावर्ती राज्यों में नशा क्रोनिक से पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ती चली जा रही है।31 जनवरी 2023 तक दो साल में मुंद्रा बंदरगाह से 375.50 करोड़ रुपए की 75 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई तथा सितंबर 2021 में, राजस्व खुफिया निदेशालय , एक केंद्रीय एजेंसी ने मुंद्रा बंदरगाह पर दो कंटेनरों से लगभग 3,000 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी, इसकी कीमत लगभग 21,000 करोड़ रुपए थी। इसी तरह 2023 में केरल तट के पास एनसीबी और नौसेना द्वारा 2,500 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई थी।नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 12 और 13 नवंबर 2021 को युगांडा की दो महिला नागरिकों से 12.9 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई जिसकी कीमत लगभग 90 करोड़ रुपये थी। भारत में पिछले 14 सालों में ड्रग्स का इस्तेमाल लगातार बढ़ने के बाद भी ड्रग तस्करों के पकड़े जाने की दर 1% से भी कम है। चर्चित पत्रकार रही मणिमाला का मानना है कि चुनाव के समय मतदाताओं को लुभाने के लिए राजनीतिक दल शराब बांटते है। राजस्थान में 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान 283 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त की गई है। जिसमें अवैध शराब, नगदी एवं अन्य सोने चांदी के आभूषण शामिल थे। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान 331 करोड़ से ज्यादा कैश व अवैध शराब सहित अन्य सामग्री बरामद की गई। इसमें नगद राशि 38.49 करोड़ व अवैध शराब 62.9 करोड़ की है।



# नए सिरे से गठित होगी मिथिला सांस्कृतिक परिषद की कार्यकारिणी, 16 को मनेगा कोजागरा महोत्सव

## संस्था की आमसभा में ध्वनिमत से कई प्रस्ताव पारित, अगली आमसभा 20 को

**बोकारो।** बोकारो में मिथिला-मैथिली भाषा-भाषियों की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की आमसभा रविवार को परिषद द्वारा संचालित सेक्टर 4ई स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के पूर्व महासचिव एवं बीएसएल के सेवानिवृत्त वरिष्ठ सतर्कता पदाधिकारी सतीशचंद्र झा ने की। बैठक के दौरान सांगठनिक सशक्तिकरण, संस्थाहित तथा विद्यालय के उत्थान में आवश्यक बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया, साथ ही ध्वनिमत से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में विभिन्न वक्ताओं ने परिषद,



मिथिला समाज तथा विद्यालय के हित में उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके पश्चात सर्वसम्मति से परिषद की वर्तमान कार्यकारिणी समिति के गठन को इसलिए अमान्य घोषित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया, क्योंकि उक्त कार्यकारिणी का गठन नियमानुसार न तो पीठासीन पदाधिकारी मंडल की सहमति से हुआ था और न ही उसकी स्वीकृति आमसभा से ली गई थी। इसके लिए अब पीठासीन पदाधिकारी मंडल द्वारा महासचिव नीरज चौधरी के साथ मिलकर नई एवं वैध कार्यकारिणी का गठन करने एवं उसे आमसभा से अनुमोदित कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। उपस्थित लगभग 100 सदस्यों ने ध्वनिमत से ताली बजाकर इस पर अपनी सहमति जतायी। आमसभा की बैठक में परिषद के वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर द्वारा विद्यालय में हुई कथित वित्तीय अनियमितता के उठाये गए मामले की जांच को लेकर पांच सदस्यीय एक समिति के गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया, जिसमें अध्यक्ष सतीश चंद्र झा सहित सुदीप कुमार ठाकुर, डीके ईश्वर, दिलीप कुमार झा एवं जयप्रकाश चौधरी शामिल किए गए। इसके साथ ही उक्त सभी निर्णयों के अनुमोदन एवं अन्य विषयों पर विचार-विमर्श को लेकर के परिषद की अगली आमसभा आगामी 20 अक्टूबर को पूर्वाह्न 10=30 बजे से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा आगामी 16 अक्टूबर को मिथिलांचल का प्रमुख पारम्परिक त्योहार कोजागरा महोत्सव मनाने का निर्णय भी लिया गया, जिसके लिए 10 सदस्यों की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भार अरुण पाठक को दिया गया।

इसके पूर्व, बैठक के आरंभ में परिषद के महासचिव नीरज चौधरी ने आमसभा में उपस्थित सभी अभ्यागतों का स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पीठासीन पदाधिकारी मंडल के संयोजक विजय कुमार झा ने बैठक का विषय-प्रवेश कराया, वहीं वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर ने विद्यालय प्रबंधन समिति की कथित वित्तीय ग?ब?ी को आमसभा के पटल पर प्रस्तुत किया। बैठक को कृष्ण चंद्र झा, सुदीप कुमार ठाकुर, रवीन्द्र झा, गंगेश पाठक, सुनील मोहन ठाकुर, विनय कुमार झा, श्रवण कुमार झा, अनिल मोहन ठाकुर आदि ने भी संबोधित किया।

# नावाडीह ग्रामीण हाट का मंत्री ने किया उद्घाटन

नावाडीह। नावाडीह प्रखंड के सदर पंचायत अंतर्गत नावाडीह ग्रामीण हाट का शनिवार को महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी,नावाडीह प्रमुख पुनम देवी, झामुमो जिला सचिव जयनारायण महतो,पूर्व मुखिया दिलीप कुमार,पूर्व पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के सचिव बासुदेव शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ व फीता काटकर किया।



मंत्री बेबी देवी ने कहा कि अब यहां के किसानो को खुले आकाश के नीचे बैठकर सब्जी नहीं बेचना पड़ेगा,नावाडीह हाट में बाजार शेड बन जाने से अब यहां के किसानों को धुप व बरसात में सब्जी बेचने में परेशानी नहीं होगी ।यहां के किसान अब शेड में देर रात तक सब्जी बेचकर अपनी आमदनी अत्यधिक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नावाडीह साप्ताहिक हाट को एक मॉडल हाट के रूप में विकसित किया जाएगा जहां पे ग्रामीण किसान सालो भर सब्जी बेचेंगे। इसके साथ ही इस क्षेत्र में उपजाऊ किया गया सब्जी को दूसरे राज्य के मंडियों में भी भेजने का कार्य किया जाएगा, इसके लिए आधुनिक युक्त ग्रामीण हाट का निर्माण किया जाएगा।

प्रमुख पुनम देवी ने कहा कि नावाडीह में कई वर्षो से सप्ताहिक हाट लग रहा था लेकिन यहां पर शेड नहीं रहने के कारण किसानों को धुप व बरसात में सब्जी बेचने में काफी दिक्कत होती थी। नाबार्ड के द्वारा यहां शेड बन जाने से किसानों को सब्जी बेचने में सहुलियत होगी। उन्होंने सभी से अपील किया कि इस सप्ताहिक हाट में प्रतिदिन बाजार लगाये जिससे कि किसानों की आमदनी में इजाफा होगा। जयनारायण महतो ने कहा कि नावाडीह प्रखंड सहित आसपास प्रखंड से कई किसान सब्जी बेचने नावाडीह साप्ताहिक हाट आते है लेकिन बाजार में शेड नही रहने के कारण किसानों को सब्जी बेचने में दिक्कत होती थी। शेड निर्माण हो जाने से किसान अब उक्त शेड का लाभ लेते हुए शेड के नीचे बैठकर देर रात तक सब्जी बेच पाएंगे।सचिव बासुदेव शर्मा ने कहा कि संस्था किसानों को आगे बढ़ाने का हर संभव प्रयास करता है समय समय पर प्रशिक्षण देकर भी महिला किसानों को स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। आज बहुत खुशी का दिन है कि नावाडीह में बने

# सनातनी युवतियों को आत्मरक्षा के लिए तैयार करना और उन्हें सबल बनाना दुर्गावाहिनी का लक्ष्य : विहिप

**बोकारो।** विश्व हिंदू परिषद की इकाई दुर्गावाहिनी के स्थापना दिवस के अवसर पर महानगर के प्रत्येक प्रखण्ड में दुर्गावाहिनी पालिका सीमा सिंह द्वारा दुर्गा सप्तशती पाठ, दुर्गा आरती और शस्त्रपूजन के कार्यक्रम किये गए। ज्ञात हो कि इस वर्ष मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी अहिल्याबाई होल्कर 300वीं और गोंडवाना की रानी दुर्गावती की 500वीं वर्षगांठ थी जिस कारण दुर्गावाहिनी स्थापना दिवस विशेष था, इस मौके पर महानगर के सभी प्रखण्डों में शस्त्रपूजन कर कार्यकर्ताओं के बीच धर्मरक्षा, आत्मरक्षा के लिए शस्त्र बांटे गए, जिलामंत्री संजीव कुमार द्वारा कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास और मनोबल ब?ाने के लिए रानी दुर्गावती की संछिप्त परिचय सामने रखा गया। उन्होंने बताया, ÷ चंदेलों की बेटी थी, गोंडवाने की रानी थी, चंडी थी, रणचंडी थी वो दुर्गावती भवानी थी



÷रानी दुर्गावती का जन्म 1524 में दुर्गाष्टमी के दिन कलिंजर के किले में राजा कीरत सिंह के घर हुआ था, बाद में उनका विवाह दलपतिशाह के साथ हुआ, रानी दोनों हाथों से अस्त्र चलाने में निपुण थी, उन्होंने गोंडवाना की सत्ता संभालने के बाद राज्य का विस्तार किया, उनकी सेना देश की पहली सेना थी जिसमें महिलाओं का भी दस्ता था, उन्होंने अपने 16 वर्ष के शासनकाल मे कुल 52 युद्ध ल? जिसमे से 51 में वो अपराजेय रही, 3 बार तो उन्होंने मुगल शासक अकबर को धूल चटाई थी, 52वें युद्ध मे उनकी आंख पर तीर लग गया और वो घायल हो गई, जिसके बाद सैनिकों ने उन्हें युद्धभूमि छो?ने की सलाह दी जिसे रानी ने अस्वीकार कर दिया, राष्ट्ररक्षा और धर्मरक्षा के लिए ल?ना ही बेहतर समझा, युद्ध मे जब उन्हें लगा कि वो मूर्छित होने वाली है तो दुश्मनों के हाथ मरने से अच्छा होगा वो खुद को समाप्त कर ले, ये सोच कर उन्होंने अपनी तलवार अपने साइन में घोंप कर वीरगति को प्राप्त हुई, ऐसे शौर्य,साहस और पराक्रम की देवी से हमारी बहनों को प्रेरणा लेने की जरूरत है।

# सुनैना किन्नर ने विधि विधान से किया मां दुर्गा का कलश विसर्जन



**धनबाद।** महापर्व दुर्गा पूजा विजयदशमी के दिन झारखंड प्रदेश किन्नर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुनैना सिंह किन्नर ने अपने घर में मां दुर्गा का कलश का विसर्जन किया। विसर्जन के दौरान सभी किन्नर नाच गान करते, ढोल नगाड़ा बजाते हुए तालाब तक गए जहां पर मां दुर्गा की कलश को विसर्जन किया गया। इस मौके पर सुनैना किन्नर ने बताई की यह आयोजन विगत कई वर्षों से हमारे गुरु जटावाली करती आ रही थी। जिसके परंपरा को निभाती हुई मैं भी अपने घर में कलश की स्थापना कर पूजा अर्चना कर विधि विधान से विसर्जन किया। विसर्जन के उपरांत सुनैना किन्नर ने बताया कि हम लोगों ने मां दुर्गा से प्रार्थना किया कि हमारा देश पूरे विश्व में अपना परचम लहराता रहे और हमारे जवान को साहस और शक्ति दे, उन्होंने कहा कि मां दुर्गा हमारे जजमानों के घरों में खूब खुशियां लाएं। जिससे किन्नर समाज भी खुश रहे।

# कोटालडीह में 130 वर्षों से निरंतर हो रहा मां दुर्गा पूजा का आयोजन

## श्रद्धालुओं की मन्नते पूरी करती है मां : सुरेश तिवारी

**धनबाद/तोपचांची।** तोपचांची थानांतर्गत कोटालडीह ग्राम में दुर्गा पूजा का परंपरागत आयोजन 130 वर्षों से होते आया है। यहां के लोगों का यह मत है कि श्रद्धालु जो भी मन्नत मांगते हैं ।वह मां भगवती दुर्गा पूर्ण करती हैं तथा 130 वर्ष पहले ही दुर्गा प्रतिमा पुजन भी मन्नत ?पुरी होने के बाद ही शुरुआत हुई थी। और तब से आज तक निर्बाध रूप ने निरंतर कोटालडीह गांव में दुर्गा पूजा का आयोजन भव्यता से होते आ रहा है। वैसे तो इस ग्राम में महालया से दशमी दशहरा तक मां का विधि विधान वैदिक रीति-रिवाज से पुजा अर्चना होते रहता है तथा षष्टि तिथि से दशहरा तक धार्मिक महोत्सव , सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहता है। इस बार महाष्टमी के दिन भगवती



जागरण कार्यक्रम आयोजन का उद्घाटन कोटालडीह ग्राम निवासी एवं निरसा प्रखण्ड कार्यालय के पूर्व बड़ा बाबु स्व. यामिनी बल्लभ तिवारी की धर्मपत्नी उत्तरा देवी सहित अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के महासचिव तथा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी, केंद्रीय सरकार से सेवानिवृत्त सुकुमार तिवारी,पुर्व शिक्षक तथा दुर्गा पूजा के प्रधान पुजारी सुशील कुमार तिवारी, त्रिवेणी प्रसाद तिवारी, पुर्व शिक्षक? मिथिलेश कुमार तिवारी,99 बिल्डर्स के पदाधिकारी संतोष कुमार तिवारी सहित तोपचांची थाना के पदाधिकारी आदी ने सम्मिलित होकर फीता काटा तथा दीप प्रज्वलित किया।

# 19 अक्टूबर 2024 को बीएसएल में होगी ऐतिहासिक हड़ताल : बीएकेएस बोकारो

**बोकारो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ नें बोकारो इस्पात संयंत्र में 19 अक्टूबर 2024 को आयोजित होने वाले ह?ताल को लेकर अपना पक्ष रखा । पत्रकार वार्ता के माध्यम से संघ के में अध्यक्ष हरिओम ने बताया कि प्रबंधन पहली बार कर्मचारियों के विशुद्ध ह?ताल को लेकर डरी हुई है । उसी के कारण कर्मचारियों में भय का वातावरण बैठाने के लिए, मशाल जुलुस में शामिल होने पर कुछ कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया । जबकि यूनियन तथा कर्मचारियों ने किसी भी नियम का उल्लंघन नही किया था । उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान मे प्रदर्शन का अधिकार मौलिक अधिकार की श्रेणी में आता है और अपनी माँगो के



लिए बीएसएल कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया था । हरि ओम ने कहा कि बीएकेएस यूनियन तथा बीएसएल कर्मचारियों ने स?क पर प्रदर्शन किया था न कि एडीएम के भीतर डायरेक्टर इंचार्ज के कमरे मेँ । पुर्व में एटक नेता अनिरुद्ध, ए के अहमद आदि के मामले में 2007 में दर्ज केस के मामले में प्रबंधन बोकारो कोर्ट में केस भी हार चुकी है। वही राजेंद्र सिंह, बिरेंद्र चौबे, रामाश्रय सिह, बीडी प्रसाद बीएसएल के कर्मचारी नही है फिर भी पिछले दिनो प्लांट के भीतर गोल चक्कर पर जाकर किस हैसियत से प्रदर्शन किए थे तथा संयंत्र के कर्मचारियों तथा अधिकारियों से गाली गलौज भी किए थे । बदले की भावना के तहत की गई कारवाई मे कई बीएसएल अधिकारी रिटायरमेंट के बाद भी कोर्ट का चक्कर लगायेंगे ।उन्होंने कहा कि पुर्व में बीएसएल के ऑफिसर एशोसिएशन तथा यूनियनो ने हॉट स्ट्रीप मिल सहित कई विभागो को बंद करवाया था , उस पर आज तक बीएसएल प्रबंधन ने कोई क?ा कदम नही उठाया । हरिओम ने कहा कि हमारी यूनियन अपने प्रत्येक सदस्य का मामला कोर्ट में ल?गी क्योकि एक भी सदस्य की परेशानी को बीएकेएस में यूनियन की परेशानी समझा जाता है । हड़ताल की तैयारी पर यूनियन महासचिव दिलीप ने बताया कि कर्मचारियों का भारी समर्थन यूनियन तथा पदाधिकारियों को मिल रहा है ।

# कल्याणपुर सन्यासी बागान में भव्य पूजा पंडाल में मां दुर्गा विराजमान, श्रद्धालुओं की जुट रही है काफी भीड



**बरवाअड्डा।** क्षेत्र के उदयपुर पंचायत के कल्याणपुर सन्यासी बागान में भव्य पूजा पंडाल में मां दुर्गा विराजमान हैं। आचार्य विजय कुमार पांडे के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण से मां की पूजा अर्चना हो रही है। बीते 3अक्टूबर को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ व 501कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा के साथ पूजा अर्चना शुरू हो गई। इस वर्ष ही मां दुर्गा की मंदिर निर्माण के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन हुई है। आस पास के दर्जनों गांव के लोगो की हजारों की संख्या में भीड़ जुट रही है। मंदिर कमिटी द्वारा काफी व्यवस्थित तरीके से मां दुर्गा पूजा का आयोजन किया है। पूजा में यजमान उदयपुर पंचायत मुखिया बबिता बैठकर विधि विधान से पूजा अर्चना में भाग ली है। बड़ा ग्राउंड होने के कारण दुकाने भी काफी लगी है। श्रद्धालुओ को पूजा के दौरान आयोजित इस मेला में काफी सहज तरीके से मेला का लुफ्त उठा रहा है। धनबाद सांसद ढुल्लू महतो अष्टमी को इस मंदिर में पहुंच माथा टेक कर क्षेत्र वासियों के लिए मां दुर्गा से सुख शांति समृद्धि का कामना किए। पूजा का आयोजन करने में क्षेत्र के सामाजिक प्रबुद्ध जनों का अहम भूमिका निभा रही है।

## एक-नजर

### जेबीकेएसएस/ जेएलकेएम से सिंदरी विधानसभा प्रत्याशी बनी उषा महतो, बगावत शुरू

**धनबाद।** सर्किट हाउस में जेबीकेएसएस/ जेएलकेएम से कई विधानसभा क्षेत्र से उम्मदवीर की घोषता होते ही अब पार्टी कार्यकर्ताओं में विरोध के स्वर भी शुरूहो गया है। जेबीकेएसएस/ जेएलकेएम को एक विशेष जाति की पार्टी बताई जा रही है। पार्टी के लोग भी सोच रहे हैं कि झारखंडित पार्टी के नाम पर आने वाले समय में पार्टी विचारधारा नहीं एक समुदाय विचारधारा हावी होगी। जो अपने झारखंडी के मूल वासी के हक अधिकार के लिए साथ में है। आशा उम्मीद से पार्टी को सींचने में लगे हैं। अपने आप को सोतेला व्यवकार की अंदेशा सता रही है। सिंदरी विधानसभा क्षेत्र से उषा महतो की नाम की घोषणा होने के बाद से अब लोगो में खासकर बहुसंख्यक समाज से जुड़े कार्यकर्ता काफी मायूस है।

### टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने दो रोड़ का शिलान्यास किया



**तोपचांची।** प्रखंड के अन्तर्गत 2 लेन सड़क % जीटी रोड ब्रह्मांडीहा से खरियो मोड़ तक भाया हीरापुर, मतारी, पाकेरबेड़ा, तुरसाबाद तक% 11 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का शिलान्यास व डोमनपुर से सुयाकनालि तक टुंण्डी
विधायक माननीय मथुरा प्रसाद महतो ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया।
इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह तोपचांची प्रखंड की पहली 2 लेन सड़क है, इसके साथ ही ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग भी पूरी हो गई इस सड़क के बन जाने से आसपास के कई गांवों के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।यह रोड़ तोपचांची कतरास रोड़ को भी जोड़ने का काम करें गी।
इसके बाद माननीय विधायक जी ने नेरो पंचायत अंतर्गत डोमनपुर से सुइयां कनाली तक सड़क का भी शिलान्यास किया।इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित थे तोपचांची अंचल अधिकारी, तोपचांची थाना प्रभारी डोमन रजक, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चोधरी, सांसद प्रतिनिधि राम प्रसाद महतो,विशुत्री अध्यक्ष, बिकाश तिवारी तोपचांची प्रखंड सचिव नवल किशोर केवट इफ्तिखार अंसारी , आजाद अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी एवं सैकड़ों झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओ की भीड़ रही।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक ने मनाया विजयादशमी पर्व, स्वयं सेवको ने किया शस्त्र पूजन



**नावाडीह।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा दशहरा पर्व को लेकर शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन शनिवार सुबह 10=30 बजे कबीर गौशाला कुडपनिया (खरपीटो)में किया गया।
मौके पर नावाडीह खंड कार्यवाह लालचंद महतो ने अपने संबोधन में कहा कि आरएसएस वर्ष भर में कुल छह उत्सव मनाता है। विजयादशमी उसमें से एक है। यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। वहीं कबीर गौशाला के संस्थापक छत्रबली पंडित ने कहा कि प्राचीन परंपराओं को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सजो कर रखते हुए इसे अपने उत्सव के रूप में मनाता है। शस्त्र पूजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश और आत्म रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र का ज्ञान होना अनिवार्य है। स्वस्थ समाज और शक्तिशाली राष्ट के निर्माण में धर्म की रक्षा जरूरी है। इसके साथ ही देश की अखंडता पर उन्होंने प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि संगठित,सामर्थ्य और बलशाली हो हिंदू समाज इसके लिए ऐसे कार्यकर्ता तैयार करें जो हिंदू समाज के लिए,बहन बेटियों की रक्षा के लिए,राष्ट के लिए व अपने धर्म के लिए सदैव धर्म योद्धा बनकर खड़े रहें।इस दौरान नावाडीह के खंड सह कार्यवाह बालेश्वर प्रसाद महतो,बौद्धिक प्रमुख जितेंद्र शर्मा ,सांसद प्रतिनिधि फुलचंद किस्कू, सुरेंद्र सिंह, नारायण कानू, हीरालाल साव,गौरी शंकर कुमार, बबलू नायक ,सूरज महतो ,गणेश पंडित ,राज कुमार आदि मौजूद रहे।

### बाबूलाल मरांडी राज्य के अगला सी एम होंगे : ढुल्लू



**चंदनकियारी।** विधान सभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनने पर राज्य का सी एम अगला सी एम बाबू लाल मरांडी होंगे, उक्त बातें धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने पिछले दिनों चंदन कियारी में कही। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि सी एम पार्टी तय करती है। सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि वर्तमान सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है, जिन वायदों के साथ सरकार सत्ता में आई उनमें एक भी वादा पूरा नहीं किया। गो गो दी दी योजना को लेकर मचे बवाल के संबंध में बताया कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है । जनता के लिए योजना है सभी को सहयोग करना चाहिए। इसके पूर्व चास रोड चंदन कियारी में नीलम बजाज शो रूम में सी एन जी गैस से चलने वाली बजाज फ्री डोम बाइक लंच किया गया। मौके पर संचालक संजय रजक, थाना प्रभारी सरज कुमार, सुशांत रजक, नंदू हंसदा, राजेश राज माही, नीलम बजाज की पुरी टीम उपस्थित रहे। इसके पूर्व गुलदस्ता देकर सांसद का स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

### निरसा ब्रह्माकुमारी आश्रम में दुर्गा पूजा के उपलक्ष में महाउत्सव मनाया गया

**एग्यारकुंडा।** निरसा ब्रह्माकुमारी आश्रम में दुर्गा पूजा के उपलक्ष में महाउत्सव मनाया गया। विजया दशमी के पर्व भारत में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है।और रावण को जलाने का भी परंपरा का पालन किया जाता है। वही जया बहन और डॉ अवंतिका बहन दोनों ने कहा हम सभी को यह ज्ञात हो की परमपिता परमात्मा शिव की शक्ति जब तक मनुष्य आत्मा के अंदर प्रवाहित ना हो तब तक असली रावण जो हम सब के भीतर अनेक बुराइयों कमजोरी और व्यसन की आदत के रूप में छिपा हुआ है उसका वध नहीं हो सकता। और इसलिए रावण का 10 शीश दिखाया जाता है ।

# उपचार से बेहतर है, रोगों की रोकथाम

जून और जुलाई के महीने में जैसे ही बरसात की शुरुआत होती है, रोगकारी जीवाणु और विषाणुओं को पर्याप्त मात्रा में आर्द्रता एवं तापमान मिलने से वे सक्रिय हो जाते हैं और कई भयानक बीमारियों जैसे कि लंगड़ा बुखार तथा गलघोटू बीमारियों को जन्म देते हैं। जैसा कि हम जानते हैं कि उपचार से बेहतर है रोगों की रोकथाम। बरसात के इन दिनों में जानवरों को रोगों से सुरक्षा प्रदान करने के मूल रुप से दो तरीके हैं। पहला है पर्याप्त पोषण के अभाव में टीकाकरण के बावजूद भी जानवर पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व जैसे कि प्रोटीन, खनिज एवं विटामिन्स आवश्यक होते हैं जो कि जानवरों को संतुलित आहार से प्राप्त होते हैं तथा पर्याप्त रुप से रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करते हैं।



दूसरा है टीकाकरण जिसमें हम जानवर को टीका लगाते है, टीका एक जैविक कारक होता है। यह किसी एक विशिष्ठ रोगकारी कारण का ही निष्क्रिय रुप होता है यह टीका जानवरों में रोग तो उत्पन्न नहीं कर पाता परंतु बीमारी के खिलाफ पर्याप्त रुप से रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करता है। इसलिए हम किसी सरकारी पशु चिकित्सालय अथवा प्राइवेट पशु चिकित्सालय से जानवर का टीकाकरण करवा सकते हैं। प्राय: यह देखा गया है कि गाय व भैंस बरसात के दिनों में ब्याना शुरू करते हैं, इन्ही दिनों पशुओं की विशेष देखभाल आवश्यक है परंतु इसके विपरीत पशुपालक भाई इन्हीं माहों में (गर्भावस्था के अंतिम काल) चूंकि पशु दूध देना बंद कर देता है या दूध निकालना बंद कर देते हैं और इन गर्भस्थ पशुओं को केवल भूसा या सूखा चारा ही प्रदान किया जाता है। जबकि गर्भस्थ पशु को गर्भावस्था के अंतिम काल में ही सबसे अधिक पौष्टिक तत्वों की आवश्यकता होती है, क्योंकि इसी अवस्था में गर्भस्थ बछड़े की 75 प्रतिशत वृद्धि होती है इसी काल में गर्भस्थ पशु आवश्यक तत्वों का संग्रह भी करता है जिनका उपयोग पशु दूध श्रवण काल में करता है। चूंकि गर्भस्थ बछड़े अपना पोषण अपनी मां से ही प्राप्त करते हैं जिसमें गर्भस्थ पशु में



पोषक तत्वों की कमी हो जाती है जो अन्य कई समस्याओं को जन्म देती है जैसे कि–

– जर रुकना
– रक्त युक्त पेशाब
– दुग्ध ज्वार
– किटोसिस

## जर रुकना

बच्चा जन्म लेने के बाद कभी–कभी मादा जर नहीं गिराती जिसका मुख्य कारण आहार में कैल्सियम, फास्फोरस, विटामिन–सी व सेलेनियम इत्यादि की कमी है।

## रक्त युक्त पेशाब

सामान्यत: अधिक दूध देने वाले शंकर गायों में ब्याने के उपरांत तथा भैसों में गर्भावस्था के अंतिम काल में देखा गया है। इसका मुख्य कारण आहार में फास्फोरस की कमी है। जिससे रक्त में उपस्थित लाल रक्त कणिकाएं टूटने लगती हैं और हिमोग्लोबिन मूत्र के साथ विर्सजित होने लगती है। जिससे मूत्र भूरा काफी के रंग जैसा हो जाता है। इस अवस्था से बचने के लिए हमें गर्भस्थ पशु को पर्याप्त मात्रा में लगभग दो–तीन किलो दाना देना चाहिए।

## दुग्ध ज्वर

यह समस्या मुख्यत: अधिक दूध देने वाली संकर गायों में ब्याने के बाद प्रथम 3–4 दिनों में होता है क्योंकि दूध में कैल्सियम की अधिक मात्रा उत्सर्जित होती है जिससे रक्त में कैल्सियम की कमी हो जाती है। पशु के शरीर का तापमान सामान्य से कम हो जाता है पशु बेहोश भी हो सकता है कैल्सियम की कमी से पशु जमीन पर बैठ जाता है और सिर को छाती पर टिका देता है। जिससे यह प्रतीत होता है कि पशु सो रहा है। तथा सही समय पर उचित उपचार नहीं मिलने से पशु मर भी सकता है।

## गर्भपात (मृत नवजात का जन्म)

यह समस्या मुख्यत: आहार में प्रोटीन विटामिन–ए, विटामिन–सी, कॉपर व सैलेनियम की कमी से होता है जो भ्रूण के पूर्ण विकास के लिए आवश्यक हैं।

## गर्भाशय का बाहर निकलना

यह समस्या गाय/भैसों में ब्याने के तुरंत बाद या गर्भावस्था के अंतिम काल में पायी जाती है। इसका मुख्य कारण आहार में कैल्सियम तथा फास्फोरस की कमी है।



## गलघोटू

यह वर्षाकाल में होने वाला एक भयानक फैलने वाला तथा घातक संक्रामक रोग है। इसमें तेज ज्वर, मुंह तथा गले पर शोथवाली सूजन होती है, आमाशय व आंत में पीड़ा होती है। मुंह से लार व नाक से गाढ़ा स्राव निकलता है।

## लंगड़ा बुखार

यह भी वर्षाकाल में होने वाली एक जीवाणु जनित छूतदार बीमारी है जिसमें शरीर के अगले कंधे अथवा पिछले पुट्ठों पर गैस भरी सूजन हो जाती है। बरसात के दिनों में होने वाली बीमारियों से सुरक्षा के लिए जानवरों का टीकाकरण करवायें । इन दोनों बीमारियों से सुरक्षा के लिए रक्षा ट्राईऔवेक टीके का उपयोग करना चाहिए जो किसी भी सरकारी पशु चिकित्सालय अथवा प्राइवेट पशु चिकित्सालय के द्वारा किया जा सकता है। बछड़ों में यह टीका चार माह या इससे अधिक आयु पर लगाया जा सकता है, इसके नो महीने बाद बूस्टर डोज लगाया जाता है। और उसके बाद वार्षिक टीकाकरण किया जा सकता है वयस्क जानवरों में यह टीका मानसून आने से पहले लगवायें।

## डाउनर काऊ सिन्ड्रोम

इसका मुख्य कारण गर्भस्थ पशु के आहार में कैल्सियम, फास्फोरस व मैग्नेशियम की कमी है। इस रोग में पशु सामान्य प्रतीत होता है, परंतु पशु खड़ा होने में असमर्थ रहता है।

## किटोसिस

इस रोग में पशु के रक्त में किटोन बॉडिज बन जाती है जिसका मुख्य कारण गर्भस्थ पशु के आहार में शर्करा की कमी है। अंत में हम सभी पशु पालकों को यह सुझाव देना चाहेंगे कि गर्भवस्था के अंतिम काल में खनिज एवं विटामिन युक्त संतुलित आहार पशु को अवश्य दें इसके लिए 2–3 किलोग्राम दाना मिश्रण का उपयोग करें। ताकि पशुओं को उपरोक्त समस्याओं से बचाया जा सके।



# हवादार, ठंडा रखें भैंसों का घर





## आवास प्रबंधन

भैंसों का बाड़ा ऊंचाई पर स्थित होने के अलावा रोशनीदार हवादार, ठंडा तथा सूखा होना चाहिए. बाड़ा खुला होना चाहिए और चारों कोनों में ईट क्रॉकीट या लोहा या अन्य चीजों के खंबे होने चाहिए. उन पर लकड़ी, लोहा या अन्य मजबूत चीज का ढाँचा तथा उस पर सीमेंट ऑएबेस्टॉस या अन्य मजबूत लेकिन ज्यादा गर्म न होने वाली चीज का छत होना चाहिए. जमीन की सतह से छत की ऊंचाई 12 से 15 फीट होनी चाहिए. इससे बाड़े में स्थित गर्म हवा बाहर निकलकर ठंडी हवा अंदर आकर बाड़े का तापक्रम कम रहता है. फर्श सीमेंट कांक्रीट का पक्का होना चाहिए.

छत पर स्थित चादरें इतनी लंबी हो ताकि दीवारों की सतह से उनके बाहरी सिरे ढाई से तीन फीट बाहर निकले. इससे दीवारें ज्यादा गर्म नहीं होती. बाड़े के चारों ओर दिन में गर्मी के समय टाट,बोरी, बारदाने के मोटे पर्दे लगवाकर उन्हें पानी छिटककर गीला रखें. इससे बाहर की हवा छनकर ठंडी होकर बाड़े के भीतर प्रवेश करेगी तथा भीतरी तापमान में कमी आयेगी. छत के ऊपर सफेद रंग लगवाये या ऊपर घांस–फूस डलवायें या उस पर हरी–भरी बेलें चढ़वायें. इससे छत ठंडी रहेगी और बाड़े का तापमान भी कम रहेगा. बाड़े के तीन बगलों पर हरे–भरे घांस की क्यारियाँ जैसे बरसीम, लूसर्न, चौलाई आदि लगायें. इससे चारा प्राप्त होगा तथा आसपास का वातावरण (सूक्ष्म वातावरण) ठंडा रहेगा. इन क्यारियों पर पानी की फुहारें डलवायें तो और भी ठंडक मिलेगी. बाड़े के चारों ओर हरे–भरे, फैली हुई डालियों वाले घने छायादार वृक्ष जैसे बरगद, बादाम, आम, नीम आदि लगायें. भैंसों को ऐसे छायादार वृक्षों की ठंडी छांव में बैठना बहुत पसंद होता हैं तथा वह उनके स्वास्थ्य और अच्छी उत्पादन क्षमता के लिए काफी फायदेमंद होता है. भैंस फार्म की बाड़ के पास भी घनी झाड़ियां जैसे बांस, सुबबूल आदि लगवायें.

## आहार प्रबंधन

भैंसों के आहार में 60 प्रतिशत हरा चारा तथा 40 प्रतिशत सूखा चारा शामिल होना चाहिए. इन दोनों में फलीधारी चारा जैसे बरसीम, लूसर्न, चौलाई शामिल कर सकते हैं तथा मक्का, ज्वार या बाजरे का चारा भी शामिल कर सकते हैं. सूखा चारा दिन में न खिलायें बल्कि उसे शाम की रात को तथा सबेरे खिलायें. दिन में गर्मी के समय हरा चारा खिलायें. इससे भैंसों को ठंडक मिलेगी. उन्हें 3 से 4 छोटे चम्मच विटामिन मिश्रण कुट्टी में मिलाकर खिलायें. कुट्टी में 30 ग्राम सादा नमक डालें. इसके अलावा या तो कुट्टी में 30 ग्राम खनिज मिश्रण चूर्ण डालें या खनिज–ईट बाड़े में नांद के ऊपर टांग कर रखें जिसे चाटने से भैंस की खनिजों की प्राप्ति होगी.

# भंडरिय प्रखंड के मदगादी ग्राम में दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन को लेकर बवाल,पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले छोड़े, पत्थरबाजी में अधिकारी चोटिल

**गढ़वा** जिला के भंडरिया प्रखंड के मदगड़ी गांव में दुर्गा पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन को लेकर माहौल तनावपूर्ण हो गया है पुलिस प्रशासन की ओर से विवादित रास्ते पर लगाये गये बैरिकेटिंग को तोड़ने के प्रयास के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया।





लाठीचार्ज की घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी वहीं आक्रोशित लोगों ने पत्थरबाजी करते हुए पुलिस को एक किमी तक खदेड़ दिया इस पूरे घटना में एएसपी राहुल देव बड़ाइक गंभीर रूप से चोटिल हो गये उनके सिर में गंभीर रूप से चोट लगी है माहौल तनावपूर्ण होता देख पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े एवम हवाई फायरिंग की तथा भीड़ में सामने से कई महिलाएं चोटिल हुई है इस पूरे घटना में आक्रोशित लोगों ने पुलिस वैन व थाना प्रभारी के एक बोलेरो वाहन को क्षतिग्रस्त कर खेत में पलट दिया इस घटना के बाद पुलिस द्वारा दूसरे थाने से अतिरिक्त पुलिस बल मंगाया जा रहा है।

वहीं पूरे घटना पर रंका एसडीओ रुद्र प्रताप, एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह, रमकंडा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह नजर बनाए हुए हैं वहीं अतिरिक्त बल मंगाया जा रहा है।आपको बता दें पूरा मामला यह है कि पूजा समिति के लाइसेंस में जिस सड़क मार्ग से विसर्जन किये जाने का उल्लेख है उस रास्ते पर एक विशेष समुदाय की ओर से आपत्ति दर्ज की गई है जिसके बाद पुलिस ने इस विवादित सड़क पर प्रवेश निषेध लगाया था लेकिन समिति के लोग लाइसेंस में वर्णित मार्ग से ही विसर्जन किये जाने को लेकर अड़े हुए है।

# गिरिडीह शहरी क्षेत्र के करीब एक दर्जन प्रतिमा का विसर्जन अलग अलग तलाबो में किया गया

गिरिडीह

## शारदीय नवरात्र के अनुष्ठान का समापन धूमधाम से हुआ



गिरिडीह जिला के शहरी क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा मंडपों में माता दुर्गा व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा को जलाशयों में विसर्जन के साथ मां दुर्गे के नो दिनों तक चलने वाले शारदीय नवरात्र के अनुष्ठान का समापन धूमधाम से हुआ। भक्तो ने मां की विदाई का दुख था, और भक्तो के आंखों से आसू भी निकल रहे। वही दूसरी तरफ भक्त भावविभोर हो कर मां की विदाई में लीन दिखें। इस दौरान गिरिडीह के शहरी क्षेत्र के करीब एक दर्जन प्रतिमा का विसर्जन शहर के अलग अलग तलाबो में किया गया। परंपरा के अनुशार शहर के बरगंडा सार्वजनिक काली मंडा की प्रतिमा को हजारों भक्तो की भीड़ आस्था के साथ कंधे पर लिए निकले और शहर भ्रमण किया। इस दौरान माता की प्रतिमा को कांधा देने के लिए भी भक्तो की भीड़ उत्सुक दिखे। और माता के जयकारे लगाते हुए शहर भ्रमण करते हुए सुंदर तालाब में विसर्जन किया। गांधी चौक स्थित बड़की और छोटकी दुर्गा मैया के नाम से मशहूर श्री श्री आदि दुर्गा मंडप और छोटकी दुर्गा मंडप की प्रतिमा का विसर्जन भी हजारों भक्तो ने कांधे पर किया। इस दौरान हजारों भक्तो की भीड़ माता के विसर्जन शोभा यात्रा को देखने के लिए उमड़े थे।

इसे पहले कई दुर्गा मंडप में सुहागिनों ने सिंदूर खेला के रस्म को पूरा करती दिखी। एक दूसरे के चेहरे पर सिंदूर लगाकार माता से सुहाग के लंबी आयु की कामना किया। श्री श्री आदि दुर्गा मंडप और छोटकी दुर्गा से कांधे पर लिए भक्तो की भीड़ इस दौरान शहर के कई हिस्सों से गुजरे, तो दर्शन के लिए लाखो की भीड़ शहर के अलग अलग हिस्सों में खड़े थे।मानसरोवर विसर्जन तलाब समिति द्वारा नाव पर दोनो प्रतिमा के साथ करीब 10 प्रतिमा का विसर्जन विधि विधान के साथ किया गया। इस दौरान नाव पर विसर्जन के विधान देखने के लिए ही लाखो की भीड़ देर रात तालाब के चारो तरफ जुटे थे।इस दौरान सदर विधायक सुदीव्य कुमार सोनू के साथ एसडीएम श्रीकांत वाई विशपतू, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, डीएसपी नीरज सिंह, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद और मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो अर्ध सैनिक बलों के साथ जिला पुलिस बल के जवान के साथ चप्पे चप्पे पर तैनात थे।

## गया-मुंबई एक्सप्रेस पर माले विधायक ने उठाया सवाल, गुजरती ट्रेनों के भरोसे कब तक झारखंडी रहेगें

**गिरिडीह** गया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ट्रेन का उद्घाटन जल्द किया जाना है। ट्रेन गया से खुलेगी जो कोडरमा, हजारीबाग, बरकाकाना, मेसरा, रांची, हटिया होते हुए मुंबई पहुंचेंगी। केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने ट्रेन के खुलने से खुशी व्यक्त की है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड खासकर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लोगों के लिए यह बड़ी सौगात है। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ झारखंड के लोगों की यह मांग थी कि मुंबई के लिए कई ट्रेन खुले। जिसे रेल मंत्री ने स्वीकार किया है. इस ट्रेन के प्रारंभ होने से लोगों को आवागमन का साधन बढ़ेगा.

**महाराष्ट्र में सबसे अधिक लोग जिले के वही सूरत में सबसे अधिक मजदूर जमुआ-देवरी का**

भाकपा माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा है कि मुंबई में सबसे अधिक प्रवासी झारखंड के हैं. इसके बावजूद झारखंड से मुंबई के लिए प्रत्येक दिन खुलने वाली ट्रेन एक भी नहीं है।

विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि रेलवे के लिए गिरिडीह की कोई प्राथमिकता नहीं रही है. उन्होंने कहा कि इसी तरह सूरत में सबसे अधिक मजदूर जमुआ-देवरी इलाके के हैं। यह क्षेत्र भी कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में पड़ता है. अगर नए रूट पर ट्रेन शुरू करनी है तो गिरिडीह से सूरत तक ट्रेन शुरू की जानी चाहिए थी। वही एक ट्रेन है रांची से मुंबई जो सप्ताह में सिर्फ दो दिन खुलती है. मुंबई जाने वाले सबसे ज्यादा मजदूर उत्तरी छोटानागपुर के हैं. अब जब ट्रेन दी जा रही है तो वह बिहार के गया से दी गई है।

## मुखिया ने बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन की

**गावां** गावां प्रखंड अंतर्गत खरसान पंचायत के मुखिया राजिया खातून के द्वारा बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन विधिवत रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। साथ ही उन्होंने ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक दिनेश शर्मा को मुखिया एवं गांव के गणमान्य लोगों ने सफल संचालन हेतु शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुखिया राजिया खातून ने कहीं की आज हमारे पंचायत में ग्राहक सेवा केंद्र खोले जाने से यहां के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी एंव सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे मईया सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन योजना आदि से लाभान्वित सभी महिला इस केंद्र में आकर अपना पैसे की निकासी कर सकते हैं, और दूरी से बच सकते हैं।वहीं ग्राहक सेवा केंद्र संचालक दिनेश शर्मा ने कहा की आज के परिवेश में बैंको का महत्व काफी बढ़ गया है, विद्यार्थी,व्यवसायी,किसान मजदूर समेत सभी वर्ग के लोगों को ग्राहक सेवा केंद्र से लाभ मिलेगा एंव ग्राहको की सेवा के लिए केंद्र हमेशा आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहेगा। मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि मकसूद आलम, उप मुखिया भोला यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य जयप्रकाश यादव, सत्यारायण ठाकुर, श्री लाल साहू ,संजय दास,मों आजीम,मों इजराइल,मों मंसुर,मनजुर आलम,मोहम्मद मुर्तजा समेत कई लोग मौजूद थे।



# चान्हो की जमीन विवाद के कारण हत्या

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के मसमनो गांव में घात लगाकर अपराधियों ने अशोक सिंह की हत्या कर दी। मसमनो निवासी अशोक सिंह की उम्र 57 वर्ष थी। घटना शुक्रवार शाम की है। मृतक के पुत्र सुशांत कुमार सिंह के द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिसमें सात लोगो को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। जिसमे छः आरोपियों को पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर रविवार को जेल भेज दिया है। घटना के बाद गुस्साये लोगों ने रात लगभग साढ़े दस बजे रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ को थाने के ठीक सामने जाम भी कर दिया था। लेकिन प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही के आश्वासन के बाद रात में ही जाम हटा लिया गया था। शनिवार की दोपहर रिम्स से पोस्टमार्टम से आने के बाद उनका उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताया जाता है कि अशोक सिंह के पूर्वज द्वारा कुछ डिसमिल जमीन अभियुक्त के पूर्वजों को दिया गया था। पिछले कुछ वर्षों से अभियुक्त उक्त जमीन से ज्यादा जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करता रहता था जिसका अशोक सिंह हमेशा विरोध किया करते थे। अशोक सिंह का कहना था कि जितनी जमीन तुम्हें दी गई है तुम उतनी ही जमीन पर काबिज रहो। इस मामले को लेकर कहा सुनी होती रहती थी। एक सप्ताह पूर्व उसके द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य का विरोध भी अशोक सिंह ने किया था और मामले को लेकर वे थाने भी गए थे। उसी समय आरोपी ने अशोक सिंह को जान से मारने की धमकी दी थी। यह जमीन अशोक सिंह के घर से कुछ ही दुरी पर है।

परिजनों ने बताया : अन्य दिनों की तरह शुक्रवार की शाम को अशोक सिंह चान्हो चौक से अपने घर लौटने के बाद अपनी पत्नी से चाय बनाने को कहा और और खुद घर के बगल स्थित बारी में बांधी गई अपनी गाय को खोलकर लाने चले गए। काफी देर तक भी जब वे वापस नहीं लौटे तो उनकी पत्नी और पुत्री उन्हें ढूंढने गई। इसी दौरान उन लोगो ने देखा कि वे जमीन पर खून से लथपथ पड़े हैं। तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चान्हो ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद नामजद अभियुक्तों ने लोगों को बरगलाने की भी कोशिश की। उसने कहा कि वह अशोक सिंह से थोड़ी दूर पर ही था और कुछ लोग अंधेरे में आए और धारदार हथियार से अशोक सिंह पर हमला किया, साथ ही उसे भी निशाना बनाने की कोशिश की पर वह उनके चंगुल से बच गया। बार-बार बयान बदलने के कारण पुलिस को उसे पर संदेह हुआ जब उससे कड़ाई से पूछताछ की गई।

मामले को लेकर शनिवार की दोपहर समाज की एक बैठक बुद्धिजीवियों के साथ हुई जिसमें प्रशासन से मांग रखी गई की हत्याकांड में शामिल अन्य अपराधियों के तत्काल गिरफ्तारी की जाए। साथ ही लोगों ने कहा कि घटना के विरोध में रविवार को क्षेत्र में दुकानों को बंद करा दिया जायेगा। साथ ही अंचल अधिकारी को एक मांग पत्र भी सौंपा गया जिसमें मुख्य आरोपी के जमीन की मापी कराकर उसके द्वारा किए गए अतिरिक्त निर्माण कार्य को तत्काल हटाने की बात कही गई।

थाना प्रभारी ने कहा मृतक के पुत्र के द्वारा दिए हुए आवेदन में से छः आरोपियों को जेल भेज दिया गया है अन्य एक फरार है।

# प्रखण्ड में असत्य पर सत्य की विजय का प्रतिक दुगार्पूजा शांति व सौहार्द के साथ सम्पन्न

उज्जवल दुनिया संवाददाता

## प्रशासन की मुस्तैदी व समाजसेवियों का मिला भरपूर सहयोग

## सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, एसडीओ, एसडीपीओ सहित कई जनप्रतिनिधि पहुंचे पूजा पंडाल

चौपारण। प्रखंड में असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दुगार्पूजा के सभी 9 स्थानों पर सम्पन्न। इस दौरान मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालुओं ने दस दिनों तक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भक्तिभाव व आस्था से मां की आराधना किया गया। पूजा पंडाल और सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थलों पर प्रशासन की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था रहने से शांति-सौहार्द पूर्वक पूजा संपन्न हो गया। प्रखंड के हथिन्दर, दैहर, चौपारण, मानगढ़, बहेरा, पांड़ेयबारा, सिंघरावां, रामपुर और बसरिया में माँ दुर्गा के भक्तो ने मां की प्रतिमा स्थापित कर भक्ति-भाव से आराधना किया। दुर्गा पूजा संपन्न करवाने में सांसद मनीष जयसवाल, विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिप सदस्य रवि शंकर यादव, राकेश रंजन, आरती कौशल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील साहू, एसडीओ जोहन टुड्डू, एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, सर्किल इंस्पेक्टर विमल लकड़ा, बीडीओ सीमा कुमारी, थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने पूजा पंडालो का निरीक्षण तथा शांति,




सुरक्षा व्यवस्था की सामाजिक व प्रशासनिक सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किया। इस वर्ष विभिन्न पूजा समितियो के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। जिसमे चौपारण पूजा समिति के अध्यक्ष अभिमन्यु प्रसाद भगत, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता एवं पंडाल समिति अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सुधीर केशरी, उपसचिव पूर्व पंसस अनिल वर्णवाल, रामपुर दुर्गा पूजा समिति के छोटेलाल चंद्रवंशी, रणवीर चौधरी, महेश प्रसाद, केदार रवानी, सुनील प्रसाद, केदार प्रसाद, सुबोध कुमार, नरेश राणा, रामधारी राणा, बलभद्र राम, सिंघरावां सार्वजनिक दुर्गा पूजा में बदरी साव, बिरेंद्र कुमार राणा, दिलीप सिंह, अनिल सिंह उर्फ बाबू साहब, गोपाल विश्वकर्मा, सुभाष राणा, लालेश साहू, दीपक गुप्ता, अजय सिंह, मुन्ना रविदास, नरेश साव सहित सिंघरावां-टिटही के भक्त, सार्वजनिक दुर्गा पूजा दैहर में अर्जुन सिंह, सुरेश दांगी, कैलाश पांडेय, करुणाकर पांडेय, पाण्डेयबारा में निजी खर्च से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर निरंतर पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। सार्वजनिक दुर्गा पूजा बसरिया में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना किया गया। बहेरा में अविनाश कुमार मिश्रा के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा प्रारंभ किया गया। इनके सहयोग श्रोतम पांडेय एवं सत्येंद्र मिश्रा सहित ग्रामीण ने किया।

मानगढ़ बगीचा में दुर्गा पूजा संस्थापक कमिटी अध्यक्ष शंभु दांगी, सचिव बिरजू राणा, कोषाध्यक्ष प्रदीप चंद्रवंशी, संरक्षक बिशुनधारी कुशवाहा, दुर्गा पूजा संचालन समिति अध्यक्ष धर्मदेव राणा, गौरी दांगी, अरविंद राणा, आचार्य मुकेश पांडेय, उपाचार्य में जय पांडेय, किशोरी पांडेय, जितेंद्र पांडेय सहित गांव के महिला-पुरुषों के भरपूर सहयोग से संपन्न हुआ।

**नए एसडीपीओ व थाना प्रभारी ने सूझ-बूझ से बनाया शांतिपूर्ण माहौल**

जिले का सबसे बड़ा प्रखण्ड उस पर देश की व्यस्ततम राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवस्थित चौपारण की भौगोलिक स्थित भी भिन्न है। वर्तमान समय मे राजनैतिक दृष्टिकोण से भी सबसे चर्चित चौपारण में नए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार विमल व थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश के लिए दुगार्पूजा जैसे बड़े त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से निर्विवाद रूप से सम्पन्न करवाना किसी चुनौती से कम नही था। जिसे दोनों ही पदाधिकारियो ने बहुत ही सहज तरीके से सम्पन्न कर दिखा दिया।

## समाजसेवी बिनोद कुमार वर्णवाल के निधन पर झारखंड वर्णवाल वैश्य महासभा महिला समिति की अध्यक्ष योगाचार्य सुषमा सुमन ने जताया शोक

**झुमरीतिलैया** :- चीरा-चास बोकारो निवासी बिनोद कुमार वर्णवाल के निधन पर झारखंड वर्णवाल वैश्य महासभा महिला समिति की अध्यक्ष योगाचार्य सुषमा सुमन ने शोक व्यक्त किया है उन्होंने कहा कि बिनोद कुमार वर्णवाल,वर्णवाल विकास समिति, चास - बोकारो के संस्थापक एवं सलाहकार थे। पुर्व में संरक्षक एवं 35 वर्षों तक लगातार जनसंपर्क अधिकारी रहे। वे विभिन्न सामाजिक संस्थानों में सक्रिय सलाहकार व न्यासी सदस्य भी रहे है। उन्होंने अपने जीवन काल में सैकड़ो वैवाहिक संबंध जोड़ने मे मदद की, विभिन्न सामाजिक कार्यों में उनका योगदान अतुलनीय था। वे बोकारो स्टील प्लांट सेल से सेवानिवृत्त हुए थे। इनकी धर्मपत्नी चिंता बरनवाल एवं इनके बड़े पुत्र विकास कुमार बरनवाल सचिव, बरनवाल सेवा ट्रस्ट राँची और छोटे पुत्र डॉ विशाल कुमार बरनवाल प्रदेश अध्यक्ष - महाराष्ट्र बरनवाल वैश्य महासभा, राष्ट्रीय सचिव - सनातन रक्षा दल, भी विभिन्न सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दे रहे है।

## पुत्र ने अपने ही माँ को लाठी से पिट पिट कर हत्या

**चान्हो ।** कोख से जन्मा पुत्र ही मां के लिए जल्लाद बन गया। चान्हो के मसमानो गांव शनिवार को निवासी सागर कुजूर ने अपनी सगी माँ सुशीला कुजूर की निर्मम हत्या अपने घर पर ही कर दी। सनकी बेटे ने अपनी माँ को मौत के घाट सिर्फ इस लिए उतार दिया क्योंकि माँ ने खाना देने में देर कर दी थी। जिसके बाद बेटे ने लाठी डंडे से पिट पिट कर माँ को मौत के घाट उतार दिया। माँ का शव घर के आंगन में ही दफन कर दिया। मामले की जानकारी जैसे ही चान्हो थाना को मिली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को घर से गिरफ्तार किया। मां का शव आंगन से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस युवक को जेल भेज दिया। बताते चले कि पिछले दो दिनों में इस गांव में दो हत्या से आसपास की लोग भयभीत है।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीन विवाद में भाई बना भाई का दुश्मन, जान लेवा हमला किया

**गिरिडीह** गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र में गला काट देने की कोशिश करने का मामला प्रकाश में आने से आसपास के क्षेत्रों में हड़कप मच गया है। सोनू अंसारी पिता शोएब अख्तर 29 वर्ष निवासी कुरैशी मोहल्ला थाना नगर ने बताया कि भाई से जमीन विवाद चल रहा था। इसी को लेकर अचानक उसका भाई चांद अंसारी आया और गर्दन पर वार कर दिया। वहीं अपने आप को बचाने के चक्कर में हाथ में भी लगा और गर्दन हल्का सा कट गया। भुजली से गर्दन काटने की कोशिश की। घटना के बाद तुरंत घर वाले उसे अस्पताल ले गए। जहां इलाज के बाद थाना गए और आवेदन दिया। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बसरिया में डांडिया नृत्य का आयोजन, पूर्व विधायक हुए शामिल

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**चौपारण।** बसरिया में नवरात्रि के अवसर पर डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। महिलाओ के साथ बच्चे भी खूब झूमे। पूर्व विधायक ने पूजा पंडाल के समीप नृत्य का शुभारंभ किया। कहा नवरात्र देवी की उपासना का पर्व है। हमारे देश मे नारियों की पूजा होती है। नवरात्र में डांडिया का अपना महत्व है। डांडिया नृत्य भारतीय संस्कृति का अंग है। सप्तमी से नवमी तक बसरिया में प्रतिदिन नृत्य का आयोजन हुआ। मंच संचालन शिक्षक प्रेम कुमार ने किया। मौके पर जीप सदस्या आरती कौशल, पूर्व मुखिया नरेश पासवान, पड़रिया मुखिया पप्पू रजक, भाजपा नेता पिंटू सोनी, शिक्षक भुनेश्वर साव, रामधनी डाँगी, विजय साव सहित अन्य।

### सार्वजनिक दुर्गा मंडप समेत अन्य स्थानों के मां दुर्गा व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा जलाशयों में विसर्जित

**डुमरी** डुमरी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंडपों में शनिवार रात्रि को माता दुर्गा व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा को क्षेत्र के जलाशयों में विसर्जन कर दिया गया। हालांकि इसरी बाजार हटियाटांड़ स्थित दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन सोमवार को वहीं लक्ष्मणटुंडा में स्थित दुर्गा प्रतिमा रविवार रात्रि को किया गया इधर

मनोज पांडेय के नेतृत्व में वनांचल चौक समीप स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंडप में पूजन अनुष्ठान षष्ठी तिथि तक संपन्न कराया गया उसके बाद बंगाल पुरूलिया से आये ब्राह्मण के द्वारा पूजन विधान किया गया।मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल सचिव बिरेन्द्र कुमार सिन्हा कोषाध्यक्ष पप्पू अग्रवाल संरक्षक केएन मोदी उपसचिव प्रिया रंजन जायसवाल सदस्य अरुण जायसवाल,रामचन्द्र मंडल,शंकर ठाकुर,बुटु गोप,महेंद्र महतो,जगरनाथ ठाकुर,ललिन सिंह,लिलो ठाकुर,शेखर केवट,देबु शर्मा,गिरू शर्मा,भोला ठाकुर आदि सक्रिय रहे।सभी दुर्गा मंडपों व आसपास आकर्षक प्रकाश ,साउंड व साज सज्जा की गई थी।वहीं मंदिरों में बज रहे भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र दुर्गामय हो गया था।

### विश्वनाथ हांसदा ने वर्मा किस्कु विकलांग लड़की को एक सिलाई मशीन सहायता के रूप में देकर प्रोत्साहित किया

**एग्यारकुंड।** दुर्गा पूजा के अवसर पर डीवीसी कर्मी,रांची कालोनी मैथन निवासी रुपलाल हांसदा के पुत्र विश्वनाथ हांसदा ने वर्मा किस्कु (20) विकलांग लड़की को एक सिलाई मशीन सहायता के रूप में? देकर प्रोत्साहित किया। ये लड़की वर्मा किस्कु श्री सरकार किस्कु एवं श्रीमती लखीमुन्नी किस्कु के पुत्री केलियासोल प्रखंड क्षेत्र के ग्राम डुमरिया के रहने वाली है। दोनों ही पैर से विकलांग है। वर्मा किस्कु एक शिक्षित लड़की है, माता-पिता के गरीबी के कारण वह खुद कमाकर जिंदगी बिताना चाहती है। वर्मा किस्कु ने कई बार सरकार से सहायता के लिए कोशिश की, लेकिन सरकार के तरफ से कोई सहायता नहीं मिली। उसके मजबूरी और हौसला को देखते हुए विश्वनाथ हांसदा ने सहायता करने के लिए आगे कदम बढ़ाया। भविष्य में भी सहायता करने के लिए इस लड़की को हिम्मत बढ़ाया।

### दुर्गा पूजा त्योहार में पत्नी को नहीं मिली नई साड़ी , तो कर ली आत्महत्या

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** किसी भी महिला के लिए नई साड़ी के लिए प्रेम जग जाहिर है। लेकिन यदि कोई महिला नई साड़ी नहीं मिलने पर सुसाइड कर ले तो यह यह साड़ी प्रेम की पराकाष्ठा ही बोला जाएगा। दरअसल किशुनपुर गांव निवासी सुनील भारती दूर्गा पूजा के नवमी को अपनी पत्नी पुनम व चार बच्चों को लेकर कपड़े खरीदने बाजार गया। बाजार में अपने चार बच्चों की कपड़ा खरीदने में उसके पास उपलब्ध पैसे खत्म हो गए। वहीं उसकी पत्नी अपने लिए साड़ी खरीदने की जिद पर अड गई। सुनील अपनी पत्नी को दूसरे दिन साड़ी खरीद देने की बात कहते हुए समझा बुझा कर वापस घर लौट आया। साड़ी नहीं खरीदे जाने की बात पर महिला इतना नाराज हो गई कि वह घर में रखा कीटनाशक खा लिया। कीटनाशक खाने के बाद महिला की स्थिति बिगडने लगी। परिजन उसे आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला के ससुर केदार भारती ने बताया कि उसका बेटा सुनील अपनी पत्नी और अपने चार बच्चों को साथ लेकर कपड़े खरीदने के लिए बाजार गया हुआ था। जहां बच्चों के कपड़ों की खरीदारी के बाद सुनील के पास नकद पैसे नहीं होने के कारण बहु को अगले दिन साड़ी खरीदने की बात कह कर घर ले आया। जिससे वह नाराज थी। इसी बीच उसने विषपान कर आत्महत्या किया। घटना के बाद परिवार में मातम का माहौल है। इधर दूसरी ओर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### सुनील कुमार सिंह बनें नवनिर्मित सिकरी के थाना प्रभारी, किया पदभार ग्रहण

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव टंडवा रोड स्थित राजाबागी में एनटीपीसी एमडीओ कॉलोनी के पास पदस्थापित नवनिर्मित सिकरी थाना के सुनील कुमार सिंह को नए थाना प्रभारी के रूप मे पदस्थापित किया गया जो कि 2018 बैच के हैं। इससे पहले देवघर जिला में 5 साल इन्होंने थाना प्रभारी के रूप में काम किया है। उसके बाद हजारीबाग पुलिस केंद्र में थे। थाना प्रभारी ने बताया कि इस थाने के अंतर्गत दो पंचायत सिकरी, केरी, गरींकला पतराकला एवं हेसला गांव आएंगे। आगे उन्होंने कहा विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था धीरे-धीरे पटरी पर लाया जाएगा।

### दुगार्पूजा के अवसर पर सिंघरावा में युवाओं के द्वारा महाप्रसाद का वितरण

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**चौपारण।** सिंघरावा में युवा सक्रिय सदस्यों के द्वारा पंडाल परिसर में महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। युवा समाजसेवी दीपक गुप्ता ने विधिवत रूप से शुभारंभ कर बताया कि पिछले पाँच वर्षों से युवा साथियों के द्वारा सभी के सहयोग से महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं-

स्वामी वी.आई. एंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह, द्वारा वृंदा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, प्लांट खंख्या-342, 344 चिरौंदी-बोरया रोड, रांची-8 झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादक : मानवेद्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), : 8709022665, आरएनआई खंख्या.-JHAHIN/2014/59794

# श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों की सुविधा और सेवा के लिए योगी सरकार की पहल

## महाकुंभ मेला क्षेत्र में होगी 'नेत्र कुंभ' की स्थापना

**लखनऊ/प्रयागराज,** । योगी सरकार प्रयागराज में होने जा रहे ऐतिहासिक महाकुंभ 2025 को भव्य, दिव्य, सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए दिन रात काम कर रही है। महाकुंभ में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इसी क्रम में मेला प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों के लिए नेत्र कुंभ की स्थापना भी की जा रही है। 9 करोड़ से अधिक धनराशि से स्थापित होने वाला यह नेत्र कुंभ (नेत्र शिविर) श्रद्धालुओं को एक अस्थाई नेत्र देखभाल सुविधा प्रदान करेगा, जहां मेले के दौरान श्रद्धालुओं की दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे का वितरण जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। नेत्र कुंभ के लिए एक बड़ी केंद्रीय इकाई मुख्य मेला क्षेत्र में स्थापित की जाएगी जो प्राथमिक नेत्र देखभाल केंद्र के रूप में कार्य करेगी।

**हजारों श्रद्धालुओं को मिलेगा लाभ**

महाकुंभ 2025 में रिकॉर्ड संख्या में पूरे देश और दुनिया से श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। योगी सरकार और मेला प्रशासन इन श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए अपनी ओर से शत प्रतिशत प्रयास कर रहा है। नेत्र कुंभ की स्थापना उसी दिशा में उठाया गया कदम है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 9.15 करोड़ रुपए से अधिक का बजट प्रस्तावित किया गया है। इसके



माध्यम से महाकुंभ के दौरान स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की नेत्र देखभाल सुरक्षित की जा सकेगी। यदि किसी श्रद्धालु को मोतियाबिंद सर्जरी की आवश्यकता होगी तो उसका भी प्रबंध किया जाएगा। वहीं नेत्र चेकअप के साथ ही चश्मे का वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। हजारों श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिल सकेगा।

**नेत्र स्वास्थ्य और नियमित जांच के प्रति किया जाएगा शिक्षित**

यह नेत्र कुंभ पूरी तरह श्रद्धालुओं की पहुंच में होंगे। तीर्थयात्रियों की आसान पहुंच के लिए इसे रणनीतिक रूप से कुंभ मेला परिसर के अंदर ही स्थापित किया जाएगा। इस नेत्र कुंभ में तीर्थयात्रियों और संतों की व्यापक स्तर पर आंखों की जांच सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए शिविर में नेत्र परीक्षण के लिए आवश्यक आधुनिक उपकरणों को लगाया जाएगा। जांच के दौरान दृष्टि दोष वाले व्यक्तियों को चश्मा वितरित किया जाएगा, जबकि जिन मामलों में अधिक गंभीर समस्या पाई जाएगी वहां भागीदार अस्पतालों में मोतियाबिंद सर्जरी और अन्य आवश्यक उपचार की व्यवस्था की जाएगी।

नेत्र देखभाल सेवाओं के साथ-साथ पहल का उद्देश्य लोगों को नेत्र स्वास्थ्य और नियमित जांच के महत्व को समझाना और उन्हें शिक्षित करना है।

**डिजिटली सुरक्षित रखा जाएगा रोगियों का डाटा**

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों की जांच के माध्यम से एकत्र किए गए नेत्र स्वास्थ्य डाटा को डिजिटली सेव किया जाएगा। इससे रोगियों की स्थिति पर नजर रखने और आवश्यकता पड़ने पर इसका फॉलोअप किया जा सकेगा और आवश्यक देखभाल प्रदान करने में मदद मिलेगी। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

यहां पर्याप्त संख्या में नेत्र विशेषज्ञों को भी नियुक्त किया जाएगा और आवश्यक उपकरणों के साथ ही पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की भी उपलब्धता रहेगी।

## गाजियाबाद के डासना मंदिर की महापंचायत में जाने का प्रयास कर रहे लोगों को पुलिस ने खदेड़ा

**गाजियाबाद,**। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के डासना देवी मंदिर पर समुदाय विशेष के लोगों द्वारा किए गए पथराव के विरोध में हिंदू संगठनों की महापंचायत की अनुमति न मिलने के बावजूद मंदिर में प्रवेश करने वाले लोगों को पुलिस ने लाठियां फटकार कर खदेड़ा।

डासना देवी मंदिर परिसर में महापंचायत में रविवार सुबह से ही लोग पहुंचने शुरू हो गए थे। पुलिस ने उनको मंदिर जाने से पहले ही रोक दिया। बड़ी संख्या में लोग वापस चले गए। हालांकि कुछ लोगों ने महापंचायत में आने की जिद की तो पुलिस ने उनको हिरासत में ले लिया। अनेक लोगों को पुलिस ने लाठियां फटकारकर खदेड़ दिया।

प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों के अलावा बड़ी संख्या में उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली से भी संत पंचायत में पहुंचे थे। एक दिन पहले ही 50 से ज्यादा संतों का जत्था मंदिर में पहुंच गया था। जैसे ही संतों को पता चला कि महापंचायत में लोगों को आने से पुलिस रोक रही है तो संतों ने एलान किया कि पुलिस जहां रोके वहीं पर पंचायत शुरू कर दी जाए। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। किसी को कानून हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा।दूसरों ओर महापंचायत में जाने के लिए जब सैकड़ों लोग एकत्र हो गए तो उन्होंने बैरिकेड को ही पलट दिया।

## पांच सौ रुपए के लिए कर दी व्यक्ति की हत्या

**फरीदाबाद,** गांव चांदपुर में महज 500 रुपए के लिए एक सूदखोर ने व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या कर दी।

घटना शनिवार देर रात की है। मृतक के शव का फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया। मृतक के भाई मुस्ताक ने बताया कि वे लोग दिल्ली में रहते हैं, उनका छोटा भाई फरीदाबाद की चांदपुर कालोनी में पिछले सात आठ सालों से रह रहा था और छोटा-मोटा काम करके अपना और अपने बच्चों का पालन पोषण कर रहा था।

उन्हें कल देर रात लगभग नौ बजे इस घटना की जानकारी फोन पर मिली कि किसी ने उनके छोटे भाई सलाउद्दीन को मारपीट कर उसी के घर के आगे फेंक दिया है।

घटना की सूचना मिलने के बाद जब फरीदाबाद पहुंचे, तो मृतक सलाउद्दीन के बच्चों ने बताया कि गांव का ही रहने वाले एक पवन नाम के युवक और उसके साथ एक दूसरे युवक ने मिलकर सलाउद्दीन को महज 500 के लिए बुरी तरह पीटा है।

पवन ने सलाउद्दीन को 500 सौ रुपए उधार दिए थे और फिर उन्हीं रुपयों की सलाउद्दीन से शराब और मुर्गा मंगा कर खा पी लिया था। इसके बाद भी वह सलाउद्दीन से 500 रुपए की मांग कर रहा था।मुस्ताक ने बताया कि पवन ऐसे ही गरीब लोगों को ब्याज पर पैसे देकर उनसे चिकन मुर्गा और शराब खाता पीता है और फिर उल्टे उन्हीं पर कर्जा निकाल देता है ऐसे ही दिए 500 रुपए वह उनके भाई सलाउद्दीन से मांग रहा था, जिसके चलते उन्होंने बीते कल देर शाम पहले सलाउद्दीन को घर से बुलाया और अपने साथ ले गए।


**गोकुलकायन होम्योपैथी दवाखाना**

**होमियो शिशु एवं मातृ सेवा दवाखाना**

- फीस नहीं लगता है, नि: शुल्क परामर्श
- बांझपन का सिर्फ दवा से 100% सफल इलाज हमारे यहां
- नि:शंतान दंपति अवश्य आएं

डॉ.राम गोपाल अग्रवाल — डॉ. सुनिता अग्रवाल

सदर अस्पताल पानी टंकी के सामने स्थित गोकुलकायन भवन में स्थापित गोकुलकायन होम्योपैथी दवाखाना लगभग तीस वर्षों से नि:शुल्क सेवा देता आ रहा है, डॉ.राम गोपाल अग्रवाल एवं डॉ. सुनिता अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि चिकित्सालय में स्त्री पुरुष दोनों ही में कमी होने पर सौ प्रतिशत सिर्फ दवा से ही बांझपन का ईलाज होता है, अगर महावारी में खराबी है, गर्भाशय से संबंधित सभी प्रकार की बीमारी का इलाज किया जाता है, धात भी गिरता है,टयूब ब्लाक है,उम्र ज्यादा है, शुक्राणु कम है, मदार्ना कमजोरी है, आइवीएफ और टेस्ट ट्यूब फेल हो गया है,माथा, कान, गर्दन, कमर दर्द, पेट से संबंधित हर प्रकार का रोग, गैस, पथरी, घुटना,नसों का दर्द, थाइराइड, घेंघा, मधुमेह, घाव महिला पुरुष यौन रोग इत्यादि का सफल इलाज किया जाता है।

समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक (सोमवार बंदी)

पता-सदर हॉस्पिटल, पानी टंकी के समीप गोकुलकायन भवन
मोबाइल नं :- 6202029408

कूरियर से दवा भेजने की भी सुविधा उपलब्ध है


### संक्षिप्त खबरें

## हिंदी विभाग एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा आयोजित टंकण प्रतियोगिता में विकास मिश्र को द्वितीय स्थान



**नई दिल्ली** :दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री वेंकटेश्वर महाविद्यालय में हिंदी विभाग एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयुक्त तत्वावधान में विशेष व्याख्यान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण कर्मचारीगण एवं छात्रों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष तनेजा अध्यक्ष, संकल्प फाउंडेशन ट्रस्ट एवं अध्यक्ष गवर्निंग बॉडी, राम लाल आनंद कॉलेज,दिल्ली विश्वविद्यालय और मुख्य वक्ता के रूप में अनिल शर्मा जोशी पूर्व उपाध्यक्ष,केंद्रीय हिंदी संस्थान भारत सरकार एवं पूर्व संस्कृति एवं भाषा सचिव, हाई कमीशन फिजी एवं इंग्लैंड शामिल हुए। संयोजिका डॉ. नमिता पाण्डेय, सचिव डॉ. जितेंद्र वीर कालरा, हिंदी विभाग के प्रभारी, डॉ जय विनोद इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। महाविद्यालय में राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन समिति के संयोजन में विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता और कर्मचारियों के लिए टंकण प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता और शिक्षकों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।




PR NO. 338755 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)24-25 D
झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड